# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 26 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-130 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# जेपी आंदोलन के हर सेनानी और लोकतंत्र रक्षक को मिलेगा उचित सम्मान : सीएम

## आपातकाल घोषणा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को पटना के ज्ञान भवन में आपात काल घोषणा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए । गौरतलब है कि इस दिवस को भाजपा संविधान हत्या दिवस के रुप में मनाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री

**छूटे हुए नामों को जोड़ने के लिए होगी समिति का गठन**

सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा जेपी सेनानियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी विरासत को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी और लोकतंत्र के सशक्त प्रहरी थे। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जे०पी० सेनानियों के सम्मान और पेंशन संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। मैं उनकी सरकार में वित्त मंत्री था, उस दौरान जोपी सेनानियों की पेंशन की राशि को दोगुना किया गया। जे०पी० आंदोलन के हर सेनानी और लोकतंत्र रक्षक को उचित सम्मान मिलेगा, छूटे हुए नामों को जोड़ने के लिए समिति का गठन किया जायेगा। ऐसे जेपी सेनानी जो किसी कारणवश अब तक लाभ से वंचित रह गए हैं, उन पात्र लोगों को सम्मान और सुविधाओं से जोड़ा जायेगा। अगली बार 25 जून को कार्यक्रम का आयोजन होगा तो ऐसे बचे जे०पी० सेनानियों को सम्मानित करेंगे।



### भरत तिवारी एनकाउंटर पर बोले-न्याय होगा, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

मुख्यमंत्री ने भोजपुर में हुई हालिया घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने तत्काल उच्च स्तरीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ितों को न्याय मिलेगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस मामले पर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि भोजपुर की घटना को सरकार ने गंभीरता से लिया है और न्याय सुनिश्चित करने के लिए तत्काल न्यायिक आयोग के गठन का फैसला किया गया है। उन्होंने साफ कहा कि यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई तय है।

### आपातकाल के दौरान लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था : नड्डा

**पटना।** राजधानी के ज्ञान भवन में भाजपा द्वारा आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राधामोहन सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि संविधान हत्या दिवस के अवसर पर पटना आना उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि देशभर में यह दिवस मनाया जा रहा है, लेकिन पटना का इससे खास ऐतिहासिक संबंध है क्योंकि जेपी आंदोलन का बीज बिहार और पटना की धरती पर ही बोया गया था। कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। नड्डा ने कहा कि उस दौर में बड़े पैमाने पर जबरन नसबंदी अभियान चलाया गया और लाखों लोगों को इसके लिए मजबूर किया गया।

आज के कार्यक्रम में जेपी सेनानियों ने अपने अनुभव साझा किये हैं, जो हम सबके लिये प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ जे०पी० सेनानियों और लोकतंत्र रक्षकों के साथ खड़ी है। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता का इतिहास गौरवशाली रहा है, लेकिन लगभग 60 वर्ष पूर्व देश ने लोकतंत्र पर हुए सबसे बड़े आघात को भी देखा था। उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जब संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का प्रयास किया गया। इसी स्मृति को जीवित रखने के लिए आज देशभर में संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। लोकतंत्र में सरकार जनता के द्वारा चुनी जाती है। सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिये। जनता से जुड़ी समस्याओं का सीधा समाधान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना, गरीबों को न्याय, महिला सम्मान, किसानों की सुरक्षा और समन्धि तथा यवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार की बेहतर व्यवस्था सनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाने का नारा दिया लेकिन गरीबों को ही हटा दिया।

---

विमेंस टी20 वर्ल्ड कप

## शेफाली वर्मा का तूफानी अर्धशतक



**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल की उम्मीदों को कायम रखा। गुरुवार को मैनचेस्टर में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में भारत ने बदौलत 16.5 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत के लिए शेफाली वर्मा ने 34 गेंदों में 53 रन की पारी खेली। जेमिमा रोड्रिग्स ने 26 और यास्तिका भाटिया ने 23 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर 13 रन बनाकर नाबाद रहीं।

**भारत ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया**

**शेफाली ने 34 गेंदों में 53 रन की पारी खेली**

## संक्षिप्त खबरें

### नदी में डूबने से मां-बेटे की मौत, गांव में पसरा मातम

**किशनगंज।** सदर प्रखंड के मोतिहारा तालुका पंचायत अंतर्गत पानीसाल गांव में गुरुवार को नदी में डूबने से मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों की पहचान पानीसाल गांव निवासी 29 वर्षीय मीना देवी और उनके 10 वर्षीय पुत्र विश्वजीत राय के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मीना देवी गुरुवार को नदी किनारे कपड़े धो रही थीं। इसी दौरान उनका पुत्र विश्वजीत राय भी वहां पहुंच गया और नदी के किनारे पानी में खड़ा हो गया।

### पीएम कल तीन दिन की यात्रा पर जायेंगे सेशल्स

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिन्द महासागर के खूबसूरत द्वीपीय देश सेशेल्स की स्वतंत्रता के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने के लिए शनिवार को तीन दिन की यात्रा पर सेशेल्स जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि प्रधानमंत्री 27-29 जून को सेशेल्स की राजकीय यात्रा करेंगे। वह रविवार को विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ने पिछली बार 2015 में सेशेल्स का दौरा किया था। इस समारोह में भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी और भारतीय नौसेना के दो जहाज हिस्सा लेंगे।

### मामूली विवाद में नाबालिग की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 17 वर्षीय नाबालिग की चाकू मारकर हत्या करने के मामले को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल दो नाबालिग को पकड़ लिया है, जबकि उनके एक अन्य साथी की तलाश जारी है। आरोपितों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, 24 जून की रात करीब नौ बजे गौतमपुरी की गली नंबर-4 में एक युवक को चाकू मारने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल को उसका चचेरा भाई जेपीसी अस्पताल लेकर गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गौतमपुरी निवासी 17 वर्षीय लकी कुमार के रूप में हुई।

---

## 1 जुलाई से पासपोर्ट बनवाना होगा महंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में पासपोर्ट बनवाना 1 जुलाई से महंगा हो जाएगा। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट नियमों में बदलाव करते हुए अलग-अलग कैटेगरीज की फीस बढ़ाई है। मंत्रालय ने पासपोर्ट रूल्स, 1980 में संशोधन के बाद नई दरों को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। ये बढ़ोतरी 14 साल बाद की गई है। इससे पहले 2012 में फीस में बदलाव हुआ था। सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार, अब आवेदकों को नॉर्मल कैटेगरी में पासपोर्ट बनवाने के लिए 1,000 रुपए ज्यादा देने होंगे। 36 पन्नों के नॉर्मल कैटेगरी पासपोर्ट की फीस 1,500 से बढ़कर 2,500 रुपए हो गई है। तत्काल सेवा या कैटेगरी की फीस जो पहले 3,500 रुपए थी, अब 5,000 रुपए कर दी गई है।

## 9 एकड़ जमीन धोखाधड़ी के मामले में भू-माफिया गिरफ्तार

**नवादा (एनएसबी)।** जिले में रजौली थाना क्षेत्र में 9 एकड़ जमीन की बिक्री के नाम पर कथित धोखाधड़ी, मारपीट, दबाव बनाकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने और बाद में झूठा मुकदमा दर्ज कराने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को मुख्य आरोपी पंकज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामला महाराष्ट्र के नागपुर निवासी सुनील काले की पैतृक जमीन से जुड़ा है। सुनील काले अपनी बेटी की उच्च शिक्षा के लिए रजौली स्थित करीब 9 एकड़ जमीन बेचना चाहते थे। नागपुर में पूजा-पाठ कराने वाले रजौली निवासी संतोष पाण्डेय के माध्यम से उनकी बातचीत पंकज सिंह से कराई गई।

---

# वेनेजुएला में भूकंप, 10 हजार से अधिक लोगों की मौत

**कराकस/ नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में विनाशकारी भूकंप आया है। एक मिनट के अंतराल में आए 7.1 और 7.5 तीव्रता के भूकंप ने भीषण तबाही मचाई है। कई इमारतों और मकानों के ढहने की खबर है। जिसमें 10 हजार से अधिक लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। राहत और बचाव का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। दरअसल, बुधवार को वेनेजुएला की राजधानी के पश्चिम में भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए। इससे काराकस में इमारतें गिर गईं, लोग मलबे में दब गए। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस दक्षिण अमेरिकी देश में भारी जान-माल का नुकसान हो सकता है। यू.एस. जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) के अनुसार, काराकस से लगभग 160 किलोमीटर (100 मील) पश्चिम में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया और एक मिनट से भी कम समय बाद 7.5 तीव्रता का दूसरा झटका महसूस किया गया। शुरूआती अनुमान के मुताबिक, मरने वालों की संख्या 10,000 से 1,00,000 के बीच हो सकती है।

**60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा, 971 घायल, भारत ने एनडीआरएफ को किया अलर्ट**



# PMCH के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र प्रताप हटाया गए

## निरीक्षण के दौरान मिले थे गायब, डॉ. गीता सिन्हा बनीं नयी प्रिंसिपल

**पटना (एनएसबी)।** पीएमसीएच के प्रभारी प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से उनके पद के अतिरिक्त प्रभार से हटा दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद निशांत कुमार ने पहली बड़ी कार्रवाई की है। डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह की जगह डॉ. गीता सिन्हा को पीएमसीएच का नया प्रिंसिपल बनाया गया है। दरअसल, 23 जून को स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार निरीक्षण के लिए पीएमसीएच पहुंचे थे। इस दौरान अस्पताल की ड्यूटी के समय डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह अनुपस्थित पाए गए। मंत्री ने बैठक के लिए उन्हें फोन भी किया, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। बताया गया कि वे बिना छुट्टी लिए ड्यूटी से गैरहाजिर थे। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की जांच में यह भी सामने आया कि ड्यूटी के दौरान डॉ. सिंह अपने निजी क्लीनिक में मौजूद थे। जांच के दौरान उनके क्लीनिक के बाहर विभाग की सरकारी गाड़ी भी खड़ी मिली। इसे सरकारी संसाधनों के निजी उपयोग के रूप में देखा गया है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की।



### विभागीय कार्रवाई से नाराज डॉक्टर ने पद से दिया इस्तीफा

पीएमसीएच के पूर्व प्रभारी प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह ने इस फैसले पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के पीएमसीएच निरीक्षण से पहले वे एक दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिसके कारण अस्पताल में उपस्थित नहीं हो सके। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। डॉ. सिंह का कहना है कि विभाग ने उनसे किसी प्रकार का स्पष्टीकरण नहीं मांगा। बिना उनका पक्ष जाने सीधे कार्रवाई कर दी।

---

# सरकार ने एलपीजी आपूर्ति पर लागू सभी प्रतिबंध हटाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** औद्योगिक एवं वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत देते हुए सरकार ने गैर-घरेलू पैक्ड एलपीजी की आपूर्ति पर लगे सभी क्षेत्रीय प्रतिबंध हटा दिए हैं और आपूर्ति को पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया है। इसके अलावा संकट की शुरूआत में निलंबित की गई थोक एलपीजी आपूर्ति को खपत स्तर के 50 प्रतिशत तक बहाल किया गया । इससे वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

पश्चिम एशिया संकट के दौरान, घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी किए थे। इसमें सी3-सी4 स्ट्रीम को पेट्रोकेमिकल और अन्य उपयोगों से हटाकर केवल एलपीजी उत्पादन के लिए उपयोग करने की आवश्यकता थी। स्वदेशी एलपीजी उत्पादन में सुधार और आयातित एलपीजी कार्गो की अनुमानित उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एलपीजी पूल में सी3/सी4 स्ट्रीम के डायवर्जन को कम करने का भी निर्णय लिया है। गैर-एलपीजी उपयोगों के लिए सी3-सी4 धाराओं का बढ़ा हुआ आवंटन इस बात को सुनिश्चित करते हुए लागू किया जाएगा कि घरेलू एलपीजी की उपलब्धता अप्रभावित रहे और कुल स्वदेशी एलपीजी उत्पादन प्रतिदिन 40 टन मीट्रिक टन से कम न हो। मंत्रालय के अधीन उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र को पेट्रोकेमिकल और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए इस बढ़ी हुई सी3/सी4 धाराओं का संगठनवार आवंटन जारी करने और मंत्रालय को नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पेट्रोलियम एवं प्रकृतिक गैस मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को कुशल योजना और आपूर्ति प्रबंधन को सुविधाजनक बनाने के लिए वाणिज्यिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं पर व्यापक डेटा बनाए रखने का निर्देश दिया है। निगरानी और परिचालन समन्वय को मजबूत करने के लिए ओएमसी में एक एकीकृत क्षेत्रीय डेटाबेस भी बनाए रखा जाएगा। मंत्रालय का कहना है कि सरकार पीएनजी कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।



## बिहार में 14 आईएएस अफसरों की नई पदस्थापना

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार ने 14 अधिकारियों की प्रोन्नति को मंजूरी के बाद उन्हें पोस्टिंग दे दी है। ये सभी अधिकारी हाल ही में बिहार प्रशासनिक सेवा से पदोन्नति पाकर भारतीय प्रशासनिक सेवा का हिस्सा बने हैं। सरकार ने इन सभी नवनियुक्त आईएएस अफसरों को संयुक्त सचिव या उसके समकक्ष अहम पदों की जिम्मेदारी सौंपी है। आईएएस अधिकारी मृणायक दास को स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव की कुर्सी सौंपी गई है। वहीं शिक्षा विभाग में मनोरंजन कुमार को निदेशक प्रशासन के पद पर बैठाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग में विकास कुमार को संयुक्त सचिव बनाया है। विकास कुमार के कंधों पर बिहार युवा आयोग के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार भी डाल दिया गया है। इसके साथ ही रजनीश कुमार को भी सामान्य प्रशासन विभाग में ही संयुक्त सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। मो. इजतबा हुसैन को वित्त विभाग की संस्थागत वित्त शाखा में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। कृत्यानंद रंजन को परिवहन विभाग का संयुक्त सचिव बनाया गया है। विधु भूषण चौधरी अब सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में संयुक्त सचिव की अहम भूमिका निभाएंगे।

**इजतबा हुसैन वित्त विभाग तो वसीम अहमद पंचायती राज विभाग में बने संयुक्त सचिव**

# अब ऑन लाईन होगा शिक्षकों का स्थानांतरण

## शिक्षा विभाग ने शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 को सरकार ने दी मंजूरी

**शिक्षकों का होगा अब जिला कैडर**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के सरकारी शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर लंबे समय से इंतजार की जा रही नई नियमावली लागू कर दी गई है। शिक्षा विभाग ने बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 को मंजूरी दे दी है। नई व्यवस्था के तहत स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और आवेदन से लेकर आदेश जारी होने तक किसी तरह की मैनुअल प्रक्रिया नहीं होगी।

नई नियमावली के अनुसार शिक्षक स्थानांतरण के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। जिला स्तर पर जिलाधिकारी और प्रमंडल स्तर पर आयुक्त की अध्यक्षता में स्थापना समिति आवेदन पर निर्णय लेगी। समिति की अनुशंसा के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी डिजिटल हस्ताक्षर के साथ स्थानांतरण आदेश जारी करेंगे। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्थानांतरण शिक्षकों का अधिकार नहीं होगा, बल्कि विद्यालयों में आवश्यकता और रिक्त पदों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। कैबिनेट बैठक के बाद शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि हमारे शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी वास्तविक समस्याओं और आवश्यकताओं का सम्मान करते हुए एक निष्पक्ष और पारदर्शी ट्रांसफर सिस्टम लाया गया है। इससे पहले कैमूर जिले में एक कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों के ट्रांसफर को नया सिस्टम लाने की घोषणा की थी. मिथिलेश तिवारी ने बताया कि शिक्षकों का जिला कैडर बनेगा। जो शिक्षक जिस जिले का चयन करेंगे, वहीं के होकर रह जाएंगे। स्थानांतरण में सात श्रेणियों के शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इनमें गंभीर बीमारी से पीड़ित शिक्षक, दिव्यांग, पति-पत्नी एक ही स्थान पर पदस्थापन के इच्छुक शिक्षक, विधवा, विधिक रूप से अलग रह रही महिला, एकल अभिभावक, पारस्परिक स्थानांतरण और सामान्य स्थानांतरण के मामले शामिल हैं। महिला शिक्षकों को उनके अनुरोध पर गृह प्रखंड (पंचायत को छोड़कर) तथा पुरुष शिक्षकों को गृह जिला (प्रखंड को छोड़कर) में रिक्त पदों के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं, वहां के अधिशेष शिक्षकों का समायोजन शिक्षक की कमी वाले विद्यालयों में किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी विद्यालय में स्थानांतरण के कारण केवल एक शिक्षक न बच जाए या पढ़ाई प्रभावित न हो।



### महिला शिक्षकों को होगी गृह प्रखंड के चयन की छूट

शिक्षा मंत्री के ऐलान के बाद अब कैबिनेट बैठक में टीचर ट्रांसफर पर नई नीति को मंजूरी दे दी गई। नए नियम में महिला शिक्षक को उनकी पंचायत को छोड़कर उसी प्रखंड की निकटवर्ती पंचायत में ट्रांसफर करवाने की अनमति होगी, वहीं पुरुष शिक्षक अपने प्रखंड से अलग जिले के अंदर किसी पास के प्रखंड में पोस्टिंग ले सकेंगे। हालांकि, यह नियम स्वास्थ्य कारणों, पति - पत्नी की पोस्टिंग, दिव्यांगता और पारिवारिक परिस्थितियों के आधार पर होने वाले लागू होगा।

## खबरें : एक नजर में

### एसवीयू द्वारा टेंडर घोटाले की जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने टेंडर घोटाले की जांच कर रही विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) पर जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति करने और इस घोटाले से जुड़े आईएएस पदाधिकारियों को बचाने का आरोप लगाया है। ज्ञातव्य है कि एसवीयू द्वारा न्यायालय में सात अभियुक्तों के खिलाफ 4000 पेज का चार्जशीट दाखिल किया गया। जिसमें निलंबित आईएएस अधिकारी अभिलाषा शर्मा और योगेश सागर का नाम नहीं है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि ईडी द्वारा मनी लॉड्रिंग के सिलसिले में जून 2025 में जब विभिन्न स्थानों पर छापा मारा गया था, उसी दौरान टेंडर घोटाले का मामला सामने आया। हालांकि राजद काफी पहले से बिहार की एनडीए सरकार में हो रहे टेंडर घोटाले का मामला उठाते रहा है। ईडी के छापे के दौरान ही यह बातें साफ हो गई थी कि इस घोटाले में कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संलिप्त हैं। जून 2025 में ईडी द्वारा भेजे गए परिवाद पत्र के आधार पर हीं बिहार की विशेष निगरानी इकाई द्वारा इस टेंडर घोटाले की एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। प्रारंभिक जांच के आधार पर हीं दो आईएएस अधिकारी अभिलाषा शर्मा और योगेश सागर को निलंबित भी कर दिया गया था। पर कल जो चार्जशीट दाखिल किया गया है उसमें उन दोनों अधिकारियों का नाम नहीं है। सवाल है कि जब उन दोनों के खिलाफ कोई साक्ष्य था हीं नहीं तो फिर उन्हें निलंबित क्यों किया गया था। राजद प्रवक्ता ने कहा कि चूंकि हजारों करोड़ के इस टेंडर घोटाले से कई अति प्रभावशाली आईएएस अधिकारियों की संलिप्तता के लिंक जुड़े हुए हैं, इसलिए जांच के दायरे को काफी सीमित कर जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर दिया गया है।


चित्तरंजन गगन।

# अब बिखराव नहीं, संगठन है, राष्ट्रीय वैश्य महासभा ने 1 वर्ष में पंचायत से बूथ तक विस्तार का किया ऐलान

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राष्ट्रीय वैश्य महासभा के बैनर तले राजधानी के स्काडा बिजनेस सेंटर में गुरुवार को वैश्य समाज को एक सूत्र में बांधने के उद्देश्य से संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर वैश्य समाज के जितने भी संगठन हैं, के नेता शामिल हुए।

संवाददाता सम्मेलन को राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर कुमार महासेठ, प्रो (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, कमल नोपानी, पीके चौधरी, इंजीनियर सुंदर साहू, रमेश गांधी एवं अन्य विभिन्न संगठनों के वैश्य नेता ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस दौरान 'वैश्य समाज समन्वय समिति, बिहार' का गठन करने का ऐलान किया गया।

वक्ताओं ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्य समाज को एक सूत्र में बांधने के उद्देश्य से आज पटना में 'राष्ट्रीय वैश्य महासभा' के बैनर तले 'वैश्य समाज समन्वय समिति, बिहार' का गठन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि 56 उपजाति की सभी दीवारें गिराकर समाज की एकमात्र पहचान 'हम सभी वैश्य हैं' होगी।

वहीं राष्ट्रीय वैश्य महासभा ने 1 वर्षीय कार्ययोजना 2026-27 की घोषणा की, जिसके तहत संगठन का विस्तार 'टॉप टू बॉटम' सिद्धांत पर 'बॉटम अप' आधार पर किया जाएगा। संगठन के संचालन के लिए 15 सदस्यीय संचालन समिति नीति और रणनीति तय करेगी, जिसके मार्गदर्शन में 51 सदस्यीय राज्य समन्वय समिति बिहार के सभी वर्गों और उपजातियों का प्रतिनिधित्व करेगी। समिति में 20 प्रतिशत युवा 35 वर्ष से कम आयु के तथा 20 प्रतिशत महिला भागीदारी अनिवार्य होगी। पदाधिकारियों का चयन 'सेवा के अवसर' के रूप में होगा, 'सत्ता की कुर्सी' के रूप में नहीं।



संवाददाता सम्मेलन को राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर कुमार महासेठ, प्रो. (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, कमल नोपानी, पीके चौधरी, इंजीनियर सुंदर साहू, रमेश गांधी एवं अन्य विभिन्न संगठनों के वैश्य नेता ने संयुक्त रूप से संबोधित किया।

उक्त नेताओं ने कहा कि संगठन विस्तार के लिए बिहार के 9 प्रमंडलों में 9 प्रमंडल प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे, जो अपने-अपने प्रमंडल के जिलों का निरीक्षण कर प्रत्येक तिमाही पर प्रगति रिपोर्ट राष्ट्रीय वैश्य महासभा की संचालन समिति को सौंपेंगे। राज्य के 38 जिलों में 38 जिला प्रभारी एवं सहायक जिला प्रभारी नियुक्त होंगे, जो मिलकर अपने जिले में 21 सदस्यीय जिला टीम का गठन करेंगे।

जिला स्तर पर प्रत्येक माह सम्मेलन, महापुरुषों की जयंती एवं सांस्कृतिक आयोजन कर संगठन को सक्रिय रखा जाएगा। साथ ही, प्रखंड स्तर पर 534 'वैश्य मित्र मंडल' का गठन होगा, जो पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार का कार्य करेंगे। राज्य की 8058 पंचायतों में 5 सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा, जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, युवा प्रभारी एवं महिला प्रभारी सम्मिलित होंगे। संगठन का लक्ष्य बूथ स्तर तक पहुंचना है। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर 1 'वैश्य संपर्क मित्र' नियुक्त होगा जो घर-घर संपर्क कर वैश्य परिवारों का डेटा बेस तैयार करेगा।

राष्ट्रीय वैश्य महासभा का लक्ष्य 12 माह के भीतर बिहार की सभी 8058 पंचायतों एवं बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार कर 8 लाख से अधिक वैश्य परिवारों को एक मंच पर लाना है।

नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय वैश्य महासभा ने 3 अटल सिद्धांत तय किए हैं। प्रथम, संगठन पूर्णतः उपजाति आधारित नहीं होगा और मंच पर केवल 'वैश्य' की पहचान होगी। द्वितीय, सभी वित्तीय लेन-देन पूर्ण पारदर्शिता के साथ होंगे। चंदे की जगह 'सेवा शुल्क' प्रणाली लागू होगी तथा प्रत्येक माह की 1 तारीख को आय-व्यय का विवरण सार्वजनिक किया जाएगा। तृतीय, प्रत्येक 6 माह पर पदाधिकारियों की कार्य समीक्षा होगी और अकर्मण्य पाए जाने पर पद से हटाया जाएगा।

वहीं आगामी 12 माह का कैलेंडर भी तय किया गया। जुलाई-अगस्त 2026 में जिला टीमों का गठन एवं डेटा संग्रह कार्य होगा। सितंबर-अक्टूबर 2026 में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर प्रत्येक जिले में 'वैश्य सहायता केंद्र' प्रारंभ होंगे, जो शिक्षा, स्वास्थ्य एवं एमएसएमई-मुद्रा लोन में सहायता देंगे। जनवरी-फरवरी 2027 में युवा सम्मेलन एवं 'वैश्य स्टार्टअप मिशन' लान्च होगा। मार्च-अप्रैल 2027 में शहीद डा. बृजबिहारी प्रसाद की पुण्यतिथि पर वैश्य समाज की एक प्रमुख समस्या को लेकर 'संघर्ष' अभियान चलाया जाएगा। मई-जून 2027 में पटना में वार्षिक समीक्षा सम्मेलन आयोजित कर 1 वर्ष के कार्यों का हिसाब प्रस्तुत किया जाएगा।

इस मौके पर राजू गुप्ता, डॉ. अजय प्रकाश, हाकिम प्रसाद, शिवकुमार स्पंदन, नंदकिशोर पोद्दार, प्रिंस कुमार राजू, डॉ. कामेश्वर गुप्ता, नरेन्द्र लोहानी, शंभुनाथ केशरी, शिवकुमार गुप्ता समेत विभिन्न वैश्य संगठनों के नेता मौजूद थे।

## खबरें खास-खास

# हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा 551 कन्याओं की कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सागर

### हाथी-घोड़े, ऊंट और जय श्रीराम के जयघोष के बीच निकली दिव्य शोभायात्रा, सिसवा फाल बना आध्यात्मिक चेतना का केंद्र

**बेतिया (नरकटियागंज)/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत केहूनिया रोअरी पंचायत के सिसवा फाल गांव में गुरुवार को ऐसा आध्यात्मिक दृश्य देखने को मिला, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद हजारों श्रद्धालुओं का उत्साह तनिक भी कम नहीं पड़ा। शिव मंदिर के समीप नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकली भव्य कलश शोभायात्रा आस्था, संस्ति और सामूहिक सहभागिता का अनुपम उदाहरण बन गई।

शोभायात्रा में 551 कुंवारी कन्याएं सिर पर पवित्र कलश धारण कर धर्मध्वजा के साथ आगे बढ़ रही थीं। उनके पीछे श्रद्धालुओं की विशाल भीड़ जय श्रीराम, जय बजरंगबली और हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण को गुंजायमान कर रही थी। हाथी, घोड़े, ऊंट तथा पारंपरिक बाजे-गाजे से सुसज्जित यह यात्रा पूरे मार्ग में आकर्षण का केंद्र बनी रही। गांव की गलियां मानो अयोध्या और काशी की धार्मिक छटा का अहसास करा रही थीं।


पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत केहूनिया रोअरी पंचायत के सिसवा फाल गांव में गुरुवार को ऐसा आध्यात्मिक श्य देखने को मिला।

सिसवा फाल से प्रारंभ हुई शोभायात्रा मारवाड़ी नोनिया टोला घाट स्थित बलोर नदी पहुंची, जहां अयोध्या से पधारे विद्वान आचार्य पंडित सत्यम द्विवेदी, नथुनी द्विवेदी एवं तपन द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत जलबोझी संस्कार संपन्न कराया। इसके बाद श्रद्धालु पुनः मंदिर परिसर लौटे, जहां यज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महाअनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। यह धार्मिक आयोजन 25 से 27 जून तक चलेगा।

आयोजन को सफल बनाने में नीलमणि तिवारी,चंद्रमणि तिवारी, राजेंद्र राम, दिनेश कुशवाहा, रूद्रमनी तिवारी, चन्द्रमनी तिवारी सहित समस्त ग्रामवासियों की भूमिका सराहनीय रही। यजमान के रूप में राजेश्वर महतो, राम पीरित राम एवं बाजुकेश बाबा ने अनुष्ठान का नेतृत्व किया। वहीं समाजसेवी शशिकांत पांडे, अर्जुन राम, सुजीत कुमार, राजेंद्र पांडे, चंद्रभान ठाकुर, अर्जुन मिश्रा और कृष्णा मोहन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। श्रद्धा, सेवा और सामूहिक सहयोग से सिसवा फाल में साकार हुआ यह धार्मिक महोत्सव लंबे समय तक क्षेत्र की स्मृतियों में जीवंत रहेगा।

# टीचर खान सर की कोचिंग में आग लगने के बाद मची अफरा तफरी, बाहर निकाले गए छात्र छात्राएं

### दो दिन पहले अग्नि सुरक्षा की जांच में कई कमियां पाई गई थीं

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कदमकुंआ थाना क्षेत्र के मुसल्लहपुर स्थित टीचर खान के कोचिंग संस्थान, खान ग्लोबल स्टडीज में आग लगने की खबर है। जानकारी के अनुसार, आग लगने के बाद कोचिंग में मौजूद छात्रों , छात्राओं और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय लोगो के अनुसार, आग लगते ही परिसर में धुआं फैलने लगा, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, कोचिंग प्रबंधन और दमकल कर्मियों की तत्परता से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। कदमकुआं पुलिस के मुताबिक, शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है। जैसा कि पता है कि 7 जून और 23 जून को फायर सेफ्टी विभाग की अडिट टीम ने खान ग्लोबल स्टडीज और संबंधित अस्पताल में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कोचिंग संस्थान और अस्पताल में अग्नि सुरक्षा मानकों से जुड़ी कई गंभीर कमियां पाई गई थीं। इसके बाद विभाग ने कोचिंग और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक सुधार करने के लिए 7 से 10 दिनों का समय दिया था।


जांच करती पुलिस।

# 26 और 27 जून को मुहर्रम के मद्देनजर बदली रहेगी पटना शहर की यातायात व्यवस्था

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुहर्रम के अवसर पर तजिए का जुलूस के अवसर पर पटना शहरी क्षेत्र में 26 और 27 जून को यातायात व्यवस्था डायवर्सन वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। ट्रैफिक एसपी सागर कुमार के मुताबिक 26 एवं 27 जून को ताजिए का जुलूस अशोक राजपथ तथा अनिसाबाद क्षेत्र से गुजरने के दृष्टिगत निम्नांकित व्यवस्था (एम्बुलेन्स अग्निशमन रोगी लेकर आने वाले वाहन शव वाहन न्यायिक कार्य से जुड़े वाहनों को छोड़कर) की गई है

कारगिल चौक से पटना सिटी की ओर जाने वाले वाहनों को कारगिल चौक से दाहिने (दक्षिण) बाकरगंज मोड़, रामगुलाम चौक, एक्जीविशन रोड (फ्लाईओवर) - चिड़ैयाटाड पुल-पुरानी बाईपास से होकर पटना सिटी की ओर डायवर्ट किया जायेगा या कारगिल चौक से रामगुलाम जेपी गोलम्बर-चिल्ड्रेन पार्क आयुक्त कार्यालय मोड़ से मैरिन ड्राईव पर डायवर्ट किया जायेगा।

पटना सिटी से अशोक राजपथ पर किसी भी वाहन को पश्चिम (गांधी मैदान की ओर) की आरे आने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे वाहनों को पटना सिटी चौक मोड़ से अगमकुओं उपरी पुल होते हुए पुरानी बाईपास या गायघाट पुल नीचे से बिस्कोमान गोलम्बर से पुरानी बाईपास होकर गांधी मैदान ध्पटना जंक्शन की ओर डायवर्ट किया जायेगा या गायघाट पुल नीचे से मैरिन ड्राईव पर डायवर्ट किया जायेगा।

किसी भी वाहन को अशोक राजपथ के दक्षिण बारीपथ (गोविन्द मित्रा रोड, मखनियां कुआं, खजांची रोड, सब्जीबाग रोड, रमणा रोड, गांधी चौराहा आदि) से अशोक राजपथ पर किसी भी परिस्थिति में आने की अनुमति नहीं होगी। संबंधित यातायात पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारीध्कर्मी इसे हर हाल में सुनिश्चित करेंगे। अगर किसी कारणवश कोई वाहन अशोक राजपथ पर आ जाता है तो उसे निचली रोड (बारीपथ) में डायवर्ट कर देंगे।

नौबतपुर से एम्स फुलवारीशरीफ अनिसाबाद मार्ग पर सभी प्रकार के भारी वाहनों का परिचालन की अनुमति नहीं होगी।

जीरोमाईल से फुलवारीशरीफ की ओर आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन बेलदारीचक-बिहटा सरमेरा पथ-नौबतपुर-बिहटा ध विक्रम होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। जीरोमाईल से पश्चिम (न्यू बाईपास) से पटना शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह व्यवस्था अनिवार्य सेवा के वाहनों के परिचालन पर लागू नहीं होगा।

## सिटी एसपी मध्य ममता कल्याणी ने किया कई थाने का निरीक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बृहस्पतिवार को ममता कल्याणी, नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य), पटना बुद्धा कॉलोनी एवं कदमकुआं थाने का औचक निरीक्षण किया गया एवं आगामी मुहर्रम पर्व के मद्देनजर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण के लिए आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त निरीक्षण के क्रम में थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, सीसीटीएनएस, सिरिस्ता कार्यो तथा काण्डों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की गई एवं कार्योध्अनुसंधान के ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सक्रिय गश्ती में वृद्धि, सूचना-संग्रह तंत्र को सुदृ करने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित, योजनाबद्ध एवं प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए, जिससे जनसुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृ किया जा सके।

# नशा एक बीमारी है, अपराध नहीं, समय पर उपचार से संभव है पूर्ण पुनर्वास : डा. विवेक विशाल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर हितैषी हैप्पीनेस होम, बुद्धा कॉलोनी, पटना में गुरुवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मनोचिकित्सकों, मनोवैज्ञानिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं युवाओं की सहभागिता होगी। इस अवसर पर नशे की रोकथाम, वैज्ञानिक उपचार, पुनर्वास तथा समाज की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रत्येक वर्ष 26 जून को संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नशीले पदार्थो के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध जन-जागरूकता बढ़ाना तथा नशे से प्रभावित लोगों को उपचार और पुनर्वास की मुख्यधारा से जोड़ना है। बिहार में शराबबंदी लागू होने के बावजूद नशीली दवाओं, गांजा, सिंथेटिक ड्रग्स तथा अन्य मादक पदार्थो के सेवन की चुनौती पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती मानसिक तनाव, गलत संगति और नशीले पदार्थो की आसान उपलब्धता चिंता का विषय है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल कानून के सहारे नशे की समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए परिवार, विद्यालय, समाज, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासन के संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं।


हितैषी हैप्पीनेस होम के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. विवेक विशाल ने कहा कि नशा एक उपचार योग्य मानसिक एवं व्यवहारिक बीमारी है, न कि नैतिक कमजोरी। यदि समय रहते सही चिकित्सा, काउंसलिंग और परिवार का सहयोग मिल जाए तो अधिकांश मरीज सामान्य जीवन में सफलतापूर्वक लौट सकते हैं। समाज को नशे से पीड़ित व्यक्ति को अपराधी नहीं, बल्कि एक मरीज के रूप में स्वीकार कर उसका सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि विद्यालयों, महाविद्यालयों और समुदाय स्तर पर नियमित जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएँ तथा युवाओं को जीवन कौशल, मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन की शिक्षा दी जाए। इससे नशे की शुरुआत को काफी हद तक रोका जा सकता है।

# राजद कार्यालय में जयंती पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनायी गई। इस अवसर पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. विश्वनाथ प्रताप सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने ने कहा कि स्व. वीपी सिंह एक ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ नेता थे। वे सात दलों को मिलाकर राष्ट्रीय मोर्चा का गठन किया और 2 दिसम्बर 1989 को भारत के आठवें प्रधानमंत्री बने थे। वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, केन्दीय वाणिज्य मंत्री तथा केन्द्रीय वित्त मंत्री भी बने थे। उन्होंने पिछड़ो को आरक्षण दिया तथा सामाजिक न्याय की धारा को मजबूत किया। स्व. वीपी सिंह जी ने जो मंडल आयोग की सिफारिश लागू की थी उसमें बहुत सारी अनुशंसायें अभी तक लागू नहीं हो सकी है। राष्ट्रीय जनता दल तमाम सिफारिशों को लागू कराने के लिए कृत संकल्पित है और इसके लिए आन्दोलन करेगी। लालू प्रसाद ने वी़पी़ सिंह के साथ मिलकर सामाजिक न्याय की धारा को मजबूती प्रदान करने के लिए आरक्षण व्यवस्था को लागू किया। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव बिनु यादव, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, पूर्व विधायक भाई दिनेश, मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह,प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, बल्ली यादव, फैयाज आलम कमाल, नंदू यादव, हरेंद्र कुमार कुशवाहा, ई अशोक यादव, निर्भय अंबेडकर, संजय यादव, ड प्रेम कुमार गुप्ता, श्याम नंदन पासवान, राजेश यादव, कुमर राय,ड लालदेव प्रसाद यादव, जेम्स यादव, ड सत्येंद्र प्रसाद, उपेंद्र चंद्रवंशी, अशोक यादव, गणेश कुमार, मनोज यादव,अमित पटेल, संजय यादव, विमल कुमार राय, रीना चौधरी, राजेश विश्वकर्मा, कुंदन कुमार राय,सहित दर्जनों नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं ने स्व0 वी0 पी0 सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।


स्व. वीपी सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मृतक भरत भूषण तिवारी के चचेरे भाई पर पहले से हैं दो मामले दर्ज

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना के बिलौटी गांव में पुलिस के साथ हुई घटना भरत भूषण तिवारी की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर उसके चचेरे भाई आशीष तिवारी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह स्वयं को पुलिस में सिपाही की नौकरी छोड़कर आने और भाई का बदला लेने का दावा करता दिख रहा है। परंतु हकीकत यह है कि आरक्षी संख्या 647 आशीष तिवारी के खिलाफ पहले से ही विभागीय कार्रवाई चल रही है और वह वर्तमान में मोतिहारी पुलिस लाइन में तैनात है। दोनों मामले मोतिहारी जिले में ही अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। आशीष तिवारी के खिलाफ 2023 और 2024 में दो अलग-अलग विभागीय कार्रवाई दर्ज की गई है और दोनों मामले की वर्तमान में जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। दोनों मामलों में सहकर्मियों के साथ मारपीट, धमकी देने और हथियारों के दुरुपयोग से संबंधित आरोप है।

# एअर इंडिया ने शुरू की ईजी कनेक्ट फ्लाइट्स

### जल्द ही 11 और शहरों -अहमदाबाद, अमृतसर, चेन्नई, गोवा, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोच्चि, मुंबई, पटना, वडोदरा, विशाखापट्नम से 'ईजी कनेक्ट' फ्लाइट्स शुरू होंगी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** एअर इंडिया ने भारत सरकार के नए हब-एंड-स्पोक फ्रेमवर्क के तहत अपनी पहली 'ईजी कनेक्ट' फ्लाइट के लान्च के साथ भारतीय विमानन उद्योग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस बदलावकारी मॉडल का उद्देश्य भारत को दुनिया से और दुनिया को भारत से जोड़ना है।

ईजी कनेक्ट सर्विस के तहत पहली फ्लाइट एआई 1111 गुरुवार सुबह 9: 23 बजे वाराणसी से रवाना हुई। इस फ्लाइट में ऐसे इंटरनेशनल यात्री सवार थे जो दिल्ली से आगे भारत के बाहर 9 गंतव्यों - जैसे दुबई, कोलंबो, जेद्दा, रियाद, काठमांडू और फुकेत - के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट लेने वाले थे।


नागरिक उड्डयन मंत्री, किंजरापु राम मोहन नायडू ने वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली 'ईजी कनेक्ट' फ्लाइट का उद्घाटन किया।

भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री, किंजरापु राम मोहन नायडू ने वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली 'ईजी कनेक्ट' फ्लाइट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा : आज हम हवाई यात्रा को और आसान बनाने तथा भविष्य के लिए तैयार, आत्मनिर्भर भारतीय एविएशन उद्योग बनाने के अपने विजन को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहे हैं, एक ऐसा उद्योग कुशल, समावेशी और विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी हो। नया हब-एंड-स्पोक मॉडल हमारे नागरिकों के लिए यात्रा के तरीके को बदल देगा। इस मॉडल के द्वारा भारत के किसी भी शहर में रहने वाला व्यक्ति अपने ही शहर से इंटरनेशनल यात्रा शुरू कर सकता है और पूरे भरोसे एवं आसानी के साथ भारत के अपने पंखों पर दुनिया भर में यात्रा कर सकता है।

लान्च के अवसर पर, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने ईजी कनेक्ट की पहली फ्लाइट के लिए चेक-इन करने वाले पहले यात्री को एक यादगार बोर्डिंग पास दिया। इस मौके पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव समीर कुमार सिन्हा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पुनीत कंसलय एयरपोर्ट्स अथोरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन विपिन कुमार, एअर इंडिया के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सनय एअर इंडिया में गवर्नेस, रिस्क, कंप्लायंस और कार्पोरेट अफेयर्स के ग्रुप हेड पी़ बालाजीय और सरकारी एजेंसियों व एअर इंडिया के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# केंद्र सरकार ने अघोषित आपातकाल का माहौल बना दिया है : अरुण यादव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि भाजपा द्वारा संविधान हत्या दिवस मनाना राजनीतिक पाखंड का सबसे बड़ा उदाहरण है। भाजपा और आरएसएस ने हमेशा संविधान की मूल भावना सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, आरक्षण और लोकतांत्रिक मूल्यों का विरोध किया है, वही आज संविधान की सबसे बड़ी हितैषी बनने का ढोंग कर रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 12 वर्षो के शासनकाल में देश में ऐसा माहौल बना दिया है, जैसे लगता है देश में अघोषित आपातकाल है। विपक्ष की आवाज को दबाया जाता है, जांच एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल किया जा रहा है। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन आज सवाल पूछने वालों को ही कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। मोदी सरकार शासनादेश के बल पर लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध, पेपर लीक, गरीबी, भुखमरी सहित जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा इतिहास पर राजनीति कर रही है।


अरुण कुमार यादव।

## पटना मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पद से डा नरेंद्र प्रताप सिंह हटाए गए, डा. गीता सिन्हा को अतिरिक्त प्रभार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के फोन पर रिस्पन्स नहीं लेने का खामियाजा पटना मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को उठाना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान प्राचार्य पर कार्रवाई के संकेत दिए थे। जैसा कि पता है कि दो दिन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री पीएमसीएच का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे जहां उन्होंने कहा था कि फोन का जवाब प्राचार्य ने नहीं दिया और सूचना के बाद भी किसी को तैनात नहीं किया था।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत के कार्यक्रम में बिना सूचना के गायब थे नरेंद्र प्रताप सिंह। स्वास्थ्य मंत्री निशांत के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने की बड़ी कार्रवाई की है। पटना मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पद से डा. नरेंद्र प्रताप सिंह हटा दिए गए।
गायनोक्लजी विभाग के अध्यक्ष डा. गीता सिन्हा को अगले आदेश तक पटना मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 23 जून को पीएमसीएच में आयोजित एक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान डा. नरेंद्र प्रताप सिंह गायब थे।

जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कार्यालय अवधि में डा. नरेंद्र प्रताप सिंह अपने निजी क्लीनिक में उपस्थित थे।

# संगठित होकर बाजार से जुड़ें किसान : रामकृपाल यादव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के बुद्ध मार्ग स्थित बिहार राज्य सहकारी संघ के परिसर में नाबार्ड की तरफ से 25 और 26 जून को आम महोत्सव का आयोजन किया गया । महोत्सव की खास बात यह है कि यहां शहरवासी आम उत्पादक किसानों से सीधे पेड़ के पके आम खरीद सकेंगे। यह आम रसायनमुक्त यानि कार्बाइड फ्री है। 25 जून को इस महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

इस महोत्सव की शुरुआत करते हुए सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि नाबार्ड द्वारा पहली बार दो दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, यह सराहनीय पहल है। बिहार के आम की मिठास और गुणवत्ता की चर्चा देशभर में होती है। आम सिर्फ फलों का राजा ही नहीं बल्कि बिहार की संस्कृति और परंपरा का पहचान भी है।

सहकारिता विभाग द्वारा सभी प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति यानी पीवीसीएस का गठन किया गया है। जल्द ही सभी पीवीसीएस को एम पैक्स यानी मल्टी परपस पैक्स के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। जिससे कि वे सब्जी उत्पादन के साथ-साथ फल, फूल, मसालें, मधुमक्खी, मत्स्य, दूध, बकरी और मुर्गी पालक, बीज, उर्वरक, भंडारण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग सहित कृषि और गैर कृषि कार्य सभी कर सकेंगे। अब आम के बगीचे वाले भी किसान पीवीसीएस से जुड़ जाएंगे।


सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव।

मंत्री ने कहा हमारा प्रयास है कि राज्य के किसान उत्पादन, भंडारण, प्रसेसिंग, ब्रांडिंग, विपणन, मूल्य संवर्धन और निर्यात की पूरी श्रृंखला में सक्रिय भागीदार बनें। नाबार्ड द्वारा प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन डेवलपमेंट फंड यानी पीओडीएफ से बिहार के एफपीओ को एक सशक्त आर्थिक ताकत मिल रही है।

उन्होंने कहा कि बिहार के सभी आम उत्पादक किसानों से कहना चाहता हूं कि आपकी मेहनत और आपकी फसल बिहार की पहचान है। आप गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करें, नई तकनीक अपनाएं और संगठित होकर बाजार से जुड़ें। सरकार आपके साथ खड़ी है।

आम महोत्सव के शुभारंभ के मौके पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने बताया कि शहरवासियों के लिए यह मौका है कि वे सीधे पेड़ के पके आम खरीद सकेंगे। इस महोत्सव का उद्देश्य आम उत्पादक किसानों को सीधे बाजार मुहैया कराना है। वे रसायन मुक्त आम की अलग-अलग वैरायटी को सीधे ग्राहकों को बेच पाएं। यहां आकर बेचने से किसानों को ग्राहकों की पसंद जानने और मार्केटिंग स्किल्स सीखने को मिलेगी।

यहां बिहार की विभिन्न किस्मों के आम देखें और खरीदें जा सकते हैं। हमारा प्रयास है कि आम उत्पादक किसान सीधे ग्राहकों को आम बेच सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### कुलपति के हाथों प्रधानाचार्य समेत दो को मिला पीपीओ पत्र

**दरभंगा (एनएसबी)।** संस्कृत विश्वविद्यालय में गुरुवार को काफी खुशनुमा माहौल रहा। कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पांडेय ने अपने कार्यालयीय कक्ष में दो सेवानिवृत्त कर्मियों को खुद पेंशन भुगतान आदेश यानी पीपीओ का पत्र सौंपा। पीपीओ पाने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों में गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय, बैरगनिया, सीतामढ़ी के प्रधानाचार्य डॉ महानन्द ठाकुर और विश्वविद्यालय मुख्यालय के वरिष्ठ लिपिक मो. नसुरुद्दीन शामिल हैं। भुगतनादेश पत्र देने से पहले दोनों कर्मियों का पाग व चादर के साथ फूलमाला से स्वागत किया गया। पीपीओ पत्र मिलने से दोनों कर्मियों के अलावा अन्य कर्मी भी खुश थे। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि प्रधानाचार्य डॉ ठाकुर काफी चर्चित सख्शियत रहे हैं। विश्वविद्यालय के सभी कार्यक्रमों में उनकी सशक्त भागीदारी रहती थी। इन्हें अकसर आयोजन सम्बन्धी विशेष जिम्मेदारी दी जाती थी और उसे वे बड़ी ईमानदारी से निभाते भी थे। कालेज में पदस्थापित रहने के बावजूद उन्हें मुख्यालय बुलाकर ऐसी जिम्मेदारियां सौंपी जाती थी। वहीं, मो. नसीर भी खासकर परीक्षा विभाग में वर्षों अपनी काबिलियत का परिचय दिया है। यहां पुराने से पुराने कागजात, संचिका निकालने तथा प्रमाण पत्र व अंक पत्र बनाने जैसे कार्य इनके बिना पूरा होना काफी दूभर माना जाता था। पीपीओ देने के समय कुलसचिव डॉ दिनेश झा, एफओ डॉ पवन कुमार झा, धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार झा, साहित्य विभागाध्यक्ष डॉ सीताचरण झा, पूर्व डीन सह प्रधानाचार्य डॉ शिवलोचन झा एवं डॉ एके आजाद समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।



### मोदी तथा सम्राट के नेतृत्व में दरभंगा विकास के मानचित्र पर स्थापितः डा. गोपाल जी ठाकुर

**रहमगंज मुहल्ला में सांसद ने आमजनों से किया संवाद**

**दरभंगा (एनएसबी)।** रहमगंज मुहल्ला सहित दरभंगा शहर के हर गली तथा चौक चौराहों पर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को साकार किया जा रहा है । मानसून के सक्रिय होने से पूर्व जलनिकासी की व्यवस्था के लिए नगर निगम के अधिकारयों को सख्त निर्देश दिए गए है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार के सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व में दरभंगा को विकास के मानचित्र पर स्थापित करने की पहल की जा रही है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा. गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा शहर के वार्ड 34 स्थित रहमगंज मुहल्ला में विकास कार्यों का जायजा लिया तथा वहां उपस्थित आमजनों से संवाद किया।स्थानीय वार्ड पार्षद पूनम देवी की उपस्थिति में सांसद डा ठाकुर ने सैकड़ों की संख्या में आमजनों से विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं से संबंधित जानकारियां प्राप्त की।स्थानीय लोगों द्वारा जलनिकासी की समस्या के निदान की बात कहे जाने पर सांसद डा ठाकुर ने नगर निगम एवं बुडको अधिकारयों को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात के समय में जलजमाव की समस्या होने पर संबंधित अधिकारी को चिन्हित कर करवाई किया जाएगा।मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, विकास रजक नरेश साहनी महेश यादव परमेश्वर महतो ओमप्रकाश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



### एलिवेटेड परियोजना के अंतर्गत प्रभावित कार्यालयों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**जिला अवर निबंधक कार्यालय, दरभंगा, लहेरियासराय थाना, महिला थाना तथा पर्यवेक्षण गृह कार्यालय का होगा स्थानांतरण**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार द्वारा एलिवेटेड परियोजना के अंतर्गत आने वाले विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं परिसरों का भौतिक /स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान प्रभावित होने वाले कार्यालयों की वर्तमान स्थिति का आकलन करना तथा उनके व्यवस्थित स्थानांतरण की संभावनाओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करना। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने परियोजना के अलाइनमेंट के अंतर्गत पड़ने वाले जिला अवर निबंधक कार्यालय, दरभंगा, लहेरियासराय थाना, महिला थाना तथा पर्यवेक्षण गृह आदि का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित परिसरों की उपलब्ध भूमि,भवन संरचना एवं प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए आवश्यक बिंदुओं की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि कार्यालयों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को इस प्रकार किया जाए जिससे आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं के उपयोग में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा प्रशासनिक कार्य भी सुगमता से संपन्न हो सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान परियोजना के प्रभावित क्षेत्रों में आने वाले कार्यालयों के वैकल्पिक स्थान,आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा प्रशासनिक दृष्टिकोण से उपायुक्त व्यवस्था पर विस्तार से समीक्षा कियागया। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता शकल्पना रावत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी रवि प्रकाश,जिला अवर निबंधक स्वीटी सुमन आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### पहले प्रयास में डीएसपी बनी सीमा कुमारी का गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत ब्रह्मपुर गांव निवासी परमेश्वर साहू एवं शीला देवी की पुत्री सीमा कुमारी ने 70 वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में सफलता हासिल कर डीएसपी बनी। बता दें कि औराही पंचायत अंतर्गत ब्रह्मपुर गांव निवासी परमेश्वर साहू एवं शीला देवी की पुत्री सीमा कुमारी का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया बैंड बाजा के साथ निकले स्वागत जुलूस में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। लोगों ने सीमा कुमारी को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। और उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई। गांव पहुंचने के बाद सीमा कुमारी ने सबसे पहले अपने गांव के डीहवार स्थान एवं दुर्गा मन्दिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने गांव के बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया सीमा की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सीमा कुमारी ने 70वी बीपीएससी परीक्षा में 116वीं रैंक प्राप्त कर डीएसपी पद के लिए चयनित होकर गांव का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विनय चन्द्र खां, कामेश्वर दास,नवीन सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### श्यामा मंदिर में नियुक्ति के लिए आवेदन अब 6 जुलाई तक

**दरभंगा (एनएसबी)।** श्यामा मंदिर के समुचित प्रबंधन के लिए विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 6 जुलाई तक विस्तारित कर दी गई है। जानकारी देते हुए श्यामा मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र मोहन झा ने बताया कि विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन में आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई थी, लेकिन यह तिथि अब 6 जुलाई तक विस्तारित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि श्यामा मंदिर प्रबंधन के लिए प्रबंधक, सह-प्रबंधक, लेखपाल, सहायक लेखापाल, बिजली मिस्त्री एवं जनसंपर्क समन्वयक के एक-एक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जबकि कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए दो और पुजारी के लिए चार पदों की रिक्तियां प्रकाशित की गई हैं। पुजारी पद के लिए निर्धारित चार रिक्तियों में एक पद महिला अभ्यर्थी के लिए आरक्षित है।

# आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों एवं जेपी आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ता हुए सम्मानित

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, दरभंगा में संविधान हत्या दिवस सह जेपी सेनानी सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों एवं जेपी आंदोलन से जुड़े कार्यकताओं को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेतिया के सांसद एवं लोकसभा के मुख्य सचेतक डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह दिन है, जब सत्ता बचाने के लिए संविधान की भावना को कुचलते हुए पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया गया। उस कालखंड में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समाप्त कर दी गई, समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू की गई, विपक्षी नेताओं को जेल में बंद किया गया तथा सामान्य नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सीमित कर दिया गया। देश ने वह समय भी देखा जब लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में लाखों लोकतंत्र सेनानी सड़कों पर उतरे और जनशक्ति के बल पर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। लोकतंत्र केवल चुनाव नहीं बल्कि विचार, अधिकार और जनता की भागीदारी की व्यवस्था है, जिसकी रक्षा प्रत्येक पीढ़ी का दायित्व है।

इस अवसर पर दरभंगा सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया गया था, लेकिन देश की जनता और लोकतंत्र के प्रहरी बनकर खड़े हुए सेनानियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्स्थापित किया। उन्होंने युवाओं से लोकतंत्र की रक्षा हेतु जागरूक एवं सक्रिय रहने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है और इसकी रक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए समाज को सदैव सजग रहना चाहिए। वहीं पूर्व मंत्री हरि सहनी ने कहा कि आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष करने वाले सेनानियों का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। संचालन जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक जबकि धन्यवाद ज्ञापन जीवछ सहनी ने किया।कार्यक्रम में जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, कार्यक्रम प्रभारी राज राजेंद्र,पूर्वी जिला अध्यक्ष विनय पासवान,पूर्व जिला अध्यक्ष राजमंगल ठाकुर, प्रमोद कंठ, सुनील चौधरी,श्रवण मिश्र, सोनी पूर्वे, सपना भारती,सचिन जैन,बालेंदु झा,वीरेंद्र पासवान, नथुनी पासवान,रामभरोस साह,अशोक साह,अमरनाथ सिंह सहित अन्य जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित अनेकों जेपी सेनानी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में संजय जयसवाल, डॉ. गोपाल जी ठाकुर, धर्मशीला गुप्ता एवं अन्य ।

# मोहर्रम को लेकर ग्रामीण एसपी ने किया फ्लैग मार्च, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील

**आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मोहर्रम पर्व मनाये : साक्षी कुमारी**

**ग्रामीण एसपी का नेतृत्व में मुहर्रम पर्व को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च**

**अलीनगर/बेनीपुर (एनएसबी)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को ग्रामीण एसपी साक्षी कुमारी अलीनगर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर मोहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्गो एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च पकड़ी चौक से प्रारंभ होकर धमुआरा, धमसाईन, रुपसपुर तथा अलीनगर हाट मैदान सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरा। इसके माध्यम से लोगों को भयमुक्त वातावरण में पर्व मनाने का संदेश दिया गया। ग्रामीण एसपी ने लोगों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाने की अपील करते हुए अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है और शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।मौके पर बेनीपुर एसडीपीओ बासुकीनाथ झा, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा, सब इंस्पेक्टर विकास कुमार मंडल, सब इंस्पेक्टर रामभरोस महतो, सहायक अवर निरीक्षक विकास कुमार, हरेराम सहित महिला एवं पुरुष पुलिस बल के जवान मौजूद थे।इधर बेनीपुर मे मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार की देर शाम ग्रामीण एसपी साक्षी कुमारी बहेड़ा थाना पहुंचीं। उन्होंने पूरे थाना क्षेत्र में मोहर्रम पर्व की तैयारियों और इस दौरान निकलने वाले जुलूस के रूट का जायजा लिया।जायजा लेने के बाद ग्रामीण एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान एसडीपीओ बासुकीनाथ झा, इंस्पेक्टर संतोष कुमार मंडल, थाना अध्यक्ष पंकज कुमार समेत पर्याप्त संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल मौजूद थे।


फ्लैग मार्च में शामिल ग्रामीण एसपी साक्षी कुमारी एवं अन्य।

# 94 वें जन्म दिवस पर 94 वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**परिवार के साथ पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ लगाकर समाज को दिया अनूठा संदेश**

**दरभंगा (एनएसबी)।** खराजपुर पंचायत बहादुरपुर प्रखण्ड के ग्राम अहिला निवासी वरिष्ठ समाज सेवी, भारतीय रेलवे से मुख्य अभियंता पद से सेवानिवृत राजेन्द्र लाल दास ने अपने 94 वें जन्मदिवस के अवसर पर अपने परिवार व समाज के सदस्यों के साथ अपने गांव में 94 हरा भरा वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर वृक्षा-रोपण से पूर्व भूमि पूजन करते हुए अपने हाथों से वृक्षारोपण किया। अपने जन्म दिन पर वृक्षारोपण कार्य को मानवीय कार्य बताते हुए वृक्षों की कमी के कारण वायु व जलवायु संकट के कारण सामाजिक, मानवीय वातावरण दूषित हो रहे हैं और प्रदुषित वायु व जल संकट के कारण मानव जीवन प्रभावित हो रहे हैं साथ ही मानव व जीव- जन्तु की आयु काफी कम हो रही है। इस अवसर पर पारिवारिक सदस्यों के अलावा समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ श्याम किशोर दास, रमेश कांत दत, हरे कृष्ण लाल दास उमेश कुमार दत आर के दत्ता हम जिलाध्यक्ष, मंगलदीप संजय कुमार दास भूपेंद्र कुमार ठाकुर शशिशेखर दास, चंद्रशेखर दास चुन्ना , राजू जी, इंदू शेखर दास आभा दास, सुजीत कुमार दत, घनश्याम पंडित आशा दास विनय कुमार मलिक सेवानिवृत जनरल मैनेजर उद्योग विभाग बिहार सरकार सहित कई दर्जन परिवार एवं आसपास के गणमानी लोग मौजूद रहकर इस पल के गवाह बने।


पेड़ लगाते राजेन्द्र लाल दास एवं अन्य।

### 13 साल की बच्ची की मौत को तथ्य की भूल कहकर फाइल बंद नहीं किया जा सकता

**बच्ची की संदिग्ध मौत मामले में ए सी जे एम 1 बेनीपुर कोर्ट ने दिया बड़ा आदेश**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के हनुमान नगर, वार्ड 25 निवासी 13 वर्षीय बच्ची की संदिग्ध मौत मामले में ए सी जे एम 1 बेनीपुर कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने 23 जून को पुलिस के तथ्य की भूल वाले अंतिम प्रतिवेदन को खारिज कर दिया। एसीजेएम रौशन कुमार छापोलिया ने कहा कि इतनी कम उम्र की बच्ची की मौत का उचित अनुसंधान नहीं हुआ। पूर्व अनुसंधानक ने यह नहीं पता लगाया कि घटना के समय आरोपी कहां थे और बच्ची ने आत्महत्या क्यों की। इसे कोर्ट ने अनुसंधानक की "बहरा कर देने वाली चुप्पी" बताया। कोर्ट ने दरभंगा एस एस पी को 90 दिन के अंदर नया अनुसंधानक नियुक्त कर अग्रेतर अनुसंधान का आदेश दिया है। जांच में हत्या का कारण, आरोपियों का एलीवाइ और जमीन विवाद के कागजात की जांच शामिल होगी। अगली सुनवाई 25 सितंबर 2026 को है। बहेडा थाना कांड संख्या 514/25 के अनुसार 13 दिसंबर 2025 को चंद्रमुनि देवी की 13 साल की बेटी घर में गमछे के फंदे से लटकी मिली थी। एफ आई आर में संजू देवी, शीला देवी, अनीता देवी और सपना देवी पर जमीन विवाद में धमकी देने का आरोप है। सूचक के अधिवक्ता सुशील कुमार चौधरी ने कहा कि कोर्ट के आदेश से पीड़ित परिवार को न्याय की नई उम्मीद मिली है। 13 साल की बच्ची की मौत को 'तथ्य की भूल' कहकर बंद नहीं किया जा सकता। सूचक चंद्रमुनि देवी ने कहा कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।


एसीजेएम रौशन कुमार छापोलिया।

# आर के कॉलेज, मधुबनी में एमबीए प्रोग्राम शैक्षणिक सत्र प्रारंभ करने की स्वीकृति

**कुलपति की अध्यक्षता में सिंडिकेट की बैठक आयोजित**

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सिंडिकेट की बैठक कुलपति के आवासीय कार्यालय के कॉन्फ्रेंस कक्ष में हाइब्रिड मोड में कल देर शाम आयोजित की गई, जिसमें प्रो हरि नारायण सिंह, प्रो दिलीप कुमार चौधरी, प्रो अशोक कुमार मेहता, प्रो विजय कुमार यादव, डॉ बैद्यनाथ चौधरी 'बैजू', मीणा झा, डॉ अमर कुमार एवं प्रो नारायण झा आदि ने भाग लिया। प्रभारी कुलसचिव प्रो अशोक कुमार मेहता द्वारा बैठक हेतु निर्धारित गणपूर्ति की सूचना देने के उपरान्त कुलपति के आदेश से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में गत 3 जून को अभिषद् की बैठक में लिए गए निर्णयों की संपुष्टि की गई तथा गत 26 मई एवं 3 जून को संपन्न बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन पर संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही 24 जून को संपन्न वित्त समिति एवं विद्वत-परिषद् के निर्णयों के अनुपालन पर भी विचार किया गया। बैठक में 24 जून को आयोजित विद्वत परिषद् के सभी निर्णयों, यथा- सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में बीबीए एवं बीसीए की पढ़ाई प्रारंभ करने, बीएमए कॉलेज, बहेड़ी में संगीत एवं सीएम कॉलेज, दरभंगा में फारसी विषय में स्नातक स्तरीय पढ़ाई शुरू करने, सीएम कॉलेज में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन पीजीडीटी कोर्स प्रारंभ करने तथा सीएम कॉलेज में सत्र : 2026-30 से प्रारंभ हो रहे 4 वर्षीय स्नातक इंटीग्रेटेड बीएड प्रोग्राम इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के पाठ्यक्रम की तथा आर के कॉलेज, मधुबनी में एमबीए प्रोग्राम शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई। प्रो हरि नारायण सिंह के पूछने पर डीएसडब्ल्यू प्रो मेहता ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में नामांकन की स्थिति स्पष्ट हुए बताया कि नामांकन सूची शीघ्र ही निकाल दिए जाने की संभावना है।


बैठक में कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी एवं अन्य।

# मुहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी रूप से विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति के द्वारा जानकारी दी गई है कि मुहर्रम पर्व के अवसर पर 26 जून शुक्रवार को निकलने वाले जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, दरभंगा शहरी अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित समयावधि के लिए विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि जुलूस समाप्त होने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल होते ही ए.सी., मोटर सहित अधिक विद्युत भार वाले उपकरणों का तुरंत उपयोग न करें। कम से कम 30 मिनट बाद ही इन उपकरणों को चालू करें, ताकि अचानक विद्युत भार बढ़ने से केबल एवं ट्रांसफॉर्मर पर अतिरिक्त दबाव न पड़े तथा किसी प्रकार की दुर्घटना या आग लगने की संभावना से बचा जा सके।डीएमसीएच विद्युत शक्ति उपकेंद्र फीडर संख्या 3 एवं 4 : संध्या 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक,फीडर संख्या-5 : संध्या 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक,फीडर संख्या-6 : संध्या 5:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक,फीडर संख्या-2 : संध्या 6:00 बजे से रात्रि 1:00 बजे तक एमएल एकेडमी - जीएन गंज -मिर्जा खां तालाब फीडर संध्या 5:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक, शहरी विद्युत शक्ति उपकेंद्र राम जानकी फीडर,गुलोबाड़ा फीडर,मदारपुर फीडर,दोनार फीडर समय : संध्या 6:00 बजे से रात्रि 1:00 बजे तक,पशुपालन विद्युत शक्ति उपकेंद्र सदर फीडर,गैस गोदाम फीडर समय : संध्या 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक, मेसा विद्युत शक्ति उपकेंद्र टावर फीडर, इमरजेंसी फीडर,स्टेशन फीडर,सीएम साइंस फीडर समय : संध्या 5:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की है पैनी नजर

**मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने के लिए निकाला फ्लैग मार्च**

**दरभंगा (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुकूल हर्षोल्लास वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सक्रिय और संकल्पित है। इसी क्रम में जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी के नेतृत्व में शहर के विभिन्न अति संवेदनशील, संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर लहेरियासराय टावर पंडासराय, लोहिया चौक-दरभंगा टावर- बाजार समिति- दिल्ली मोड़, कादिराबाद- दरभंगा रेलवे स्टेशन- अल्लपट्टी बेंता आदि प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान आम नागरिकों को मुहर्रम पर्व को लेकर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिये गये। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा अभूतपूर्व व्यवस्था की गई है, 515 से अधिक स्थानों पर तेज तर्रार दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी के साथ हजारों की संख्या में सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।जिलाधिकारी कौशल कुमार ने जिलेवासियों से मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील किए।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जलारेड्डी ने कहा कि पर्व के दौरान सभी संवेदनशील स्थलों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखी जा रही है। असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है।विधि-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजनों से शांति एवं सद्भाव बनाए रखते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। फ्लैग मार्च के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी, सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजीत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं पुलिस बल उपस्थित मौजूद रहे।


फ्लैग मार्च करते डीएम कौशल कुमार, एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी एवं अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### आर एल महतो बीएड कॉलेज में एक्सटर्नल असेसमेंट का हुआ आयोजन

**दलसिंहसराय (एसएनबी)।** स्थानीय राम लखन महतो इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में बीएड सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं का एक्सटर्नल असेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती के छवि चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार के द्वारा बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य सुदर्शन बीएड कॉलेज, मेजरगंज, सीतामढ़ी के प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स को गंभीरता एवं सफलतापूर्वक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अध्यापक विद्यार्थियों को अंधकार से प्रकाश की ओर और बुराई से अच्छाई की ओर ले जाता है और सभ्यता के दीपक को हमेशा प्रज्वलित रखता है। वहीं भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज, औरंगाबाद के प्राचार्य डॉ. अमित कुमार ने कहा इस कोर्स द्वारा प्रशिक्षु आत्मनिर्भर बन सकते हैं तथा अपने परिवार एवं समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं। राजमाता माधुरी देवी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, खगड़िया के असिस्टेंट प्रोफेसर सत्येक कुमार राम ने कहा विद्यार्थियों को अपना कार्य निष्ठा व लग्न से करके अपनी योग्यता का निरंतर विकास करना चाहिए। वही कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि देश का भविष्य अपने हाथ में है। विद्यार्थियों के ज्ञान ईमान और अरमान के सपनो को मुकाम तक पहुंचना होगा। बेहतर शिक्षा और संस्कार शिक्षकों को देना की मुख्य लक्ष्य है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. निर्मल कुमार चंचल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार गिरी द्वारा किया गया। मौके पर सहायक प्राध्यापक केशव कुमार चौधरी, सत्यम, निमेश कुमार, डीएलएड विभागाध्यक्ष मो. इमामुद्दीन, योगेश कुमार, आकांक्षा कुमारी, हसन राजा अंसारी, कुमारी दीपा, मनोज कुमार, पल्लव पारस, रूपक कौशल, रश्मि रोजी, संतोष सुमन, प्रशांत स्वराज, श्वेता कर्ण, शेफाली दीक्षिता सहित अन्य मौजूद रहे।




### मोहर्रम को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर थाना पुलिस ने गुरुवार की शाम को क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। थानाध्यक्ष सूरज कुमार के नेतृत्व में निकले मार्च ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च मऊ बाजार, विद्यापति स्मारक चौक, मलकलीपुर,बाजिदपुर, मिजार्पुर, सिमरी, बढ़ौना, हरपुर बोचहा समेत कई संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि सभी ताजिया जुलूसों के लिए लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं और जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाले जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च में अपर थानाध्यक्ष आराधना कुमारी, एसआई शक्ति सिंह, सलीम राजा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद रहे।



### बाल पहलवानो ने मन मोहा, होली मिशन हाई स्कूल में कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के मोहनपुर स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान होली मिशन हाई स्कूल में कुश्ती प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान बाल पहलवानों ने अद्भुत एवं चमत्कारिक प्रदर्शन से खूब वाहवाहियां बटोरी। गुरुवार को सुबह 7:40 बजे विद्यालय की सह-संस्थापक विभा देवी, महिला कल्याण समिति की सचिव नीना श्रीवास्तव, प्रसिद्ध समाज सेविका माधुरी श्रीवास्तव एवं विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ० धर्मांश रंजन, पूर्व जिला पार्षद शिवशंकर राय ने परंपरानुसार संयुक्त रूप से सुगन्धित अगरबत्तियों से अखाड़ा पूजन कर कुश्ती प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। 8 जोड़ियों ने दिखाया दम : अतिथियों को सम्मानित करने के बाद आरम्भ प्रतियोगिता में बाल पहलवानों ने अपने दमझ्रखम से लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान कुल आठ जोड़ियों ने करतब दिखाए। जिसमें आजमगढ़ से आए तन्नु यादव, सृष्टि यादव, काजल, शिवांगी यादव, गौरी प्रजापति, कंचन, रुबी राजभर, अनुष्का यादव, अंशिका, हिमांशु यादव, जॉनी चौपाल, कृष्णा, गौरव चौहान, सौरभ चौहान, अनुराग यादव, अभिषेक यादव एवं अमन यादव ने कौशल और करतब से दर्शकों को रोमांचित किया। विजेता पहलवानों को संस्था के प्र प्राचार्य गंगा नारायण झा, पूर्व प्राचार्य डॉ. एसके अहमद, केके उपाध्याय, डीएन मिश्रा, केके वर्मा, मनीषा झा, निभा कुमारी एवं उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने नगद पुरस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर खेल अकादमी के प्रशिक्षक अमरजीत कुमार यादव ने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अखाड़े का निर्माण बड़े ही मनोयोग से किया जाता है। अखाड़े के निर्माण में सरसों तेल, हल्दी, घी मिट्टी में मिला कर मुलायम बनाया जाता है। जिससे पहलवानों को चोट लगने से उन्हें कोई हानि नहीं होती। दरअसल ये अखाड़े पहलवानों के लिए मंदिर और कुश्ती पूजा होते हैं। समापन सत्र में प्रबंध निदेशक डॉ० धर्मांश रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन के क्रम में सभी पहलवान छात्र/छात्राओं एवं उनके प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय के छात्र/छात्राओं को संबोधित अभिव्यक्ति में उनसे इस क्षेत्र में हिम्मत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं, शिक्षक/शिक्षिकाओं के शांतिपूर्ण एवं अनुशासित बने रहने के लिए धन्यवाद दिया।



### वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट के आलोक में एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान लखींद्र राय, पिता भागवत राय, निवासी ग्राम चकुमर, थाना विद्यापतिनगर, जिला समस्तीपुर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखींद्र राय के विरुद्ध न्यायालय में लंबित मामले जीआर संख्या 261/2000 तथा टीआर संख्या 2936/26 में गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट के निष्पादन हेतु पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### प्रचंड गर्मी और उमस का दौर रहेगा जारी, 27से 29 तक कहीं कहीं बारिश की संभावना

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी 26 जून से 30 जून, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वानुमान अवधि में आमतौर पर मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। हलाकि कुछ स्थानों पर 27-29 जून के दौरान मेघगर्जन एवं तेज झोंकेदार हवाएँ चलने की संभावना है। इसके प्रभाव से कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने का भी अनुमान है। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 32-36त्व के बीच रहने की संभावना है, जबकि सिवान, गोपालगंज, बेगूसराय, पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण जिलों में तापमान 39-40त्व तक पहुँच सकता है। न्यूनतम तापमान 24-28त्व के बीच रहने की संभावना है। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 80-85 प्रतिशत तथा दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 30-35 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पूर्वानुमान अवधि में हवा मुख्यतः पूर्वी दिशा से 14-20 किमी प्रति घंटा की गति से चलने की संभावना है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत समस्तीपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नशा कोई हो यह आपके स्वास्थ्य पर ही नहीं बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। आपके पारिवारिक और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करता है, इसलिए यह हर हाल में त्याज्य है। समाज के सभी वर्गों के व्यक्तियों तक यह संदेश पहुंचाने और उन्हें नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थाओं के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरुवार को समाहरणालय परिसर से जिला पदाधिकारी, रोशन कुशवाहा ने जन-जागरूकता हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही समाहरणालय सभाकक्ष में दीप प्रज्वलन कर अभियान का विधिवत उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वाइंट, रंगोली कार्यक्रम तथा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला खेल कार्यालय, जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, मुस्कान नशा मुक्ति केंद्र एवं एनसीसी कैडेट्स विंग के लगभग 550 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा), सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अधीक्षक मद्य निषेध, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय प्रशाखा, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।


प्रचार वाहन को रवाना करते डीएम व अन्य।

## वीबी-जी राम जी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



कार्यक्रम में मौजूद डीएम, डीडीसी व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** देश भर में वीबी-जी राम जी योजना आगामी 01 जुलाई 2026 से लागू की जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने तक ग्राम पंचायतों को ऐसा विकसित बनाना है, जहां शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में प्रभावी कार्य हो, अकुशल श्रमिकों को कौशलयुक्त बनाया जा सके तथा प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी आजीविका से जुड़ा हो।

जिले में वीबी जी राम जी योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि इस योजना में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, युवाओं तथा अन्नदाता किसानों के हितों पर विशेष जोर दिया गया है।

प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि, योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत एमआर सात दिनों के भीतर निर्गत होगा तथा अगले तीन दिनों के अंदर डीबीटी के माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि, जिले में 30 जून तक सभी मनरेगा कर्मियों एवं सभी पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों का प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण पूर्ण करा दिया जाएगा। ताकि योजना का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्तीपुर, बेगूसराय एवं खगड़िया जिले के कार्यपालक अभियंता, कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला वित्त प्रबंधक, लेखा सहायक, जिला अंकेक्षण प्रबंधक, अंकेक्षण सहायक एवं खगड़िया जिले के युवा पेशेवरों के अलावा सरायरंजन, उजियारपुर, खानपुर एवं मोरवा के कार्यक्रम पदाधिकारी मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित थे।

## सतर्कता और संवेदनशीलता की मिसाल : समस्तीपुर मंडल के लोको पायलटों ने सूझबूझ से बचाई कई जिंदगियां, डीआरएम ने किया सम्मानित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारतीय रेल के लोको पायलट और सहायक लोको पायलट न केवल ट्रेनों को समय पर और सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि संकट के समय में उनका मानवीय चेहरा भी समाज के सामने मिसाल पेश करता है। पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में हाल ही में घटित तीन अलग-अलग घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि हमारे रेलकर्मी सतर्कता के साथ-साथ अमूल्य मानव जीवन की रक्षा के लिए कितने सजग व सचेष्ट हैं।


लोको पायलटों को सम्मानित करते डीआरएम।

मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने इन सभी रेलकर्मियों की तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण की सराहना करते हुए उन्हें सराहना पत्र देकर सम्मानित किया है तथा उनकी प्रशंसा की।

**घटना 1: पटरी पर लेटी मां-बच्चे के लिए मसीहा बने लोको पायलट :**

दिनांक 22.06.2026 को ट्रेन नंबर 63346 (समस्तीपुर - सहरसा सवारी गाड़ी) सहरसा की ओर जा रही थी। तभी सलौना और इमली स्टेशनों के बीच लोको पायलट अभय कुमार और सहायक लोको पायलट जय प्रकाश कुमार - 1 को रेल पटरी पर एक महिला अपने बच्चे के साथ लेटी हुई दिखाई दी। त्वरित कार्रवाई करते हुए लोको पायलट ने बिना एक पल गंवाए असाधारण तत्परता दिखाते हुए तत्काल इमरजेंसी ब्रेक का इस्तेमाल किया और ट्रेन को सुरक्षित दूरी पर रोक लिया। इसके बाद दोनों रेलकर्मियों ने नीचे उतरकर उस महिला को समझा-बुझाकर ट्रैक से हटाया और ग्रामीणों के सुरक्षित हाथों में सौंप दिया। ट्रैक क्लियर होने के बाद ही ट्रेन आगे रवाना हुई।

**घटना 2: सूझबूझ से बची मासूम बच्चे की जान :**

इससे पहले, दिनांक 01.05.2026 को ट्रेन नंबर 75230 (रक्सौल - दरभंगा सवारी गाड़ी) रक्सौल से दरभंगा की ओर जा रही थी। इसी क्रम में चालक दल को ढेंग और रीगा स्टेशनों के बीच अचानक ट्रैक पर एक लड़का लेटा हुआ दिखाई दिया। चालक दल के लोको पायलट पंकज कुमार और सहायक लोको पायलट श्रवण कुमार शर्मा ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए आपातकालीन ब्रेक लगाए। सही समय पर ट्रेन रुकने से बच्चे की जान बाल-बाल बच गई। उनके इस सराहनीय कार्य की समस्तीपुर रेल मंडल ज्योति प्रकाश मिश्रा द्वारा विशेष सराहना की गई।

**घटना 3 - ट्रैक पर आत्महत्या के प्रयोजन से ट्रैक पर लेटी महिला को सुरक्षित बचाया:**

इसी तरह की एक और गंभीर घटना दिनांक 22.05.2026 को तब सामने आई, जब लोको पायलट मनोज कुमार -2 और सहायक लोको पायलट मनी भूषण कुमार एक गुड्स ट्रेन लेकर जा रहे थे। इसी क्रम में उन्हें ट्रैक पर एक महिला सोती हुई दिखाई दी, तो उन्होंने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोक लिया और दोनों रेलकर्मियों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए महिला को समझा-बुझाकर ट्रैक से दूर कर, उसे ग्रामीणों के हवाले किया और ट्रैक सुरक्षित होने की पुष्टि के बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया। समस्तीपुर मंडल के इन सभी रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा द्वारा सराहना पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर वरीय मंडल विद्युत इंजीनियर (परिचालन) संजय कुमार भी उपस्थित थे। रेलवे प्रशासन ने कहा है कि ये घटनाएं दशार्ती हैं कि रेलकर्मी सिर्फ अपने तकनीकी कर्तव्यों का पालन ही नहीं करते, बल्कि उनके भीतर समाज के प्रति गहरी मानवीय संवेदना भी है। इन लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों की सजगता के कारण कई परिवार उजड़ने से बच गए।

## खरीफ कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम आयोजित

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** प्रखंड के सुल्तानपुर घटहो पंचायत,वार्ड 08 स्थित बाला पाकड़ चौक, महावीर मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार को खरीफ कृषि जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष अरविंद कुमार ज्योति ने की। अपने संबोधन में सुल्तानपुर घटहो के कृषि कॉर्डिनेटर अभिषेक कुमार गुप्त ने कृषि विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, जल जीवन हरियाली तथा जलवायु अनुकूल कृषि आदि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही किसानों की योजनाओं से जुड़ी समस्या का समाधान किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी उज्जवल कुमार किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ लाभ लेने हेतु अपना डिजिटल पहचान फॉर्मर आई डी बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि फॉर्मर आई डी बनाने का कार्य विभाग द्वारा विगत कई दिनों से किया जा रहा है। जमाबंदी वाले किसान कॉर्डिनेटर एवं किसान सलाहकार द्वारा यह कार्य अतिशीघ्र पूरा कर लें। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शांता कुमार चौधरी ने किसानों को खेती को लाभकारी बनाने के उपायों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा आवश्यकता से अधिक मात्रा में नत्रजन उर्वरक का प्रयोग खेत को बंजर बनाने के साथ साथ फसल में कीट व्याधि की समस्या को बढ़ाती है। इससे फसल के पकने की अवधि बढ़ जाती है। साथ ही फसल की अधिक बढ़वार होने के कारण फसल गिरने का डर बना रहता है।जिससे खेती में लागत बढ़ने के साथ उत्पादन में काफी गिरावट आती है। कृषि कॉर्डिनेटर उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने खेती में लागत को कम एवं फसल के अच्छे उत्पादन के लिए कृषि में गुणवत्ता पूर्ण बीज, व आधुनिक यंत्रों के इस्तेमाल की सलाह दी। आत्मा अध्यक्ष अरविंद कुमार ज्योति ने किसानों से खरीफ योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। चौपाल कार्यक्रम को किसान नेता अमरेश कुमार महतो ने भी संबोधित किया। मौके पर आत्मा के सहायक तकनीकी प्रबंधक अरविंद कुमार पाण्डेय, किसान सलाहकार पंकज कुमार साह एवं कई प्रगतिशील कृषक मौजूद थे।



संबोधित करते पदाधिकारी।

## आपातकाल लोकतांत्रिक मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार : शशिधर झा

### युवा पीढ़ी को इतिहास से सीख लेने का आह्वान

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्यापतिनगर दक्षिणी मंडल भाजपा कार्यकताओं ने गुरुवार को बाजिदपुर में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष बैठक का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं ने आपातकाल को लोकतांत्रिक मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार बताते हुए उस दौर के संघर्षों और लोकतंत्र रक्षकों के योगदान को स्मरण किया। अध्यक्षता भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शशिधर झा ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने किया। अपने संबोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष शशिधर झा ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए उस दौर के संघर्षों को याद रखना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। बैठक में आपातकाल के दौरान सक्रिय भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता अर्जुन झा व मदन सिंह को अंगवस्त्र और सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र केवल एक शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। इसकी रक्षा के लिए अनेक लोगों ने संघर्ष और त्याग किया है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई।



# कृषि मंत्रालय के सलाहकार ने की लागत सर्वेक्षण योजना की समीक्षा

### योजना कार्यान्वयन हेतु देश की सर्वोत्तम एजेंसियों में डीआरपीसीएयू है शामिल

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में आज भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अर्थशास्त्र, सांख्यिकी एवं मूल्यांकन प्रभाग के सलाहकार (कॉस्ट) डॉ. डी.पी. श्रीवास्तव ने कॉम्प्रिहेंसिव कॉस्ट ऑफ कल्टीवेशन स्कीम की गहन समीक्षा की। देश के लगभग 21 राज्यों में चल रही इस योजना के तहत फसलों की लागत संबंधी आंकड़े किसानों से एकत्र कर अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को भेजे जाते हैं, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारण का आधार बनते हैं। बिहार में डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय योजना की कार्यान्वयन एजेंसी है।

इस दौरान डॉ. श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम योजना के अधिकारियों और फील्ड स्टाफ के साथ बैठक कर जमीनी चुनौतियों पर चर्चा की एवं समाधान सुझाए। उन्होंने कहा कि फील्ड स्टाफ की मेहनत से ही योजना सफल होती है। इसके बाद उन्होंने डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय से भेंट की। इस दौरान पीजीसीए के अधिष्ठाता डॉ. मयंक राय भी मौजूद रहे। बैठक में डॉ. श्रीवास्तव ने कहा, कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय द्वारा बिहार में कॉम्प्रिहेंसिव कॉस्ट ऑफ कल्टीवेशन स्कीम (खेती में विस्तृत रूप से आने वाली लागत योजना) का कार्य काफी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। यह देश की सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन एजेंसियों में से एक है। योजना की सटीकता ही किसानों को उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने का आधार है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय के नेतृत्व में डॉ ऋतंभरा सिंह, डॉ देवेश कुमार पंत सहित सभी फील्ड सुपरवाइजर्स एवं फील्ड स्टाफ की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि सभी की मेहनत तारीफ के काबिल है और यह इस विश्वविद्यालय के, देश और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा से, कार्य करने की शैली को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि डॉ ऋतंभरा सिंह द्वारा दिया गया 2026-29 ब्लॉक के लिए किसानों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर कृषि विज्ञान केन्द्र से जोड़ने का सुझाव सराहनीय है। इससे वास्तविक समय में समस्याओं का समाधान होगा और किसान विश्वविद्यालय की तकनीक व नीतियों का सीधा लाभ ले पाएंगे।


निरीक्षण दल के साथ वीसी व अन्य।

कुलपति से विशिष्ट भेंट में उन्होंने उनके द्वारा किए गए दीक्षारंभ सहित विभिन्न नवाचारों कि भी प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुशासन, हरियाली और स्वच्छता भी अनुकरणीय है।

इस क्रम में कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, कृषि मूल्य नीति देश के करोड़ों किसानों के जीवन से जुड़ी है। एमएसपी का आधार बनने वाली खेती की लागत का डाटा एकत्रित करने वाली इस योजना में विश्वविद्यालय की टीम पूरी निष्ठा से काम कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि, किसानों से सही और समय पर डाटा लेकर अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तक पहुंचाया जाए। मंत्रालय के सलाहकार डॉ. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और सराहना से हमारा मनोबल बढ़ा है। विश्वविद्यालय प्रशासन इस योजना को हर संभव संसाधन और सहयोग देता रहेगा। समीक्षा के बाद डॉ. श्रीवास्तव मुजफ्फरपुर के मुसहरी प्रखंड स्थित नरौली डीह गांव पहुंचे और किसानों से संवाद किया। मौके पर फील्ड सुपरवाइजर डॉ. इरशाद आलम, डॉ. अजय झा, कुलदीप कुमार, डॉ. प्रियंका कुमारी और सहायक सांख्यिकीविद गौरव कुमार भी उपस्थित रहे। फील्ड ऑफिसर डॉ. देवेश कुमार पंत ने किसानों को नियमित सहयोग का आश्वासन देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नवमी तिथि पर निकाला जुलूस. युवाओं ने दिखाया अपना करतव

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में मनाई जा रहे मोहर्रम पर्व के नवमी तिथि पर गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा विशाल जुलूस निकाला गया. पौराणिक परंपरा को जीवित बनाए रखने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के बेगरा, गढ़िया, नरसाम ,औसी सहित कल 30 से अधिक अखाड़े के लगभग 10 से 15 हजार लोगों ने इस जुलूस में भाग लिया. जुलूस में युवाओं के द्वारा लाठी का करतव देखते ही बनता था. देशभक्ति की झलक भी देखने को मिला. चारों तरफ से पहुंची जुलूस गढ़िया हाट के परिसर में एकत्रित होकर यहां युवाओं ने अपने-अपने कला कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों को दिल जीत लिया. इस्लामिक कैलेंडर का पहले महीने मोहर्रम की नवमी तिथि को गढिया में जुलूस निकालने की दशकों पुरानी परंपरा है. प्रखंड क्षेत्र में मोहर्रम के दौरान 2 दिन जुलूस निकल जाता है. स्थानीय प्रशासन जुलूस के दौरान चौकसी बरती देखी गई. मौके पर एसडीएम सारंग पाणी पांडेय, एसडीपीओ अमित कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार, बीडीओ बसंत कुमार सिंह, सीओ संतोष कुमार सिंह, बीपीआरओ शेखर कुमार थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार, अनुराग कुमार, आदित्य कुमार भगत सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित रहे.



### स्वागत सप्ताह के मौके पर बच्चों को फूलों से किया गया स्वागत

**बिस्फी (एनएसबी)।** शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश के आलोक में ग्रीष्मावकाश के बाद प्राथमिक विद्यालय चंद्रवाना सहित प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में पहुंचे बच्चों के लिए एक विशेष स्वागत सप्ताह समारोह का आयोजन की जा रही है. हर बच्चे का स्वागत हर सपना का सम्मान थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में गुरुवार को विद्यालय लौटे छात्र छात्राओं का अत्यंत कमजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया गया. इस गरिमामय स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमोद साफी ने किया. विद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही सभी बच्चों का शिक्षकों द्वारा एक-एक फूल देकर अभिनंदन किया गया. इसके उपरांत परंपरा के अनुसार बच्चों को तिलक लगाया गया. और शिक्षकों ने हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया. इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों से हाथ मिलाकर उनके द्वारा गर्मी की छुट्टी में बिताए गए समय और उनके अनुभवों मूल्यांकन के बारे में आत्मीय चर्चा की. इस अंगूठे और स्नेह पूर्ण स्वागत से बच्चों के बीच खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया. इस स्वागत सप्ताह कार्यक्रम को सफल बनाने विद्यालय के शिक्षक ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई.



### पांच सूत्री मांगों को लेकर खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**जयनगर (एनएसबी)।** बिहार प्रांतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन अंचल कमिटी, जयनगर के बैनर तले गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के समक्ष पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन "घेरा डालो-डेरा डालो" कार्यक्रम की शुरूआत की गई। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजू देवी ने की। बड़ी संख्या में यूनियन से जुड़े कार्यकताओं एवं ग्रामीण मजदूरों ने धरना में भाग लेकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भूमि संबंधी मामलों के समाधान में अनावश्यक विलंब, पचार्धारियों को दखल-दिहानी नहीं मिलना तथा अंचल कार्यालय में व्याप्त बिचौलिया प्रथा के कारण गरीब एवं भूमिहीन परिवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई करते हुए लंबित मामलों का निष्पादन करने की मांग की। यूनियन की प्रमुख मांगों में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर के पत्रांक-06 दिनांक 18 अगस्त 2023 के थाना दिवस भूमि पंजी केस संख्या 06/2023-24 के आदेश का पालन सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अलावा बरही पंचायत सहित जयनगर प्रखंड के सभी पचार्धारियों को शीघ्र दखल-दिहानी दिलाने, अंचल कार्यालय को बिचौलियों के प्रभाव से मुक्त कराने तथा दाखिल-खारिज और परिमार्जन कार्यों में सरकारी तंत्र एवं बिचौलियों द्वारा किए जा रहे कथित लूट-खसोट पर रोक लगाने की मांग भी उठाई गई। धरनार्थियों ने बताया कि अंचल कार्यालय में 4 सितंबर 2023 को 152 तथा 13 सितंबर 2023 को 188 भूमिहीन परिवारों द्वारा वासगीत पर्चा के लिए आवेदन जमा किया गया था, लेकिन अब तक उन परिवारों को पर्चा निर्गत नहीं किया गया है। यूनियन ने सभी पात्र भूमिहीन परिवारों को जल्द से जल्द वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने की मांग की है। धरना स्थल पर मौजूद नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब, भूमिहीन और मजदूर परिवारों के अधिकारों की रक्षा के लिए यूनियन लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर शशि भूषण प्रसाद, शेखर यादव, गणेश यादव, मंजू देवी, पूनम देवी, अनिता देवी, मुन्नी देवी, अमीरती देवी, रीता देवी सहित बड़ी संख्या में यूनियन कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### बेनीपट्टी प्रखंड कांग्रेस में नए अध्यक्ष ने संभाला पदभार, नीट पेपर लीक के विरोध में पुतला दहन

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को नए प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष कौशल किशोर चौधरी ने नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष कालिश चंद्र झा उर्फ कन्हैया झा को विधिवत पदभार सौंपा। समारोह में पूर्वी मधुबनी जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बेनीपट्टी विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी नलिनी झा रूपन तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नलिनी झा रूपन ने कहा कि कन्हैया झा के नेतृत्व में बेनीपट्टी कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य तेज गति से आगे बढ़ेगा। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि आज का कांग्रेस कार्यकर्ता पहले से अधिक दृढ़संकल्पित एवं संघर्षशील है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में कांग्रेस की विचारधारा के साथ मजबूती से खड़े रहना साहस और निडरता का परिचायक है। कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र, संविधान एवं जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। पदभार ग्रहण समारोह के उपरांत कांग्रेस कार्यकताओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।



### जयनगर +2 उच्च विद्यालय में एनसीसी भर्ती कार्यक्रम सम्पन्न

**जयनगर (एनएसबी)।** पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को 2026 बैच के एनसीसी कैडेटों का भर्ती कार्यक्रम आयोजित हुआ। 34 बिहार बटालियन एनसीसी के पीआई हवलदार देवव्रत सिंह एवं हवलदार वीर बहादुर गुरुंग के द्वारा छात्रों की भर्ती एनसीसी टूप के लिए की गई। चयन प्रक्रिया में 400 मीटर दौड़, 20 पुश अप, 20 सिट अप, आई टेस्ट आदि के पैमाने पर जाँचकर छात्रों की भर्ती की गई । 368/34 टूप के एएनओ डॉ. केशव चन्द्र झा के संयोजकत्व एवं प्रधानाध्यापक सुनील कुमार की उपस्थिति में पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों के चयन एवं भर्ती प्रक्रिया में सीनियर कैडेट आकाश कुमार, प्रिंस कुमार, जय नारायण भगत, विवेक कुमार ठाकुर, अभिषेक कुमार कर्ण आदि उपस्थित होकर पीआई को सहयोग प्रदान किया।

# लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन एवं क्षमतावर्धन की हुई समीक्षा

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक अंतर विभागीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, लंबित मामलों, जन शिकायतों, न्यायालयीन वादों, राजस्व वसूली तथा विकास योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सेवा-संवाद-समाधान एवं सहयोग शिविर पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्राप्त शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए।



जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

जिलाधिकारी ने लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन एवं क्षमता वर्धन की समीक्षा साथ ही जिला स्तरीय जनता दरबार, मुख्यमंत्री जनता दरबार, सीपीग्राम, सूचना का अधिकार एवं अन्य शिकायत निवारण मंचों पर लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में नीलाम पत्र शाखा की समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को बड़े राजस्व वाले मामलों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई एवं निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली से संबंधित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा वसूली की गति बढ़ाई जाए। उच्च न्यायालय में लंबित सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, एलपीए एवं अन्य न्यायालयीन मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समय पर शपथ-पत्र, प्रतिवेदन एवं आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि न्यायालयीन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी मामलों का प्रभावी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

विकास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं से योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्यों में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विकासात्मक योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उक्त बैठक में सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

## नशा मुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सबसे बड़ी शक्ति : जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** नशे की लत पर विजय पाने वाले लोगों ने साझा किए अपने अनुभव, युवाओं से की नशे से दूर रहने की अपील नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताह के अवसर पर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखते हुए उन्हें सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से नशा उन्मूलन के लिए जन-जागरूकता फैलाने तथा समाज में नशा के विरुद्ध वातावरण तैयार करने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने कहा कि नशे के विरुद्ध अभियान केवल प्रशासनिक प्रयासों से सफल नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नशे के कारोबार एवं सेवन के विरुद्ध जागरूक रहने तथा प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति केंद्र के संचालक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य), उत्पाद अधीक्षक तथा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा नशे के बढ़ते दुष्प्रभाव, इसके सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान तथा नशा मुक्ति के उपायों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि पूर्व में नशे की लत का शिकार रहे तथा वर्तमान में उससे पूर्णतः मुक्त हो चुके व्यक्तियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, परिवार के सहयोग एवं नशा मुक्ति केंद्रों की सहायता से उन्होंने अपनी बुरी आदतों पर विजय प्राप्त की। उनके प्रेरणादायक अनुभवों ने उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मुकेश रंजन, नशा मुक्ति केंद्र के संचालक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य), उत्पाद अधीक्षक विजय कुमार ठाकुर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नितेश पाठक, आंगनबाड़ी सेविकाएं, आशा कार्यकर्ता सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित डीएम,एसपी ।

## 'नशा के बढ़ते दुष्प्रभाव' विषय पर बच्चों ने प्रस्तुत किए रचनात्मक विचार

**मधुबनी (एनएसबी)।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पंडौल में बच्चों के बीच 'नशा के बढ़ते दुष्प्रभाव' विषय पर पेंटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं के बीच नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं रचनात्मकता का परिचय देते हुए नशे के दुष्प्रभावों को आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने नशे से होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।पेंटिंग प्रतियोगिता में समग्र प्रदर्शन के आधार पर वीणा भारती (वर्ग-11) ने प्रथम, शिवम कुमार (वर्ग-07) ने द्वितीय तथा केशव कुमार (वर्ग-08) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिमांशु कुमार (वर्ग-08) ने प्रथम, प्रिंस कुमार शर्मा (वर्ग-12) ने द्वितीय तथा सोनाक्षी कुमारी (वर्ग-08) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों को सहायक निर्देशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मधुबनी नितेश कुमार पाठक की द्वार सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करने का संदेश दिया गया। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों एवं युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।


बच्चे सम्मानित होते।

## उर्वरक कालाबाजारी के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई,दुकानदार पर प्राथमिकी दर्ज

**मधुबनी (एनएसबी)।** किसानों को निर्धारित दर एवं समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश के आलोक में जिला कृषि पदाधिकारी, मधुबनी ललन कुमार चौधरी द्वारा लौकही प्रखंड क्षेत्र में उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गयालिए लिए लिए 'निरीक्षण के दौरान जगदंबा इंटरप्राइजेज, डकही में गंभीर अनियमितता पाई गई। जांच के क्रम में पाया गया कि जिला कृषि कार्यालय के में संबंधित प्रतिष्ठान के पास 234 बैग (10.53 मीट्रिक टन) यूरिया उपलब्ध दशार्या गया था। किंतु भौतिक सत्यापन के दौरान प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर नीतीश कुमार के भाई श्री अवध कुमार साह द्वारा मात्र 62 बैग नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड कंपनी का यूरिया उपलब्ध कराया गया। रिकॉर्ड एवं भौतिक भंडार के बीच भारी अंतर पाए जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा संबंधित पक्ष से स्पष्टीकरण मांगा गया, किंतु उपलब्ध उर्वरक की कमी के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रथम दृष्टया यह मामला उर्वरक की कालाबाजारी एवं अनियमित वितरण से संबंधित प्रतीत होने पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा आंध्रामठ थाना में संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उर्वरकों की जमाखोरी,कालाबाजारी अथवा वितरण में अनियमितता करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी प्रखंडों में उर्वरक प्रतिष्ठानों की नियमित एवं सघन जांच जारी रखने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन किसानों से भी अपील करता है कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूली जाती है, उर्वरक उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा कालाबाजारी की सूचना प्राप्त होती है, तो इसकी जानकारी तत्काल कृषि विभाग अथवा जिला प्रशासन को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।जिला प्रशासन भविष्य में भी ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखेगा।

## तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को शीघ्र गति देने हेतु पथ निर्माण मंत्री से मिले : विधायक माधव आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मधुबनी विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता विधायक दल श्री माधव आनंद ने पटना में बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को शीघ्र गति देने की मांग की। बैठक में निधि चौक से रेलवे स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण, हनुमान मंदिर से रेलवे गुमटी संख्या-13 तक सड़क निर्माण तथा कोतवाली चौक से एनएच-57 (पेठघाट) तक प्रस्तावित सड़क निर्माण परियोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक ने मंत्री को बताया कि ये तीनों परियोजनाएं मधुबनी नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के लाखों लोगों के दैनिक आवागमन, व्यापारिक गतिविधियों, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं से सीधे जुड़ी हुई हैं।उन्होंने विशेष रूप से कोतवाली चौक से एनएच-57 (पेठघाट) तक प्रस्तावित सड़क को क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग बताते हुए कहा कि इसके निर्माण से यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संपर्क और अधिक सुगम बनेगा।

श्री आनंद ने कहा कि इन परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वे लगातार विभागीय स्तर पर प्रयासरत हैं तथा संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने मंत्री से जनहित एवं क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आग्रह किया।पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।बैठक के बाद विधायक माधव आनंद ने कहा कि मधुबनी की जनता ने विकास और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने की जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसके प्रति वे पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के संबंध में शीघ्र ही सकारात्मक प्रगति देखने को मिलेगी।उन्होंने कहा, मधुबनी के विकास से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को मैं पूरी मजबूती के साथ उठा रहा हूं। जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए मेरा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।


मंत्री से मिलते विधायक।

## सैकड़ों परिवारों के आवागमन का एकमात्र मार्ग जर्जर, निर्माण की मांग को लेकर फिर मुखर हुए सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोक नाथ झा

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी प्रखंड के अकौर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-03 स्थित सुंदरपुर टोला, केशुली गांव में वर्षों से जर्जर एवं दुर्घटनाग्रस्त सड़क के निर्माण की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। सामाजिक सह आरटीआई कार्यकर्ता त्रिलोक नाथ झा ने ग्रामीण कार्य विभाग, बेनीपट्टी के कार्यपालक अभियंता को आवेदन देकर सड़क के शीघ्र निर्माण एवं मरम्मती की मांग की है।

दिए गए आवेदन में श्री झा ने बताया है कि उक्त सड़क सैकड़ों अनुसूचित जाति एवं अन्य समुदाय के परिवारों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण ग्रामीणों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तालाब के किनारे स्थित यह मार्ग काफी संकीर्ण एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार छोटे बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं तथा पशु-मवेशी इस जर्जर सड़क से फिसलकर तालाब में गिर चुके हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है। सड़क पर जलजमाव एवं फिसलन के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोक नाथ झा ने जनहित एवं ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित स्थल का तत्काल निरीक्षण कराने, तकनीकी जांच करवाने तथा सड़क के शीघ्र निर्माण अथवा सुदृढ़ मरम्मती की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन गंभीर दुर्घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।इस संबंध में उन्होंने आवेदन की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी, बेनीपट्टी को भी सौंप दी है। साथ ही ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव को भारतीय डाक के माध्यम से विस्तृत आवेदन भेजकर मामले में उच्चस्तरीय हस्तक्षेप की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सामाजिक सह आरटीआई कार्यकर्ता त्रिलोक नाथ झा पिछले कई वर्षों से क्षेत्र की जर्जर सड़कों, जनसुविधाओं एवं विकास संबंधी समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे हैं। सूचना का अधिकार (आरटीआई), जनशिकायत, पत्राचार एवं सोशल मीडिया के माध्यम से वे जनहित के मुद्दों को प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने भी उम्मीद जताई है कि इस बार विभाग उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए सड़क निर्माण की दिशा में शीघ्र पहल करेगा।


कार्यपालक अभियंता को मांग पत्र देते।

## भाजपा जे पी सेनानी को सम्मानित करने का ढोंग रच रहा : हनुमान राऊत

**मधुबनी (एनएसबी)।** 25 जून के ही दिन आधी रात मे आपातकाल लगा था और सविधान के कुछ अंश को प्रभावित किया था तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जिसकी सजा 77मे जनता ने सरकार से बे दखल कर दिया था. भाजपा जे पी सेनानी को सम्मानित करने का ढोंग रच रहा है यें बाते राजद के प्रदेश महाचिव हनुमान प्रसाद राउत ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा हैं. राउत ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ बढ़ते जन आक्रोश से लोगो का ध्यान हटाने के लिए यें ढोंग रचा हैं. उन्होंनो बताया कि देश मे 12वर्षो से मोदी की सरकार है जे पी सेनानी संगठन ने दर्जनों वार दिल्ली मे धरना देकर स्वतन्त्रता सेनानी की तरह जे पी सेनानियों को भी सम्मान देने की मांग किया. लेकिन आजतक वो लागू नहीं हुआ. यहाँ तक कि गुजरात मे आज तक जे पी सेनानियों को सम्मान नहीं दिया.

**चार दिवसीय मुजफ्फरपुर पुस्तक मेला का हुआ विधिवत उद्घाटन, पर्यटन मंत्री ने किया अवलोकन, उद्घाटनकर्ता राकेश साहू ने कहा-**

# जो पुस्तकों के आगे झुकते हैं उन्हें किसी और के आगे झुकने की जरूरत नहीं पड़ती

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जो पुस्तकों के आगे झुकते हैं उन्हें किसी और के आगे झुकने की जरूरत नहीं पड़ती। उक्त बातें आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष राकेश कुमार साहू ने गुरुवार को नगर के कलमबाग रोड स्थित आदर्श छात्रावास के वातानुकूलित सभागार में आयोजित चार दिवसीय मुजफ्फरपुर पुस्तक मेला का दीप प्रज्ववलित कर उद्घाटन करते हुए कही।

समय इंडिया ट्रस्ट नई दिल्ली, पुस्तक मेला समिति (रजि.) नई दिल्ली एवं प्रज्ञा रिसर्च एसोसिएशन रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पुस्तक मेला के उद्घाटन के मौके पर अतिथि के रूप में राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, पूर्व विधायक एवं वाणिज्य कॉलेज के संस्थापक केदारनाथ प्रसाद, एडीएम कुमार प्रशांत, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र त्रिपाठी सहित अनेक शिक्षाविद्, साहित्यकार, प्रशासनिक अधिकारी एवं पुस्तक प्रेमी उपस्थित थे।

अपने उद्घाटन संबोधन में उद्घाटनकर्ता राकेश कुमार साहू ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) का दौर नई संभावनाओं का दौर है। इससे डरने की नहीं, बल्कि इसे अवसर के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीक मानव की सहायता कर सकती है, लेकिन मानवीय संवेदनाएं, विवेक और बौद्धिक क्षमता का विकल्प कभी नहीं बन सकतीं।

वही मौके पर उपस्थित राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान, संस्कार और विचारों की सबसे बड़ी पूंजी हैं। पुस्तक मेला समाज में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी को ज्ञान से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन ज्ञान के प्रसार और समाज के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ हीं उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से पुस्तक मेले में आने का आह्वान किया। वही पूर्व विधायक केदारनाथ प्रसाद ने कहा कि पुस्तकें मनुष्य के तन और मन दोनों को निर्मल बनाती हैं। पुस्तकों से बढ़कर कोई देवालय नहीं और अच्छी पुस्तकें जीवन की सबसे प्रभावी दवा होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि प्रतिदिन पढ़ने और लिखने की आदत व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करती है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन डायरी लिखने का आग्रह करते हुए कहा कि यही डायरी भविष्य में उनकी आत्मकथा का आधार बन सकती है। जबकि समारोह में उपस्थित एडीएम कुमार प्रशांत ने कहा कि बदलते समय में तकनीक का महत्व बढ़ा है, लेकिन पुस्तकों का कोई विकल्प नहीं है। नई पीढ़ी को मोबाइल स्क्रीन से आगे बढ़ाकर पुस्तक संस्कृति से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।



पुस्तक मेला उद्घाटन समारोह को संबोधित करते पर्यटन मंत्री।

**पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा- पुस्तकें ज्ञान, संस्कार और विचारों की सबसे बड़ी पूंजी**

उद्घाटन से पूर्व समय इंडिया ट्रस्ट नई दिल्ली के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने सभी अतिथियों का पारंपरिक बुके के स्थान पर पुस्तक भेंट कर स्वागत व सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सम्मान का सबसे श्रेष्ठ माध्यम पुस्तक है, क्योंकि पुस्तक केवल उपहार नहीं बल्कि आजीवन प्रेरणा देती है। इस दौरान मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पुस्तक मेला का भ्रमण करते हुए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और अपनी रुचि की अनेक पुस्तकें खरीदीं।

मौके पर पुस्तक मेला के आयोजकों ने मुजफ्फरपुर एवं आसपास के जिलों के विद्यार्थियों, शिक्षकों, साहित्यकारों और पुस्तक प्रेमियों से 28 जून तक चलने वाले इस पुस्तक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी पसंद की पुस्तकें चुनने और ज्ञान के इस उत्सव का हिस्सा बनने की अपील की।


## कबाड़ी गोदाम में देर रात अचानक लगी भीषण आग, रिहायशी इलाके में घंटों मची रही अफरा तफरी

**चार घंटे की मशक्कत के बाद पंद्रह दमकल गाड़ियों ने आग पर पाया काबू**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के समीप स्थित एक बड़े कबाड़ी गोदाम में बुधवार की देर रात अचानक लगी आग के कारण आसपास के रिहायशी इलाके में घंटो अफरा तफरी औऱ भागदौड़ की स्थिति बनी रही। कबाड़ी गोदाम में लगी आग की उठती ऊँची लपटें औऱ काले धुंए के आसमान में उठते गुबार को देख डरे सहमें लोग आग पर नियंत्रण पाने के लिए हाय तौबा मचाते रहे। घटना की सुचना मिलते हीं मौके पर पहुंची दमकल की लगभग पंद्रह गाड़ियों की मदद से लगभग 4 घंटे की मशक्क्त के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

वही इस भीषण आगलगी की घटना में कबाड़ी गोदाम सहित उसमे रखे लाखो रुपए के सामान राख के ढेर में बदल चुके थे। देर रात गोदाम में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। वही फायर बिग्रेड की टीम ने बिजली के शौर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रात लगभग 12 बजे कबाड़ी गोदाम से धुएं और आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठती देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग जबतक कुछ समझ पाते, तब तक आग पूरे गोदाम में फैल चुकी थी। चिंताजनक बात यह थी कि जिस स्थान पर आग लगी थी, वह घनी आबादी वाला रिहायशी इलाका है। गोदाम के आसपास बहुमंजिला इमारतें, दर्जनों लग्जरी वाहन और कई आवासीय परिसर मौजूद हैं। ऐसे में किसी बड़े हादसे की आशंका से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। आग की लपटें कबाड़ी गोदाम के आसपास के घर तक नहीं पहुँचे, इसके लिए स्थानीय लोग हाय तौबा मचाते हुए बड़ी अनहोनी की आशंका से घिरे रहे।

उधर, भीषण आगलगी की सुचना मिलते ही हरकत में आई फायर बिग्रेड की टीम एक के बाद एक लगभग पंद्रह छोटी बड़ी दमकल गाड़िया घटनास्थल पर बुलाकर आग को नियंत्रित करने में जुटी रही। लेकिन कबाड़ी गोदाम में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील कबाड़ सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। आग की लपटें इतनी तीव्र थीं कि दमकल कर्मियों को सुरक्षित दूरी बनाकर आग बुझाने का अभियान चलाना पड़ा औऱ लगभग चार घंटे के भारी मशक्क्त के बाद गुरुवार की सुबह आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। हालांकि इस दौरान जान माल के नुकसान की अप्रिय घटना नहीं हुई।


कबाड़ी गोदाम में आग की उठती लपटें और काले धुंए के आसमान में उठते गुबार से मची अफरा तफरी।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय रहते दमकल टीम के पहुंच जाने से आग को आसपास के मकानों और वाहनों तक फैलने से रोक लिया गया। यदि आग पर शुरूआती दौर में नियंत्रण नहीं पाया जाता तो यह हादसा कहीं अधिक भयावह रूप ले सकता था। राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वही प्रशासन ने पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर रिहायशी इलाकों के बीच संचालित बड़े कबाड़ी गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे गोदामों की जांच और सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

# शादी समारोह में हर्ष फायरिंग, दुल्हन के मामा को लगी गोली, मौत से पसरा मातम

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले के करजा थाना क्षेत्र के भटौना गांव में बुधवार की देर रात चल रही शादी समारोह की खुशियां कुछ हीं पल में मातम में बदल गईं। शादी समारोह के दौरान हीं देर रात की गई हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक को गोली लग गई। घायल युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़ और मामले की जांच को पहुंची पुलिस।


घटना के संबंध में शादी समारोह में शामिल रहे लोगो से पूछताछ करते पुलिस पदाधिकारी।

मृतक की पहचान मुशहरी थाना क्षेत्र निवासी रंजीत सहनी के रूप में हुई है। वह रिश्ते में दुल्हन का सगा मामा था। भगनी की शादी में शामिल होने आए मामा की शादी के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में गोली लगने से मौत की खबर आते ही शादी का जश्न पलभर में शोक में बदल गया। जहाँ कुछ देर पहले शहनाई बज रही थी, मंगल गीत गाए जा रहे थे, उस घर में रुदन क्रदन और कोहराम मच गया। वही घटना की सुचना मिलते हीं करजा थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची तथा प्रारंभिक जांच के बाद मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार एफएसएल टीम के साथ पुलिस ने जांच के लिए घटनास्थल से साक्ष्य संग्रह कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। बताया गया है कि भटौना गांव निवासी शंभू सहनी की भतीजी की बुधवार की रात शादी थी।

घर में बारात के स्वागत और शादी की रस्मों को लेकर उत्साह का माहौल था। द्वारपूजा की तैयारी चल रही थी, तभी अचानक हर्ष फायरिंग हुई। इसी दौरान चली एक गोली रंजीत साहनी को जा लगी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

मृतक के परिजनों का कहना है कि शादी समारोह के दौरान किसी ने गोली चलाई, जिससे यह हादसा हुआ। वही पुलिस शादी समारोह में आए लोगो से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है। मृतक के परिजन इसे अचानक हुई घटना मानने को तैयार नहीं है।

परिजनों का कहना है कि गोली मारकर सीधे हत्या की गई है। इस मांमले में पुलिस का कहना है की हर्ष फायरिंग के दौरान घटना हुई या साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया, इन सभी बिन्दुओ को ध्यान में रखकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## कांटी में विश्वकर्मा मोबाइल का खुला तीसरा काउंटर

**एक ही छत के नीचे मिलेगा ब्रांडेड मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान**

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी क्षेत्र में ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विश्वकर्मा मोबाइल ने कांटी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 17 स्तिथ कांटी नया चौक पर अपने तीसरे काउंटर का गुरुवार को शुभारंभ किया। नए काउंटर खुलने से स्थानीय लोगों को ब्रांडेड कंपनियों के मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के लिए काँटी क्षेत्र से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

शोरूम में विभिन्न नामी कंपनियों के स्मार्टफोन, मोबाइल एक्सेसरीज, स्मार्ट गैजेट्स, एसी, फ्रिज, कूलर, पंखा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए आसान फाइनेंस की व्यवस्था भी की गई है, जिससे लोग अपनी पसंद के मोबाइल व अन्य सामान खरीद सकेंगे। शोरूम संचालक तारकेश्वर कुमार ने बताया कि ग्राहकों को बेहतर सेवा और उचित कीमत पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराना उनका मुख्य उद्देश्य है। नए शोरूम के उद्घाटन अवसर पर स्थानीय लोगों और ग्राहकों में काफी उत्साह देखा गया। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे समय और यात्रा खर्च दोनों की बचत होगी तथा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आधुनिक सुविधाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगा।



नए काउंटर से ग्राहकों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी देते संचालक।

## बाबा गरीब नाथ धाम से नगर निगम की नई विद्युत व्यवस्था कार्य का शुभारंभ

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर निगम द्वारा बाबा गरीबनाथ धाम से नई विद्युत व्यवस्था के कार्य का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर महापौर निर्मला साहू एवं उपमहापौर मोनालिसा ने पूजा-अर्चना कर कार्य की शुरूआत की।कार्यक्रम में बाबा गरीबनाथ धाम के प्रधान पुजारी विनय पाठक के द्वारा पूजा करवाया गया। स्थानीय पार्षद के.पी. पप्पू, उपनगर आयुक्त, सिटी मैनेजर तथा विद्युत विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम की ओर से बताया गया कि बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए फिलिप्स कंपनी के ओरिजिनल एवं उच्च गुणवत्ता वाले तार तथा उत्कृष्ट स्विच लगाए जाएंगे। पूजा-अर्चना के उपरांत इन सामग्रियों के स्थापना कार्य का शुभारंभ किया गया।

## मजदूर नेता कॉमरेड इदरीश का निधन, जनाजे में उमड़ा सैलाब

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** आजीवन मजदूरों किसानों की हक की लड़ाई लड़ने वाले वेटरन ट्रेड यूनियन लीडर एवं एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला कमिटी सदस्य रहे मोहम्मद इदरीश का निधन बुधवार को हो गया। कॉमरेड इदरीश काफी समय से गले के कैंसर से लड़ रहे थे। सोमवार शाम उनकी तबीयत अचानक बिगड़ जाने के कारण उन्हें जूरन छपरा स्थित प्रशान्त मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। स्थिति अत्यन्त नाजुक होने पर मंगलवार को उन्हें वेंटिलेटर पर भी रखा गया, लेकिन जीवन और मृत्यु के इस भौतिक संघर्ष में बुधवार को उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली।



मजदूर नेता की अंतिम यात्रा में शामिल लोग।

कॉमरेड इदरीश का सम्पूर्ण जीवन मजदूर वर्ग, शोषितों और मेहनतकश अवाम की मुक्ति के संघर्ष को समर्पित रहा। एक सच्चे कम्युनिस्ट और जुझारू ट्रेड यूनियन नेता के रूप में, उन्होंने पूंजीवादी शोषण के खिलाफ हमेशा अडिग होकर मोर्चा सम्भाला। उन्होंने अपना पूरा जीवन वर्ग-संघर्ष को तेज करने और सर्वहारा वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए न्योछावर कर दिया। लोगो के अंतिम दर्शन के लिए पार्टी और संगठन कार्यालय में उनका पार्थिव शरीर रखा गया था, जहाँ से गुरुवार को उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। वही उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए विभिन्न सेक्टरों में काम करने वाले मजदूरों, किसानों एवं शहर के सामाजिक कार्यकताओं का सैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम यात्रा से पहले मोतीझील स्थित एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) कार्यालय में उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के बिहार राज्य सचिव एवं केंद्रीय कमिटी सदस्य अरुण कुमार सिंह की ओर से लालबाबू महतो ने माल्यार्पण किया। उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने वालों में प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, एआईयूटीयूसी के बिहार राज्य सचिव सुर्यकर जितेन्द्र, पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य अर्जुन कुमार, भाकपा माले के पूर्व जिला सचिव कृष्णमोहन, सीपीआई एमएल के जिला सचिव उदय चौधरी, एमसीपीआई(यू) के राज्य सचिव चन्द्रमोहन प्रसाद, गांधी शांति प्रतिष्ठान के पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र कुमार, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (सेवांजलि) के शंभू शरण ठाकुर, फुटपाथी दुकानदार यूनियन के मोहम्मद यूनुस, वरिष्ठ अधिवक्ता बालेश्वर रसुलपुरी, अधिवक्ता एवं ट्रेड यूनियन नेता ललितेश्वर मिश्र, नरेंद्र मिश्र ,सीपीआई के चन्द्रेश्वर प्रसाद चौधरी, विकल्प के बैजू कुमार, ट्रेड यूनियन नेता प्रदीप कुमार पांडे, प्रोफेसर विश्वानंद, अरविंद वरुण, पीयूसीएल के अंकित आनन्द, टेम्पू यूनियन के ए आर अन्नू, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी के राज्य सचिव रामप्रीत राय, एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष नरेश राम एआईडीएसओ के राज्य सचिव विजय कुमार, पार्टी के नगर जिला सचिव अमन कुमार झा, मध्य के लालबाबू राय, उत्तरी जिला सचिव शिवकुमार यादव, पश्चिमी जिला कमिटी की ओर से यादवलाल पटेल, बिहार राज्य कंस्ट्रक्शन वर्कर्स यूनियन के वैद्यनाथ पंडित, जिला सचिव शिवबालक कुमार, एआईडीवाईओ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार, जिला सचिव अनिल कुमार, किसान नेता तारकेश्वर गिरि, काशीनाथ सहनी, विपिन ठाकुर, ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमिटी मुजफ्फरपुर चैप्टर के संयोजक शशि भूषण चौधरी, बेला इंडस्ट्रियल लेबर यूनियन के कमलेश दास, अधिवक्ता काशीलाल शर्मा, मोहम्मद इस्लाम आदि प्रमुख थे। वही अंतिम यात्रा मोतीझील स्थित पार्टी कार्यालय से रेलवे जंक्शन होते हुए उनके आवास इमलीचट्टी पहुंचा तदुपरांत वहां से माटी मंजिल हेतु कब्रिस्तान ले जाया गया, जहां जनाजे की नमाज के बाद उनका पार्थिव शरीर दफनाया गया।

# संविधान हत्या दिवस पर भाजपा ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा संविधान की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने के संकल्प को दोहराया

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित ह्लसंविधान हत्या दिवस झ्रकांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय के 51वें वर्षह्व कार्यक्रम में सहभागिता की। 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल ने भारतीय लोकतंत्र, संविधान एवं नागरिक स्वतंत्रताओं पर गहरा आघात किया था। इस अवसर पर उस काले अध्याय को स्मरण करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा संविधान की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने के संकल्प को पुनः दोहराया गया।

कार्यक्रम स्थल पर आपातकाल के काले अध्याय पर आधारित एक विशेष चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी हुआ। इस प्रदर्शनी के माध्यम से उस दौर में मीडिया पर लगाई गई सेंसरशिप, नेताओं की गिरफ्तारियों और जनता पर हुए जुल्मों के ऐतिहासिक दस्तावेजों व तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की शुरूआत में पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों, मंत्रियों, विधायकों और कार्यकताओं का अंगवस्त्र और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मंच द्वारा आपातकाल के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले जनसंघ से जुड़े 172 पुराने कार्यकताओं और जेपी सेनानियों को अंगवस्त्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया और लोकतंत्र की रक्षा में उनके योगदान को नमन किया गया। पारस नाथ प्रसाद, श्रीकांत झा, राज कुमार चौधरी, सत्य नारायण राय, राम नरेश प्रसाद सिंह आदि कुल 172 लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा की 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला पन्ना है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अपनी सत्ता बचाने के लिए पूरे देश को जेलखाना बना दिया था। 'संविधान हत्या दिवस' केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह देश की युवा पीढ़ी को यह याद दिलाने का संकल्प है कि कैसे एक परिवार के अहंकार के कारण देश के संविधान और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की बेरहमी से हत्या की गई थी। जिन्ना के जिद ने और पं जवाहर लाल नेहरू के जिद ने देश के दो टुकड़े कर भारत माता को बांट दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने कहा कि आपातकाल के दौरान प्रेस की आजादी छीनी गई, न्यायपालिका का गला घोंटा गया और लाखों निर्दोष राष्ट्रभक्तों को जेलों में ठूस दिया गया। आज जो लोग खुद को संविधान का रक्षक बताते हैं, उनके पूर्वजों ने ही संविधान की आत्मा पर सबसे बड़ा प्रहार किया था।

हमारी सरकार इस काले इतिहास को उजागर कर लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी अशोक भट्ट ने कहा की कांग्रेस द्वारा थोपा गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर ऐसा धब्बा है जिसे कभी धोया नहीं जा सकता। 51 साल पहले देश ने जो दंश झेला, वह दोबारा कभी न दोहराया जा सके, इसके लिए हर नागरिक को जागरूक होना होगा।




कार्यक्रम का दीप प्रज्ववलित कर उद्घाटन करते केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय व अन्य नेतागण।

मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा की 25 जून 1975 को कांग्रेस द्वारा लगाया गया आपातकाल स्वतंत्र भारत का सबसे क्रूर और दमनकारी काल था। सत्ता के लालच में पूरे देश के लोकतंत्र को बंधक बना लिया गया था। आज का यह 'संविधान हत्या दिवस' हमें उस दंश की याद दिलाता है। मंत्री रमा निषाद ने कहा की आपातकाल के दौरान समाज के गरीब, वंचित और शोषित वर्गों की आवाज को सबसे ज्यादा दबाया गया था। सत्ता के मद में चूर तत्कालीन सरकार ने देश के आम नागरिकों के अधिकार छीन लिए थे। आज हम सब एकजुट होकर यह संकल्प लेते हैं कि देश में दोबारा कभी ऐसी जनविरोधी और तानाशाह मानसिकता को पनपने नहीं देंगे। नगर विधायक रंजन कुमार ने कहा की मुजफ्फरपुर और बिहार की इस क्रांतिकारी धरती ने हमेशा तानाशाही और दमन के खिलाफ बिगुल फूंका है।

1975 में भी यहाँ के युवाओं और राष्ट्रभक्तों ने जेलें भरी थीं लेकिन घुटने नहीं टेके। आज की पीढ़ी को यह समझना होगा कि हमारा संविधान कितनी कुर्बानियों के बाद सुरक्षित रहा है, और इसकी रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। कार्यक्रम में बरुराज विधायक डॉ अरुण सिंह, जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, दिनकर पंडित, अरविंद सिंह, पूर्व एमएलसी नरेंद्र सिंह, मेयर निर्मला साहु, कार्यक्रम प्रभारी व उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. ममता रानी, अशोक सहनी, तेज नारायण शर्मा, महामंत्री मनोज तिवारी और रविशंकर कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुनौराधाम मंदिर निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश, डीएम ने की प्रगति की समीक्षा


बैठक में मंदिर निर्माण से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा करते डीएम।


पुनौराधाम में मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण करते जिलाधिकारी रिची पांडेय व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में माता सीता की जन्मस्थली एवं प्रस्तावित धार्मिक-पर्यटन केंद्र श्री जानकी जन्मभूमि पुनौरा धाम में मंदिर निर्माण कार्य एवं उससे संबंधित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यदायी संस्था अहुवालिया कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा मंदिर निर्माण परियोजना की अद्यतन प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में अपेक्षित गति लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुनौरा धाम परियोजना धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी संबंधित एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि परियोजना के अंतर्गत विभिन्न भवनों के लिए पिलर निर्माण, मंदिर परिसर के परिकोटा निर्माण तथा फाउंडेशन तैयार करने का कार्य शुरू है। साथ ही, पहुंच पथ के रूप में मिट्टी का सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त परियोजना क्षेत्र में विभिन्न परिसंपत्तियों यथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, पर्यटन भवन, वॉटर फाउंटेन, सीता प्रेक्षागृह, सेंट्रल हॉल, मां जानकी यात्री निवास तथा रीगा भवन आदि का ध्वस्तीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि परियोजना के लिए आवश्यक सॉइल सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा निर्माण कार्य के लिए आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृति भी प्राप्त कर ली गई है। इसके अतिरिक्त परियोजना से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण प्रारंभिक एवं तकनीकी प्रक्रियाओं को भी पूर्ण कर लिया गया है, जिससे निर्माण कार्य को गति प्रदान की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को नियमित निगरानी एवं समन्वय के माध्यम से परियोजना के विभिन्न घटकों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि पुनौरा धाम को एक विकसित धार्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके।

## मुहर्रम को लेकर सीतामढ़ी में फ्लैग मार्च सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** आगामी मुहर्रम पर्व के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण तथा आमजन के बीच सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त नेतृत्व में गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला गया।


फ्लैग मार्च का नेतृत्व करते जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य।

फ्लैग मार्च नगर थाना, मेहसौल थाना एवं डुमरा थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बलों के साथ किया गया। इस दौरान संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। साथ ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्ण एवं संयमित उपयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन या स्थानीय पुलिस को दें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मुहर्रम पर्व के दौरान शांति एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने आपातकाल की वर्षगांठ पर किया संगोष्ठी का आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, सिमरा में आपातकाल की वर्षगांठ के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रो. उमेश चंद्र झा ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी को उस दौर के संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष दीपलाल बघेला ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री संदीप राय ने किया। अंत में जिला महामंत्री चुनचुन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। भाजपा नेता अरुण गोप ने आपातकाल के दौरान नागरिक अधिकारों के हनन, प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं पर पड़े प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को सजग एवं जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुभाष केसरी, जिला मंत्री प्रिंस तिवारी, विशाल सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार, अवनीश कुमार, सोशल मीडिया जिला संयोजक उमेश गिरी, नंदेश्वर यादव, मंडल अध्यक्ष गगनदेव यादव, सुनील गुप्ता, मनोज सिंह, सोनू कुमार, संजय मिश्रा, राम कृष्ण नारायण सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आपातकाल के विरोध में संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया गया।


भाजपा जिला कार्यालय, सिमरा आयोजित संगोष्ठी में शामिल पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

### श्यामपुर भोजा में श्रीसंकट मोचन महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं राम कथा में हुए शामिल हुए विधायक

**कांटी (एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र के श्यामपुर भोजा गाँव में श्री संकट मोचन महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री रामकथा महोत्सव में गुरुवार को शामिल हुए विधायक अजीत कुमार पूजा अर्चना कर देश, प्रदेश व कांटी क्षेत्र के लोगों की खुशहाली, प्रगति व समृद्धि की कामना की। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने श्री रामकथा वाचक संत का व्यास्पीठ तक पहुंचकर शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया। वही विधायक के कार्यक्रम में पहुंचने पर उपस्थित श्रद्धांलुओं और ग्रामीणों ने भी अजीत कुमार का स्वागत और अभिनन्दन किया।


श्रीराम कथा वाचक संत का अभिनंदन करते विधायक अजीत कुमार।

### मां छिन्नमस्तिका देवी मंदिर के समीप जय माता दी प्रसाद भंडार काउंटर का हुआ शुभारंभ

**कांटी (एनएसबी)।** कांटी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-5 स्थित प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका देवी मंदिर के समीप जय माता दी प्रसाद भंडार काउंटर का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। काउंटर खुलने से अब मंदिर में पूजा-अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद खरीदने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। एक ही स्थान पर श्रद्धांलुओं को पूजा से संबंधित आवश्यक सामग्री एवं विभिन्न प्रकार के प्रसाद उपलब्ध मिलेंगे। यह जानकारी जय माता दी प्रसाद भंडार के संचालक रजनीश कुमार उर्फ फौजी साहब ने दिया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मंदिर परिसर के निकट प्रसाद भंडार खुल जाने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी। प्रोपराइटर रजनीश कुमार उर्फ फौजी साहब ने बताया कि इस प्रसाद काउंटर पर श्रद्धांलुओं को पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर का प्रसाद भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रद्धांलुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस प्रसाद भंडार की शुरूआत की गई है। जहां उचित एवं किफायती दरों पर प्रसाद के साथ ही पूजा-पाठ से संबंधित आवश्यक सामग्री भी आसानी से मिल सकेगी।


मंदिर के पास खुला प्रसाद काउंटर।

## उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद का आउटरीच प्रोग्राम ऑन ई-फाइलिंग ऑफ अपील्स बिफोर जीएसटीएटी आयोजित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद, मुजफ्फरपुर के सभागार में पटना बेंच, गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के सहयोग से "आउटरीच प्रोग्राम ऑन ई-फाइलिंग ऑफ अपील्स बीफोर जीएसटीएटी" का गरिमामय आयोजन परिषद के महामंत्री प्रमोद जाजोदिया के संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं परिचय के साथ हुआ। इस अवसर पर जीएसटीएटी (वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण) पटना बेंच के उपाध्यक्ष मनोज शंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ न्यायिक सदस्य मनोज कुमार सिन्हा एवं तकनीकी सदस्य (राज्य) संजय कुमार मवांडिया की विशिष्ट उपस्थिति रही। परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया, चार्टेड एकाउंटेंट गोपाल प्रसाद तुलस्यान व कैलाश नाथ भरतिया मंचासीन थे।

तत्पश्चात परिषद अध्यक्ष श्री भीमसेरिया ने जीएसटी की कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद परिषद के तरफ से नितिन बंसल ने जीएसटी ट्रिब्यूनल की विसंगतियों को विस्तार से उपस्थित पदाधिकारी को बताया एवं इसे शीघ्र दूर करने की व्यवस्था करने हेतु अनुरोध किया।

उपाध्यक्ष मनोज शंकर ने कहा कि जीएसटीएटी की ई-फाइलिंग प्रणाली करदाताओं, अधिवक्ताओं एवं व्यवसायिक संगठनों को एक पारदर्शी, त्वरित एवं डिजिटल न्याय व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अपील दाखिल करने की संपूर्ण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा समय-सीमा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जीएसटीएटी में अपीलों की ई-फाइलिंग, केस ट्रैकिंग, दस्तावेज अपलोडिंग तथा डिजिटल सुनवाई की सुविधाओं को भी विस्तार से समझाया गया। न्यायिक सदस्य मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि ई-फाइलिंग व्यवस्था से न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं सुगम बनेगी। वहीं तकनीकी सदस्य (राज्य) संजय कुमार मवांडिया ने करदाताओं एवं व्यवसायियों को पोर्टल के व्यावहारिक उपयोग तथा सामान्य त्रुटियों से बचने के उपायों की जानकारी दी।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते परिषद अध्यक्ष एवं मंचासीन जीएसटीएटी के पदाधिकारी व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान जीएसटीएटी की रजिस्ट्री टीम द्वारा ई-फाइलिंग पोर्टल का लाइव प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसमें पंजीकरण, लॉगिन, अपील दायर करने, दस्तावेज अपलोड करने तथा अपील की स्थिति जानने की प्रक्रिया का चरणबद्ध प्रदर्शन किया गया। जीएसटीएटी की ई-फाइलिंग प्रणाली पूर्णतः डिजिटल एवं ऑनलाइन प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे अपीलों का त्वरित निस्तारण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।

परिषद के सदस्यों में पुरुषोत्तम लाल पोद्दार, सज्जन शर्मा, महेंद्र तुलस्यान, मुकेश रुंगटा, निशांत केजरीवाल, अशोक नेमानी, श्रवण सराफ, पवन ढंढारिया के अलावे नितिन बंसल, संजय चूड़ीवाल सहित अन्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, अधिवक्ताओं, उद्योगपतियों व कर सलाहकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा अपने प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों से प्राप्त किया। अंत में परिषद के महामंत्री प्रमोद जाजोदिया ने सभी अतिथियों, जीएसटीएटी अधिकारियों, कर विशेषज्ञों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम व्यवसायिक समुदाय को नवीन कर व्यवस्थाओं को समझने एवं उनका प्रभावी अनुपालन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पटना में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में सीतामढ़ी से भी होगी बड़ी भागीदारी : कांग्रेस



प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी देते जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी व अन्य नेता।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** देश भर के छात्रों की आवाज को एक मंच देने, शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी अभियान 'छात्रों की गूंज' की शुरूआत की है। यह अभियान छात्रों, अभ्यर्थियों, कोचिंग हब, कॉलेज कैंपस, पुस्तकालयों और युवा समूहों के बीच चलाया जाएगा।

गुरुवार जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय ललित आश्रम में जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना के मार्गदर्शन में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी छात्रों की पीड़ा को साझा करने और उनकी मांगों के साथ खड़े हैं। छात्रों की गूंज महाअभियान कुंभकर्णी नींद में सोई हुई डबल इंजन की सरकार को जगाने के लिए चलाया जा रहा है। आगामी 11 जुलाई को पटना में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में बिहार के हजारों छात्र शामिल होंगे, जिसमें सीतामढ़ी जिला से भी बड़ी संख्या में छात्र नौजवान हिस्सा लेंगे। प्रदेश प्रतिनिधि सह पूर्व यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. शम्स शाहनवाज ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था आईसीयू में वेंटिलेटर पर है। शिक्षा व्यवस्था नहीं बल्कि वसूली तंत्र बन चुका है। मोदी सरकार छात्रों का भविष्य संवारने की बजाए उन्हें बर्बाद करने पर तुली हुई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं। उन्हें अविलंब इस्तीफा देना चाहिए। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि अंजारुल हक तौहीद, पूर्व पार्षद आफताब अंजुम बिहारी, ताराकांत झा, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहन गुप्ता, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, सेवानिवृत शिक्षक बिकाऊ बैठा, महिला नगर अध्यक्ष ॠतु ठाकुर, वीरेंद्र कुशवाहा, उमा देवी आदि मुख्य रूप से मौजूद थीं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नीट सहित विभिन्न परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों एवं उनके परिवार पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। प्रति छात्र औसत खर्च 6 लाख रुपए है। 22 लाख नीट छात्रों के परिवार का खर्च लगभग 1.32 लाख करोड़ है, जोकि पूरे देश के शिक्षा बजट 1.4 लाख करोड़ के बराबर है।

## 'रुक्मिणीदेवी राज्य सब-जूनियर व जूनियर तैराकी प्रतियोगिता' का आयोजन 28 को


तैराकी प्रतियोगिता के कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजन समिति के सदस्य व अन्य।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार तैराकी संघ, मुजफ्फरपुर जिला तैराकी संघ व स्विम्फीट एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में "रुक्मिणीदेवी राज्य सब-जूनियर व जूनियर तैराकी प्रतियोगिता 2026" का आयोजन अखाराघाट रोड एफसीआई गोदाम रोड स्थित स्विम्फीट स्वीमिंग एकेडमी में 28 जून को किया जायेगा।

स्विम्मिंग फेडरेशन औफ इंडिया द्वारा जारी नई आयु-वर्ग सर्कुलर के आलोक में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें विभिन्न जिलों से भारी संख्या मे तैराक भाग लेंगे। प्रतियोगिता का संचालन बिहार तैराकी संघ के प्रतियोगिता निदेशक रामबिलास पांडेय, राज्य सचिव अखिलेश्वर नाथ तिवारी, मुजफ्फरपुर जिला तैराकी संघ के चेयरमैन राजेश कुमार, अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, सचिव कुंदन राज, स्विम्फीट निदेशक आभास कुमार व सदस्यों के नेतृत्व में संपन्न होगा। प्रतियोगिता को रुक्मिणीदेवी फाऊंडेशन द्वारा स्पॉन्सरशिप प्रदान की गई है।

### जिला उद्योग केन्द्र, सीतामढ़ी के सभागार में उद्योग संवाद में डीएम ने बताई जिला प्रशासन की प्राथमिकता

## उद्योगों के अनुकूल वातावरण सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला उद्योग केन्द्र, सीतामढ़ी के सभागार में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग संवाद का आयोजन किया गया।

उद्योग संवाद का उद्देश्य जिले में औद्योगिक विकास को गति देना, स्थानीय उद्यमियों की समस्याओं को सुनना तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न औद्योगिक योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। उद्योग संवाद के दौरान जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा उद्यमियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनके द्वारा उठाए गए सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागों को समन्वयात्मक कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ऋण संबंधी समस्याओं में बैंक के पदाधिकारियों को समय पर ऋण वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत जल्द ही नए औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही अनेक परियोजनाओं, विशेषकर पुनौरा धाम परियोजना एवं सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा रही है, जिससे औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उनके द्वारा बताया गया कि जिले में फल एवं सब्जियों का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है, जिससे संबंधित उद्योग लगाने पर बल दिया गया।

उद्योग संवाद में उद्यमियों द्वारा ऋण संबंधी कठिनाइयों से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग) को निर्देश दिया गया कि उद्यमियों के आवेदनों के आधार पर प्रत्येक बैंक से वार्ता कर ऋण संबंधी कठिनाइयों को दूर किया जाए। साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि समयानुसार ऋण वितरण एवं लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सीतामढ़ी को निर्देश दिया गया कि सभी आवेदकों की सूची बनाकर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उद्योगों के अनुकूल वातावरण सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें। बैठक में औद्योगिक निवेश, रोजगार, ऋण सुविधा, प्रशिक्षण, भूमि उपलब्धता, आधारभूत संरचना तथा विभागीय समन्वय से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उद्योग से संबंधित सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उद्योग संवाद में वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग), जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीपीएम जीविका, क्षेत्रीय प्रबंधक बियाडा, जिला उद्योग केन्द्र के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं जिले के उद्यमीगण उपस्थित थे।



दीप प्रज्वलित कर उद्योग संवाद कार्यक्रम का शुभारम्भ करते जिला पदाधिकारी व अन्य।

## सम्पादकीय

### भोजपुर एनकाउंटर के खिलाफ जनाक्रोश की आड़ में सत्ता विरोधी माहौल बनाने की कवायद

बिहार की राजनीति हमेशा से अपने अप्रत्याशित मोड़ों, जटिल सामाजिक समीकरणों और भीतरखाने चलने वाले राजनीतिक दांव-पेंचों के लिए जानी जाती रही है। हाल ही में भोजपुर में हुए पुलिस एनकाउंटर ने राज्य के सियासी पारे को अचानक उस बिंदु पर ला खड़ा किया है, जहां से उठने वाली तपिश सीधे सत्ता के शीर्ष यानी मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंच रही है। जो घटना शुरुआत में केवल कानून-व्यवस्था और पुलिसिया कार्यप्रणाली पर उठने वाले एक आम सवाल या स्थानीय विरोध तक सीमित लग रही थी, उसने अब देखते ही देखते एक व्यापक सत्ता विरोधी लहर का रूप धारण कर लिया है।

यूं तो बिहार में कड़क प्रशासन की छवि गढ़ने के लिए विगत कुछ महीनों में कई पुलिस एनकाउंटर सामने आए लेकिन एक एनकाउंटर सरकार के इकबाल पर भारी पड़ गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए यह समय न केवल एक बड़ी प्रशासनिक चुनौती का है, बल्कि अपने राजनीतिक अस्तित्व के संरक्षण का भी है। सबसे अधिक चिंताजनक पहलू यह है कि इस बार विरोध के स्वर केवल विपक्ष के स्वाभाविक खेमे से नहीं आ रहे हैं, बल्कि सत्ता के गलियारों और अपनों के बीच से भी बगावत की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

लोकतंत्र में किसी भी पुलिस एनकाउंटर पर सवाल उठना, नागरिक अधिकारों की बात होना और एक पारदर्शी, निष्पक्ष जांच की मांग उठना एक अत्यंत स्वाभाविक और आवश्यक प्रक्रिया है। भोजपुर की घटना में भी आरंभिक तौर पर यही देखने को मिला, जहां स्थानीय जनता, पीड़ित परिवारों और नागरिक समाज ने कथित विसंगतियों को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। लेकिन, जिस अभूतपूर्व तेजी से यह जनाक्रोश एक विशिष्ट क्षेत्र से निकलकर पूरे राज्य में फैला और जिस प्रकार से इसे एक सुनियोजित राजनीतिक रंग दिया गया, वह कई अनुत्तरित और गंभीर सवाल खड़े करता है। राजनीति का यह एक अलिखित नियम है कि जब किसी राज्य में अचानक ही कोई स्थानीय मुद्दा एक भयंकर सत्ता विरोधी लहर में तब्दील हो जाए, तो उसके पीछे केवल स्वाभाविक जन-असंतोष नहीं होता। अक्सर ऐसे बड़े आंदलनों की पृष्ठभूमि में उन अदृश्य राजनीतिक शक्तियों का सक्रिय हस्तक्षेप होता है, जो मौके की नजाकत को भांपकर अपनी गोटियां लाल करने में जुट जाते हैं।

आज सम्राट चौधरी की सरकार के खिलाफ जो माहौल खड़ा किया जा रहा है, वह स्पष्ट रूप से इस ओर इशारा करता है कि भोजपुर एनकाउंटर तो संभवतः केवल एक बहाना है, असल निशाना कोई और है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चौंकाने वाला और राजनीतिक रूप से सबसे संवेदनशील पहलू यह है कि इस विरोध प्रदर्शन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अपने ही लोग, उनकी अपनी ही पार्टी या गठबंधन के नेता बगावती तेवर अपनाते दिख रहे हैं। सत्तारूढ़ दल के भीतर से जब असंतोष के स्वर छनकर सार्वजनिक मंचों पर आने लगें, तो यह समझ लेना चाहिए कि संकट बाहर के दुश्मनों से ज्यादा भीतर के भितरघातियों से है। जब भी किसी सत्ताधीश को कमजोर करना होता है, तो सबसे पहले उसके अपने ही दुर्ग में सेंध लगाई जाती है। पार्टी के भीतर के वे महत्वाकांक्षी नेता, जो शायद लंबे समय से किसी बड़े अवसर की प्रतीक्षा में थे या जिनकी आकांक्षाएं वर्तमान ढांचे में पूरी नहीं हो पा रही थीं, उन्हें भोजपुर की घटना के रूप में एक आदर्श राजनीतिक हथियार मिल गया है। जनता की सहानुभूति बटोरने और न्याय के सजग प्रहरी दिखने की होड़ में ये नेता परोक्ष रूप से अपनी ही सरकार की जड़ों में मट्ठा डालने का काम कर रहे हैं। उनका यह रुख विपक्ष के प्रहारों से ज्यादा नुकसानदेह साबित हो रहा है।

यह स्थिति इस अत्यंत प्रासंगिक सवाल को जन्म देती है कि क्या यह पूरा घटनाक्रम वास्तव में किसी सुनियोजित साजिश का हिस्सा है क्या इस जनाक्रोश की आड़ में राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की कोई गहरी और सोची-समझी पटकथा लिखी जा रही है बिहार का राजनीतिक इतिहास ऐसे ढेरों उदाहरणों से भरा पड़ा है जहां आंतरिक गुटबाजी, सत्ता संघर्ष और नेतृत्व को चुनौती देने के लिए जना आंदोलनों या किसी विवादित घटना को एक ढाल की तरह इस्तेमाल किया गया है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए यह आशंका बिल्कुल निर्मूल नहीं लगती कि भोजपुर एनकाउंटर के बाद उपजे संवेदनशील हालातों का इस्तेमाल मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को अस्थिर करने, उनकी प्रशासनिक छवि को धूमिल करने और अंततः उन्हें पद से हटाने का भारी दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है।

# पुष्य नक्षत्र में गुरु-शुक्र संयोग और भारत की केंद्रीय भूमिका



बी. कृष्णा
(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

विश्व इतिहास में कुछ वर्ष ऐसे होते हैं जो केवल घटनाओं का क्रम नहीं बदलते, बल्कि मानव सभ्यता की दिशा ही परिवर्तित कर देते हैं। 1943, 1990 और 2026 ऐसे ही तीन कालखंड प्रतीत होते हैं। पहली दृष्टि में इन तीनों वर्षों के बीच कोई स्पष्ट संबंध दिखाई नहीं देता, एक वर्ष द्वितीय विश्वयुद्ध के मध्य का है, दूसरा शीत युद्ध की समाप्ति का और तीसरा हमारे वर्तमान का। किंतु यदि इन्हें भारतीय काल दृष्टि और भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य से एक साथ देखा जाए, तो एक रोचक साम्य उभरकर सामने आता है।

भारतीय ज्योतिषीय परंपरा में देवगुरु बृहस्पति और असुर गुरु शुक्र का विशेष महत्व है। बृहस्पति धर्म, ज्ञान, न्याय, संस्थागत व्यवस्था और दीर्घकालिक संतुलन के प्रतीक हैं। इसके विपरीत शुक्र केवल भोग और ऐश्वर्य के कारक नहीं, बल्कि राजनीति, कूटनीति, अर्थनीति, संसाधन-संतुलन और राज्यकला के महान आचार्य माने गए हैं। जब ये दोनों पुष्य नक्षत्र में एकत्र होते हैं, तब अनेक ज्योतिषीय परंपराएँ इसे केवल ग्रहों का संयोग नहीं, बल्कि विश्व-व्यवस्था के पुनर्संतुलन का सांकेतिक संकेत मानती हैं। पुष्य स्वयं पोषण, संरक्षण, राजधर्म और संस्थागत पुनर्निर्माण का नक्षत्र माना गया है। इसलिए इस संयोग को उस काल का प्रतीक समझा गया है, जब पुरानी व्यवस्थाएँ अपनी सीमाओं तक पहुँच कर नई संरचनाओं के लिए स्थान बनाती हैं।



किन्तु इस संयोग का अर्थ केवल ग्रहों के मिलन से पूरा नहीं होता। भारतीय ज्योतिष में दृष्टि यह निर्धारित करती है कि परिवर्तन किस प्रकृति का होगा। 1943 में इस संयोग पर शनि की दृष्टि थी, जबकि 1990 और 2026 में मंगल की दृष्टि है, तो यह तीनों काल खंडों को समझने के लिए एक अत्यंत रोचक विश्लेषणात्मक सूत्र प्रदान करता है।

शनि परिवर्तन को धीरे-धीरे, संघर्ष, अनुशासन, जनशक्ति और पुरानी संरचनाओं के क्षरण के माध्यम से लाते हैं। 1943 इसका ऐतिहासिक उदाहरण प्रतीत होता है। द्वितीय विश्वयुद्ध अपने निर्णायक चरण में था। साम्राज्यवाद की नींव दरकने लगी थी। लाखों लोगों के बलिदान, आर्थिक विनाश और दीर्घकालिक संघर्ष के बाद एक नई विश्व-व्यवस्था का जन्म हुआ। संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं की स्थापना हुई और उपनिवेशवाद का अंत आरंभ हुआ। भारत भी इसी काल में स्वतंत्रता के अंतिम चरण की ओर अग्रसर हुआ। यहां परिवर्तन तत्काल नहीं आयाय वह शनि की प्रति के अनुरूप दीर्घ संघर्ष और धैर्य के बाद प्रकट हुआ।

किन्तु इतिहास वहीं नहीं रुका। लगभग पाँच दशक बाद विश्व फिर एक निर्णायक मोड़ पर पहुँचा। इस बार परिस्थितियाँ भिन्न थीं। युद्ध की जगह वैचारिक संघर्ष था। दो महाशक्तियों के बीच शीतयुद्ध समाप्त हो रहा था। सोवियत संघ विघटित हुआ, नई सीमाएँ बनीं, वैश्वीकरण का युग प्रारंभ हुआ और विश्व एकध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ गया। यदि इस काल में गुरु-शुक्र का वही संयोग मंगल की दृष्टि में था, तो परिवर्तन की गति भी मंगल के अनुरूप थी, तीव्र, निर्णायक और व्यापक। कुछ ही वर्षों में विश्व का राजनीतिक मानचित्र बदल गया। भारत ने भी इसी समय आर्थिक उदारीकरण के माध्यम से स्वयं को पुनर्परिभाषित किया। यह केवल आर्थिक सुधार नहीं था, यह भारत के वैश्विक पुनरुत्थान का आरंभ था।

आज, 2026 में, विश्व एक बार फिर संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। किंतु इस बार परिवर्तन का स्वरूप और भी जटिल है। अब संघर्ष केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा, समुद्री मार्गों और वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखलाओं में दिखाई देता है। अमेरिका, चीन, रूस, यूरोप और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के बीच नया शक्ति-संतुलन निर्मित हो रहा है। विश्व एकध्रुवीयता से बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रहा है।

यदि 1990 की भाँति 2026 में भी गुरु-शुक्र का पुष्य संयोग मंगल की दृष्टि में है, तो यह संकेत देता है कि परिवर्तन पुनः तीव होगा, परंतु उसका स्वरूप सैन्य युद्ध से अधिक तकनीकी, आर्थिक और सामरिक प्रतिस्पर्धा का होगा। आने वाले वर्षों में श्रेष्ठता का निर्धारण केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार, ऊर्जा-सुरक्षा, डिजिटल अवसंरचना और विश्वसनीय वैश्विक साझेदारियों से होगा।

इन तीनों काल खंडों को एक साथ देखने पर एक और तथ्य उभरकर सामने आता है भारत की भूमिका निरंतर बदलती रही है।

1943 में भारत विश्व-राजनीति का केंद्र होते हुए भी पराधीन था। उसकी भूमि, उसके संसाधन और उसकी जनशक्ति दूसरों के सामरिक हितों की पूर्ति कर रहे थे।

1990 तक भारत स्वतंत्र था, किंतु आर्थिक संक्रमण के दौर से गुजर रहा था। वह विश्व-व्यवस्था का निर्माता नहीं, बल्कि उसमें अपने लिए स्थान बनाने का प्रयास कर रहा था।

2026 में स्थिति भिन्न है। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में है। उसकी डिजिटल क्षमता, युवा जनसंख्या, सामरिक भौगोलिक स्थिति, अंतरिक्ष कार्यक्रम, रक्षा उत्पादन, समुद्री उपस्थिति और संतुलित विदेश नीति उसे वैश्विक शक्ति-संतुलन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बना रहे हैं। पहली बार विश्व भारत को केवल एक विशाल बाजार के रूप में नहीं, बल्कि एक विश्वसनीय साझेदार और संभावित नेतृत्वकारी शक्ति के रूप में देखने लगा है।

यहीं भारतीय सभ्यतागत दृष्टि इस पूरे विमर्श को एक नया आयाम देती है। भारत ने सदियों से शक्ति और नैतिकता, समृद्धि और संयम, राजनीति और धर्म के बीच संतुलन की बात की है। वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः और लोकसंग्रह जैसे आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जब विश्व प्रतिस्पर्धा और सहयोग के बीच नया संतुलन खोज रहा है।

निश्चय ही इतिहास केवल ग्रहों से संचालित नहीं होता। युद्ध, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, तकनीक, नेतृत्व और समाज, ये सभी उसके निर्माण में समान रूप से सहभागी होते हैं। किंतु भारतीय काल दृष्टि हमें यह संकेत अवश्य देती है कि प्रकृति और मानव-इतिहास के बीच कुछ गहरे प्रतीकात्मक संबंध भी होते हैं। गुरु-शुक्र का पुष्य संयोग और उस पर शनि अथवा मंगल की दृष्टि, यदि बार-बार ऐसे संक्रमण कालों के साथ दिखाई देती है, तो वह विचार का विषय अवश्य बनती है।

इन तीनों काल खंडों की सबसे उल्लेखनीय समानता यह है कि प्रत्येक परिवर्तन के साथ भारत की भूमिका अधिक व्यापक, अधिक प्रभावशाली और अधिक उत्तरदायी होती गई है।

1943, 1990 और 2026 को एक ही कालचक्र की कड़ियों के रूप में देखें, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि विश्व-व्यवस्था प्रत्येक संक्रमण के साथ भारत को अधिक केंद्रीय भूमिका प्रदान करती गई है। आज भारत उस स्थिति में है जहाँ वह केवल बदलते वैश्विक समीकरणों के अनुरूप स्वयं को ढालने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि उन समीकरणों को प्रभावित करने वाली प्रमुख शक्ति बन चुका है। इस बार भारत इतिहास की परिधि पर नहीं, बल्कि उसके केंद्र में खड़ा है।

# आपातकाल में बिहार की पत्रकारिता थी प्रतिरोध का केंद्र



डा. शोभित सुमन (जनसंचार अध्येता)

**भारत** में 25 जून सन् 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक आपातकाल की घोषणा की थी। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐसा काला अध्याय शुरू हुआ जिसने नागरिक अधिकारों के साथ-साथ प्रेस की स्वतंत्रता को भी पूरी तरह से कुचल दिया था।

इस दौरान अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटने के लिए सेंसरशिप का सहारा लिया गया। आपातकाल की नींव और इसकी सबसे प्रखर लपटें बिहार की धरती से निकले जेपी आंदोलन से जुड़ी थीं, इसलिए बिहार की पत्रकारिता पर इसका सबसे क्रूर और गहरा असर पड़ा। यह बिहार के मीडिया जगत पर लगा एक भयावह ग्रहण कहा जा सकता है। आपातकाल लागू होते ही सबसे पहला प्रहार समाचार पत्रों पर ही हुआ और बिहार की पत्रकारिता उस प्रतिरोध का केंद्र बनीं।

बिहार में पत्रकारिता पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने क्षेत्रीय सेंसर अधिकारियों की नियुक्ति की थी। बेहद ही सख्त नियम लागू किए गए थे। बिना सरकारी अधिकारी की अनुमति और जांच के बिना अखबार का एक पन्ना भी नहीं छप सकता था। यहां तक कि विज्ञापनों और कविताओं पर भी निगरानी रखी जा रही थी।

पटना से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र सर्चलाइट, प्रदीप, आर्यावर्त और इंडियन नेशन के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया था। संपादकीय पन्नों पर सरकार से जुड़े कार्यो की आलोचना तक प्रकाशित नहीं हो सकती थीं। न्यायपालिका के फैसलों और जेल में बंद राजनेताओं के स्वास्थ्य के बारे में लिखना भी अपराध की श्रेणी में था।

बिहार प्रतिरोध का केंद्र था और यहां की पत्रकारिता का दमन किया जा रहा था। बिहार के केंद्र में रहने की वजह लोकनायक जयप्रकाश नारायण भी थे। देशव्यापी प्रतिरोध की आग यहां से मुखर हुई थी। बिहार के पत्रकारों पर दमन चक्र चलाया जा रहा था। जो अखबार या पत्रकार सरकार की जी-हुजूरी करने को तैयार नहीं थे, उन्हें आर्थिक रूप से तोड़ने की कोशिश की गई।

सरकारी विज्ञापन पूरी तरह बंद कर दिए गए, जो उस समय अखबारों की आय के मुख्य स्रोत थे। सर्चलाइट और प्रदीप जैसे अखबारों ने इस दमन के खिलाफ घुटने टेकने से मना कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप उनके संपादकों और संवाददाताओं को प्रताड़ित किया गया। आपातकाल के समय पटना के सर्चलाइट और प्रदीप प्रेस में योजना पूर्वक आग लगाई गई थी।

आपातकाल के बाद तत्कालीन भारतीय जनसंघ के नेता रहे लालकृष्ण आडवाणी ने भारतीय मीडिया के एक बड़े हिस्से पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था कि मीडिया को जब झुकने को कहा गया, तो कुछ रेंगने लगे। लेकिन बिहार में ही कई ऐसे पत्रकार भी थे जिन्होंने रेंगने के बजाय जेल जाना स्वीकार किया।

> बिहार के दर्जनों पत्रकारों को मीसा और डीआईआर जैसे कड़े कानूनों के तहत बिना किसी वारंट के ही गिरफ्तार कर जेलों में डाल दिया गया। पत्रकारों को डराने के लिए उनके घरों पर छापे मारे गए और प्रेस की संपत्तियों तक को भी जब्त कर लिया गया। सेंसरशिप लागू होने के बावजूद बिहार की पत्रकारिता ने इसका विरोध किया। जब सरकार ने लिखने पर पाबंदी लगाई तो अखबारों ने विरोध के तौर पर अपने संपादकीय कलम को खाली छोड़ना शुरू कर दिया। सुबह जब पाठकों के हाथ में अखबार आता था और वे संपादकीय की जगह सफेद कोरा पन्ना देखते थे तो वे सरकार की तानाशाही को समझ जाते थे।

बिहार के दर्जनों पत्रकारों को मीसा और डीआईआर जैसे कड़े कानूनों के तहत बिना किसी वारंट के ही गिरफ्तार कर जेलों में डाल दिया गया। पत्रकारों को डराने के लिए उनके घरों पर छापे मारे गए और प्रेस की संपत्तियों तक को भी जब्त कर लिया गया। सेंसरशिप लागू होने के बावजूद बिहार की पत्रकारिता ने इसका विरोध किया। जब सरकार ने लिखने पर पाबंदी लगाई तो अखबारों ने विरोध के तौर पर अपने संपादकीय कलम को खाली छोड़ना शुरू कर दिया। सुबह जब पाठकों के हाथ में अखबार आता था और वे संपादकीय की जगह सफेद कोरा पन्ना देखते थे तो वे सरकार की तानाशाही को समझ जाते थे।

उसी दौरान कई पत्रकारों और साहित्यकारों ने रूपकों और कविताओं का सहारा लिया। सुप्रसिद्ध साहित्यकार और पत्रकार फणीश्वरनाथ रेणु ने आपातकाल के विरोध में अपना पद्मश्री सम्मान तक लौटा दिया था। बिहार के अखबारों में कबीर, तुलसी और दिनकर की उन कविताएं छपने लगी थी जो अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती थी।

मुख्यधारा की मीडिया पर सेंसरशिप के बाद बिहार में भूमिगत पत्रकारिता का जन्म हुआ। सरकारी चौनल भी सरकार के अधीन थे। जनता तक सच पहुंचाने के लिए साइक्लोस्टाइल मशीनों का सहारा लिया गया। कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों ने गुप्त ठिकानों से छोटे-छोटे बुलेटिन, पर्चे और पत्रिकाएं निकालनी शुरू कीं। जेल में बंद लोगों की स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी और देश में विरोध प्रदर्शन कहां हो रहे हैं इन सबकी जानकारी इसी भूमिगत पत्रकारिता के माध्यम से बिहार के गांवों और कस्बों तक पहुंचती थी। पुलिस इन गुप्त प्रेसों को ढूंढने के लिए लगातार छापेमारी करती रहती थी।

19 महीनों तक लागू रहे आपातकाल को मार्च 1977 में समाप्त किया गया। बिहार की पत्रकारिता के लिए यह काला अध्याय था जिसने मीडिया की स्वतंत्रता का पूरी तरह गला घोंट दिया था। इस दमनकारी दौर ने यह साबित कर दिया कि जब सत्ता निरंकुश होती है तो सबसे पहले सच की हत्या की जाती है। पत्रकारिता पर अंकुश लगाया जाता है।

बिहार की पत्रकारिता के एक बड़े हिस्से ने अपनी जुझारू परंपरा को जीवित रखा उसी का यह परिणाम हुआ कि आपातकाल हटने के बाद जब चुनाव हुए तो बिहार की जनता ने तत्कालीन तानाशाही सरकार को पूरी तरह उखाड़ फेंका। आपातकाल का वह दौर आज भी पत्रकारों के लिए एक चेतावनी की तरह है कि निष्पक्षता और साहस ही पत्रकारिता की असली रीढ़ हैं।

# 10 साल बाद जेल से लौटी तुलसी, क्या बिखरते शांति निकेतन को फिर से जोड़ पाएगी

**क्योंकि** सास भी कभी बहू थी अब अपने सबसे भावुक और बड़े मोड़ में प्रवेश करने जा रहा है। कहानी में 10 साल का लीप आने वाला है, जो अपने साथ टूटे रिश्ते, बिखरे परिवार और कई अनसुलझे सवाल लेकर आएगा। एक दशक जेल में बिताने के बाद तुलसी विरानी आखिरकार शांतिनिकेतन लौटती है। लेकिन जिस परिवार को उसने कभी प्यार और एकता के धागे में बांधकर रखा था, वह अब पहले जैसा नहीं रहा। उसके दोनों बेटे, करण और गौतम, आज एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े हैं, जिससे परिवार के भीतर भावनाओं और रिश्तों का बड़ा टकराव देखने को मिलेगा।

करण का किरदार निभा रहे हितेन तेजवानी के लिए भी तुलसी की वापसी कई पुराने जख्म और अनकहे सवालों को फिर से सामने ले आती है। जहां एक तरफ करण अपनी भावनाओं से जूझ रहा है, वहीं तुलसी को इस सच्चाई का सामना करना पड़ता है कि शांतिनिकेतन अब वह घर नहीं रहा, जिसकी एकता को बचाने के लिए उसने अपनी पूरी जिं लगा दी थी। क्या तुलसी एक बार फिर विरानी परिवार को साथ ला पाएगी।

इस अहम ट्रैक के बारे में बात करते हुए हितेन तेजवानी ने कहा, शांतिनिकेतन में अब आपके लिए कोई जगह नहीं है। अपनी तुलसी मां से ये कहना करण के लिए



शायद सबसे मुश्किल पलों में से एक था। उसने कभी नहीं सोचा था कि उसे ऐसा कहना पड़ेगा। 10 साल बाद तुलसी मां जेल से लौटती हैं, लेकिन उनकी वापसी उनके जीवन का सबसे बड़ा झटका लेकर आती है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का यह अब तक का सबसे भावुक एपिसोड्स में से एक होने वाला है।

करण के लिए तुलसी मां हमेशा वह शख्स रही हैं, जिन पर उसे सबसे ज्यादा भरोसा था और जिन्हें वह बेहद सम्मान देता था। लेकिन उनकी वापसी उसे उन भावनाओं और सवालों का सामना करने पर मजबूर कर देती है, जिनके बारे में उसने कभी सोचा भी नहीं था। इस ट्रैक की सबसे खास बात यह है कि यह सिर्फ करण के गुस्से की कहानी नहीं होगी, बल्कि एक ऐसे बेटे की कहानी होगी जो टूटे दिल, निराशा और अनगिनत सवालों से जूझ रहा है। यही बात दर्शकों को भी भावुक कर देगी।

दर्शकों को भावनाओं से भरा एक रोमांचक ट्रैक देखने को मिलेगा, जहां करण और गोमजी परिवार और तुलसी की जगह को लेकर दो अलग राहों पर खड़े नजर आएंगे। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या तुलसी मां शांतिनिकेतन की दरारों को भरकर विरानी परिवार को एक बार फिर एकजुट कर पाएंगी

क्योंकि सास भी कभी बहू थी देखना न भूलें, हर दिन रात 10:30 बजे सिर्फ स्टार प्लस पर और किसी भी वक्त जियोहॉटस्टार पर।

## प्रवचन

# मनुष्य के लिए मांस भक्ष्य नहीं अभक्ष्य है : जीयर स्वामी

**मांसाहारी जीवों को नहीं होता है ज्ञान**

**जगत मिथ्या नहीं, नश्वर है**



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

भोजन अल्पाहार होना चाहिए, जितना से शरीर की रक्षा हो सके। अग्राह्य भोजन से शरीर रोगयुक्त होता है। मांसाहार मनुष्य के लिए उचित नहीं।

इसके पक्ष में मांसाहारी जीवों की भोजन वृत्ति का उदाहरण नहीं देना चाहिए। मांसाहारी जीवों को यह ज्ञान नहीं होता कि क्षुद्धा तृप्ति के लिए जिसकी हत्या वे करते हैं, उसे पीड़ा भी हो रही है। जैसे अबोध बच्चा कहीं आग सुलगाकर उसके परिणाम से बेफिक्र हो आनंदित होता है। परन्तु मनुष्य को परिणाम का ज्ञान है।

इस लिये मानव को अपने स्वाद के लिये दूसरों को पीड़ा नहीं पहुंचानी चाहिए और इस संदर्भ में मांसाहारी जीवों का कुतर्क नहीं देना चाहिये। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि प्रकृति के सभी जीव-जन्तु पर्यावरण को संतुलित करने के लिए बने हैं। ईश्वर ने जितने चराचर पदार्थों की सृष्टि की है, उनमें से कोई एक भी अनुपयोगी नहीं है। इन सबों की उपयोगिता प्रकृति-संतुलन में है। मानव सृष्टि का सबसे उत्तम प्राणी है।

इसका पुनीत दायित्व ईश्वर-कृत सृष्टि का संरक्षण है। लेकिन उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रभावित मानव-मन ही अपनी अकूत स्वार्थ-पूर्ति के लिए प्राकृतिक सम्पदा का दोहन कर रहा है। प्रकृति-रक्षक मानव ही प्रकृति-भंजक हो गया है। प्रकृति संरक्षण का मूल उपाय मानव-मन पर नियंत्रण करना है। इनका प्रकृति के संतुलन में बड़ा महत्व है।

प्रकृति की व्यवस्था को प्रभावित करना ही पर्यावरण को दूषित करना है। प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने की जिम्मेवारी एकमात्र मानव पर ही है।

मृत जानवरों को गिद्ध कुछ ही देर में चट कर जाते हैं। लेकिन जहां से ये प्रजाति विलुप्त हो रही हैं, वहां मृत जानवरों का शव सरकार और समाज के लिए समस्या बन जाता है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, जल एवं अन्न की बर्वादी पर्यावरण को असंतुलित कर रहा है। इसकी सुरक्षा मानव का परम धर्म है।

स्वामी जी ने कपिल-देवहूति संवाद की चर्चा करते हुए कहा कि मनुष्य को प्राणायाम के द्वारा कुंडलनी जागरण का प्रयास करना चाहिये। लेकिन किसी प्रशिक्षित व्यक्ति के निर्देशन में ही इसका अभ्यास हो। सुखासन या पद्मासन में बैठकर एक नासिका से वायु खींचे, इसे पूरक-क्रिया कहते हैं। खींचने के समय से दो गुणा अधिक समय वायु को अपने भीतर रोकना कुंभक हैं। दूसरे नासिका से धीरे-धीरे बाहर निकालने को रेचक कहते हैं।

उन्होंने कहा कि ईश्वर सत्य और जगत मिथ्या है। यह उचित नहीं। जगत मिथ्या नहीं, नष्वर है। यदि जगत मिथ्या है, सारे जगत की व्यवस्था मिथ्या हो जायेगी। तब तीर्थ में जाना, गंगा में स्नान और मंदिर में पूजा आदि व्यर्थ हो जायेगा। मानव ब्रह्म का अंश है, ब्रह्म नहीं। जैसे सोना तो सोना होता है, लेकिन सोने से बने आभूषण में अन्य तत्वों की मिलावट हो जाती है। उसी तरह मानव तवों के संयोग से बना है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### किसान भवन में खरीफ कर्मशाला आयोजित, जैविक खेती पर दिया गया जोर

**तेतरिया।** तेतरिया प्रखंड किसान भवन में शारदीय प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रमुख विनय कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जैविक खेती, समेकित षि प्रणाली तथा आधुनिक षि तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गईस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी, प्रखंड षि पदाधिकारी भारतीय सिन्हा एवं प्रखंड प्रमुख विनय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उद्यान पदाधिकारी वंदना कुमारी, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष विवेक कुमार कोइराला सहित कई षि समन्वयक, तकनीकी प्रबंधक एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।बिहार ग्रामीण बैंक, तेतरिया के प्रबंधक ऋषभ कुमार ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुराने केसीसी खातों को 75 प्रतिशत अनुदान राशि जमा कर नियमित किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने किसानों से केसीसी का नवीकरण कराने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की।षि अधिकारियों ने खरीफ फसलों की उन्नत खेती, जैविक खाद के उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व पर प्रकाश डाला। उद्यान पदाधिकारी ने फल एवं सब्जी उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी।प्रखंड प्रमुख विनय कुमार यादव ने कहा कि जैविक खेती से मिट्टी की उर्वरा शक्ति संरक्षित रहती है और किसानों की आय में वृद्धि संभव है। बीडीओ अर्चना कुमारी ने कहा कि सरकार की षि योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### विद्युत खंभे से टकराई पीकअप चालक की मौके पर मौत

**चकिया।** एनएच 27 पर गुरुवार को एक अनियंत्रित पिकअप किनारे लगे 33केवी हाई-टेंशन बिजली के खंभे से जा टकराई। जिसमें पिकअप चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसमें सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार, मुर्गी लदी पिकअप वाहन मुजफ्फरपुर से मोतिहारी की ओर जा रही थी। जैसे ही वाहन चकिया थाना क्षेत्र के तरनीया गांव के पास पहुंची, चालक को झपकी आ गई। जिसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। मृत चालक की पहचान अरविंद कुमार पिता बच्चन यादव ,शंकर सरैया के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही 112 की पुलिस और चकिया थाना दलबल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के वसीम 22 वर्ष तथा मलाही थाना क्षेत्र निवासी मुन्ना आलम को पिकअप से बाहर निकाला एवं अनुमंडलीय अस्पताल ले गया, जहां पर दोनों का उपचार चल रहा है।

# विधान हत्या दिवस पर भाजपा ने आयोजित की विचार गोष्ठी, जेपी सेनानियों का हुआ सम्मान

**मोतिहारी(एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को संविधान हत्या दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय, गांधी कम्प्लेक्स, मोतिहारी में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन ने किया।कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले जेपी सेनानियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गणेश प्रसाद, दिग्विजय नारायण सिन्हा, बलदेव प्रसाद, बिपिन बिहारी तिवारी, राजकुमार पाण्डेय, हरेंद्र कुमार सिंह, प्रकाश मिश्रा, राजेश्वर शर्मा, भरत गुप्ता, अंबिका पटेल, नागा प्रसाद, ष्णमोहन श्रीवास्तव, उमाकांत तिवारी, नंद किशोर तिवारी, सुभाष चन्द्र तिवारी, विजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में जेपी सेनानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उस दौरान संविधान की मूल भावना को कुचलने का प्रयास किया गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया तथा हजारों लोकतंत्र सेनानियों और विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

संविधान हत्या दिवस लोकतंत्र की रक्षा के प्रति सदैव सजग रहने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम के संयोजक एवं उप महापौर ड़ लालबाबू प्रसाद ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देशभर के लोकतंत्र प्रेमियों ने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उस दौर के इतिहास से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि भविष्य में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किसी प्रकार का संकट उत्पन्न न हो सके। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को राष्ट्र के लिए प्रेरणादायी बताया।पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया था। लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और संघर्ष के कारण ही देश में पुनः लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हो सकी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।कार्यक्रम में अरुण कुमार मिश्रा, राजीव शंकर वर्मा, विनय कुमार वर्मा, कुमार शिवशंकर सिंह एवं अखिलेश्वर प्रसाद सिंह सहित कई जेपी सेनानियों ने भी आपातकाल के दौरान अपने संघर्षो और अनुभवों को साझा किया। अंत में लोकतंत्र की रक्षा एवं संविधान की गरिमा बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र किशोर मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीता शर्मा, जिला प्रवक्ता साजिद रजा, संजीव सिंह, मीडिया सह प्रभारी सुधीर गुप्ता, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजू वर्मा, आईटी सेल संयोजक पंकज सिन्हा, सोशल मीडिया संयोजक ऋषभ झा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक अनिल वर्मा, विधि प्रकोष्ठ संयोजक चुन्नू सिंह, उत्तम मिश्रा, रंजना श्रीवास्तव, उषा गुप्ता, सविता वर्मा, दिलीप जायसवाल, मिशाल श्रीवास्तव, लड्डू सिंह, विशाल पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मोतिहारी में प्रभात फेरी का आयोजन

## जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी एवं दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय में जन-जागरूकता हेतु प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर एवं प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर किया गया।प्रभात फेरी में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स", एनसीसी (छब्ब) के कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनके साथ सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं बुनियाद केंद्र के पदाधिकारी एवं कर्मी भी शामिल रहे। प्रभात फेरी के दौरान प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति संबंधी जागरूकता नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने




प्रभातफेरी में भाग लेते लोग।

तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दियास इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण केवल प्रशासनिक प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी एवं युवाओं की सक्रिय भूमिका से ही संभव है। उन्होंने सभी नागरिकों से नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने तथा स्वयं भी नशे से दूर रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नशा मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाना था। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी, जहां आम नागरिकों को नशा त्यागने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने का संदेश दिया गयास इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं बुनियाद केंद्र के पदाधिकारी एवं कर्मी सहित भारत स्काउट्स एंड गाइड्स तथा एनसीसी के कैडेट बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जदयू एमएलसी खालिद अनवर ने दिवंगत नेता के परिजनों से की मुलाकात

**चकिया।** जदयू एमएलसी खालिद अनवर गुरुवार को शहर के रानीगंज मुहल्ला स्थिति दिवंगत नेता कौसर राजा के पैतृक आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जदयू नगर अध्यक्ष कौशर राजा के अचनाक हुई निधन पर गहरा दुख प्रकट किया तथा उनके आत्मा की शांति व परिवार को इस सदमे से उबरने के लिए दुआ की।

साथ हीं एमएलसी ने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया तथा सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि वे सदा नीतीश कुमार के विचारों व सिध्दातों पर चलते थे। उनकी अचानक हुई निधन से एक तरफ परिवार को तो दूसरी तरफ पार्टी को बड़ा झटका लगा है। वह मृदुभाषी तथा काफी मिलनसार स्वभाव के थे। कहा कि जदयू सिद्धांत की पार्टी है। दुख की इस घड़ी में हम लोग परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष भरत पटेल,प्रखंड अध्यक्ष राजन पटेल, पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष लखन पटेल, मो शमीम, मो इश्तेयाक, ड आसिफ



जदयू एमएलसी के साथ अन्य नेता।

हुसैन, कुंदन कुमार,रामानंद पटेल, संजय मोदी, मो तैयब,राजेश,गौतम कुमार, विशाल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# चौथे चरण का सहयोग शिविर 7 जुलाई को, 69 पंचायतों में होगा आयोजन

## सहयोग शिविर को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को दिए निर्देश

**मोतिहारी (एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले में पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविरों की सफलता से उत्साहित जिला प्रशासन ने चौथे चरण की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले में चौथे चरण का सहयोग शिविर आगामी 7 जुलाई 2026 को शेष बचे 25 प्रखंडों की 69 पंचायतों में आयोजित किया जाएगा।

बिहार सरकार के निर्देश पर आम नागरिकों को उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सीधे प्रशासन के समक्ष रखने तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर रोस्टर के अनुसार सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इससे पूर्व 19 मई को प्रथम चरण, 2 जून को द्वितीय चरण तथा 16 जून को तृतीय चरण का सफल आयोजन किया जा चुका है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि उन्हें आवंटित प्रखंड एवं पंचायतों में सहयोग शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यो का निष्पादन सुनिश्चित करें। इस संबंध में प्रखंड एवं पंचायत स्तर के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 1100 पर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

इसके अलावा विभागीय पोर्टल ौलवहइपींत्हवअ्पद पर अनलाइन परिवाद दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है। दर्ज परिवादों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। 7 जुलाई को इन पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर आदापुर प्रखंड के बेलवा, हरपुर एवं नगरदेयी



जिलाधिकारी।

पंचायतय छौरादानो के जुआफर, तिनकोनी एवं पुरैनियाय रामगढ़वा के पटनी, शिवनगर एवं सिंहासनीय रक्सौल के सिसवा एवं लक्ष्मीपुर लक्ष्मद्वाय बनकटवा के इनरवा फुलवार एवं गोलापकड़िया चिरैया के महुआवा पश्चिमी, महुआवा पूर्वी एवं राघोपुरय ढाका के फुलवरिया, बलुआ गुवावारी एवं तेलहरा कलाय घोड़ासहन के श्रीपुर एवं कवैयाय मधुबन के गड़हिया एवं वाजिदपुरय पकड़ीदयाल के राजेपुर नवादा, थरबितिया एवं चोरमा पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे।

इसी प्रकार पताही के जिहुली उत्तरी, पदुमकेर एवं नूनफरवाय तेतरिया के मेघुआ, बहुआरा गोपी सिंह एवं सेमराहनय बंजरिया के पचरुखा पूर्वी एवं रोहनियाय कोटवा के पोखरा, अहिरौलिया एवं डुमराय मोतिहारी के टिकुलिया, ढेकहा उत्तरी एवं मधुबनी घाटय सुगौली के छपरा बहास दक्षिणी, भरगावां एवं सुगांव उत्तरीय तुरकौलिया के तुरकौलिया पूर्वी, मध्य एवं पश्चिमय चकिया के हरदियाबाद, बिशनपुरा एवं भेरखिया पंचायतों में भी सहयोग शिविर लगाए जाएंगे।कल्याणपुर प्रखंड के बांस घाट, भूवन छपरा, कोयला बेलवा, सिसवा खरार एवं गरीब पंचायतय केसरिया के गोछी कुशहर, लोहारगांवा एवं बैरियाय मेहसी के नोनिमल एवं भूड़कुरवाय अरेराज के बहादुरपुर एवं मुड़ाय हरसिद्धि के चंदरहिया, तपुर एवं घिवाढारय पहाड़पुर के पूर्वी सरैया, उत्तरी नोनेया एवं दक्षिणी नोनेया तथा संग्रामपुर के भवानीपुर दक्षिणी एवं डुमरिया पंचायतों में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शिविर के आयोजन से पूर्व अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किए जाएं तथा प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।उल्लेखनीय है कि फेनहारा प्रखंड की सभी छह पंचायतों तथा पिपराकोठी प्रखंड की सभी छह पंचायतों में पूर्व में ही सहयोग शिविर का आयोजन किया जा चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे 339 किलो गांजा के साथ कंटेनर चालक गिरफ्तार

**रक्सौल(एनएसबी)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हरैया थाना क्षेत्र से बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नेपाल से आरओबी होते हुए एक कंटेनर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ लाया जा रहा है।सूचना के सत्यापन के लिए वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल के नेतृत्व में हरैया थाना क्षेत्र के आईसीपी रोड के पास वाहन जांच शुरू की गई। इसी दौरान एक कंटेनर वाहन (नंबर ठत01ळछ4353) को रोककर तलाशी ली गई।तलाशी के क्रम में कंटेनर के अंदर बने तहखाने से 22 पैकेट में छिपाकर रखा गया कुल 339.36 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार चालक की पहचान मोनाज भगत, पिता घुरन भगत, ग्राम-बुद्धिनगर, थाना-देवरिया, जिला-मुजफ्फरपुर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष कुमार आनंद, राजस्व अधिकारी अरविंद कुमार,थानाध्यक्ष हरैया किसन कुमार पासवान सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थेस पुलिस की इस कार्रवाई से मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

### यूजी पार्ट थ्री की प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित छात्रों का परिणाम नहीं होगा जारी

**चकिया।** स्थानीय एसआरएपी कलेज में यूजी पार्ट थ्री की प्रायोगिक परीक्षा आगामी 29 जून से 30 जून तक होगी। इस बाबत प्राचार्य ड रामनरेश पंडित रमण ने बताया कि इस प्रायोगिक परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों को शामिल होना अनिवार्य है। नहीं शामिल होने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम रुक दिया जाएगा। उन्होंने बताया प्रथम दिन 29 जून को प्रथम पाली में वनस्पति विज्ञान व भौतिकी विज्ञान विषय की परीक्षा ली जाएगी जबकि दूसरी पाली में जंतु विज्ञान व रसायन विज्ञान। दूसरे दिन 30 जून को प्रथम पाली में साइकोलजी एवं भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा ली जाएगीस

### फायर सेफ्टी जांच अभियान दूसरे दिन भी जारी, बैंक रोड स्थित संस्थान का निरीक्षण

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जिले में कोचिंग एवं शिक्षण संस्थानों की फायर सेफ्टी जांच का अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को अनुमंडल अगिशमनालय पदाधिकारी अम्बिका कुमारी के नेतृत्व में टीम ने बैंक रोड, राजेंद्र नगर स्थित एक शिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण कर अगि सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अगिशमन कर्मियों ने संस्थान के प्रवेश एवं निकास मार्ग, अगिशमन यंत्रों (फायर एक्सटिंग्विशर) तथा आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। टीम ने संस्थान प्रबंधन को अगिशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र (फायर एनओसी) एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए।जांच के समय संस्थान में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। अगिशमन विभाग की टीम ने उन्हें भी आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।गौरतलब है कि इससे पूर्व बुधवार को एकौना पार्ट क्षेत्र स्थित एक संस्थान में भी इसी प्रकार का निरीक्षण किया गया था। विभाग द्वारा विभिन्न कोचिंग एवं शिक्षण संस्थानों का क्रमवार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है ताकि अगि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके।अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### चाचा ने दो भतीजों पर किया जानलेवा हमला, एक की मौत, दूसरा गंभीर

#### दरभंगा के बहेरा में किराना दुकान की रंजिश को लेकर हुई वारदात

**अलीनगर (दैनिक नवसंदेश)।** दरभंगा जिला अंतर्गत बहेरा थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में पारिवारिक और व्यावसायिक विवाद ने बुधवार को भयावह रूप ले लिया। किराना दुकान को लेकर चल रहे विवाद में एक चाचा ने अपने दो सगे भतीजों पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। घटना में एक भतीजे की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में उपचाररत है। जानकारी के अनुसार मोतीपुर निवासी प्रमोद शाह एवं अकलू शाह सगे भाई हैं। दोनों गांव में अलग-अलग किराना दुकान संचालित करते हैं। व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा को लेकर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से तनाव की स्थिति बनी हुई थी। बुधवार को इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि प्रमोद शाह ने अपने भाई अकलू शाह के पुत्र 17 वर्षीय गोलू शाह एवं चंदन शाह पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों एवं ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने से पूर्व ही गोलू शाह ने दम तोड़ दिया। वहीं चंदन शाह की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बहेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित प्रमोद शाह घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। एहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। मृतक के घर में मातम पसरा हुआ है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### दरभंगा से कोलकाता इंडिगो विमान के अचानक बंद होने पर चैंबर ने जताया क्षोभ

**दरभंगा (एनएसबी)।** इंडिगो द्वारा काफी लंबे समय से दरभंगा और कोलकाता के बीच नियमित रूप से एक विमान सेवा प्रदान की जा रही थी और यह काफी लोकप्रिय भी थी। इसकी प्रायरू सभी सीटें अपनी क्षमता के अनुसार भरी रहती थी।कहा जाए तो यह एक काफी सफल उड़ान थी।पता नहीं क्यों अचानक से इंडिगो ने इसे बंद कर दिया है और उनकी वेबसाइट पर बताया जा रहा है कि अब यह उड़ान 24 अक्टूबर तक बंद रहेगी। उनके द्वारा अचानक से इस प्रकार इस सेवा को बंद कर देने से इस क्षेत्र के यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। डिवीजनल चौंबर ऑफ कमर्स ने इंडिगो के द्वारा इस सेवा को अचानक बंद किया जाने को काफी गंभीरता से नागरिक एवं उड्डयन मंत्रालय के समक्ष उठाया है।चौंबर का मानना है कि आज विमान सेवा भी बस सेवा,ट्रेन सेवा की ही तरह एक आवश्यक सेवा है और किसी भी ऑपरेटर को मंत्रालय की स्वीति के बिना किसी सेवा को बंद नहीं करने देना चाहिए।इस बात पर मंत्रालय का पूरा नियंत्रण होना चाहिए। चौंबर के अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका ने नागरिक उड्डयन मंत्री एवं दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर को पत्र एवं ई मेल के द्वारा इस समस्या को उठाया है और उनसे इसके निराकरण की दिशा में अपने स्तर से ठोस कार्रवाई करने का अनुराध किया है। चौंबर ने मंत्रालय से यह भी अनुरोध किया है कि उनकी ओर से इस बात की ठोस व्यवस्था की जाए कि भविष्य में भी कोई ऑपरेटर मनमाने ढंग से किसी सेवा को बंद नहीं करे।

### सीएसपी संचालक के बाइक की डिक्की से एक लाख सत्तर हजार रुपए की हुई चोरी

**जाले (एनएसबी)।** कमतौल स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से एक लाख सत्तर हजार रुपए निकासी कर निकले करदौली गांव निवासी ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक मोहम्मद मोहिउद्दीन के मोटरसाइकिल की बंद डिक्की से रुपए गायब होने का एक मामला प्रकाश में आया है ।इस संदर्भ में संचालक ने अज्ञात के विरुद्ध कमतौल थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि बीते 18 जून के पूर्वा सी एस पी के लिए उपरोक्तरकम कमतौल शाखा से निकासी लिया एवं रकम को अपने मोटर साइकिल की डिक्की में रखा था ।बैंक से निकलने के बाद बैंक के समीप स्थित जनरल स्टोर्स से एक बोतल पानी खरीदा ,उसके बाद जब सी एस पी सेंटर पहुंचा को मोटरसाइकिल की डिक्की से रकम गायब थी ।संचालक का दावा है की पानी लेने के दरम्यान ही किसी अज्ञात ने रकम निकाल ली है ।मामले की तहकीकात प्रशिक्षु अवर निरीक्षक महेश कुमार कर रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### जीवछ ट्रेडिंग के मुख्य दरवाजे का कुंडी तोड़ हजारों रूपए व समानों की चोरी।



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के रामचंद्र विद्यापीठ सोहा गांव समीप सोनवर्षा बैजनाथपूर मुख्य मार्ग में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने हार्डवेयर दुकान को निशाना बनाते हुए जीवछ ट्रेडिंग के मुख्य दरवाजे का कुंडी तोड़ हजारों रूपयों की समाग्री एवं नगदी की चोरी कर लिया है। मुख्य सड़क पर चोरी होना सोनवर्षा पुलिस के गश्ती पर सवाल उठ रहा है। सूत्रों के अनुसार घटना रात 11 बजे के बाद की है क्यों कि शातिर चोरों ने सीसीटीवी का तार तोड़ कर 11 बजे के बाद की रिकार्डिंग रोक दिया था। दुकानदार द्वारा सुचना दिए जाने के बाद गुरुवार सुबह सोनवर्षा राज थाना पुलिस हड़कत में आई एंव 112 की पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंच आवश्यक जांच पडताल की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार जीवछ ट्रेडिंग के मालिक रजनीश कुमार बुधवार रात अपनी दुकान में ताला लगाकर घर चले गए। गुरूवार को दुकान आने पर मुख्य दरवाजे का कुंडी टुटा देख उसे चोरी की घटना की जानकारी मिली। छानबीन करने पर पता चला की दुकान के गल्ले से 4 चांदी का सिक्का, 3-4 हजार रूपया नगदी, रायलसेन पेंट के 10 लिटर का 4 डब्बो का चोरी कर लिया। इस दौरान चोरों ने दुकान के अंदर रखे कई बक्शे को भी तोड दिया। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों ने पिछले दरवाजे का ताला तोड़ कर फरार हो गए। घटना को लेकर सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने कहा की घटना स्थल पर गश्ती दल एवं 112 की टीम द्वारा जांच पडताल की गई है। चोरों की जानकारी हेतू सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

### मोहर्रम को लेकर बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बनमा ईटहरी थाना पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी के नेतृत्व में पुलिस बल ने तेलियाहाट, पहलाम, घरदौड़, मुरली, रसलपुर, सुगमा, बहुअरबा और जमालनगर गांवों का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।



फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को देने का आग्रह किया। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने कहा कि मोहर्रम पर्व को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और पुलिस लगातार गश्त कर रही है। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और पर्व के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना है।

### आंगनवाड़ी सेविका बिंदु देवी का निधन, क्षेत्र में शोक



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के वार्ड संख्या-12 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या-01 की सेविका बिंदु देवी (55) वर्ष का निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह लंबे समय से आंगनवाड़ी सेविका के पद पर कार्यरत थीं और अपने मिलनसार स्वभाव, सामाजिक सरोकार तथा धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए जानी जाती थीं। बताया जाता है कि बिंदु देवी रविंद्र यादव की पत्नी थीं। अपने पीछे वह भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके दो पुत्र रमन कुमार व ललन कुमार तथा एक पुत्री हैं। मां के निधन से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि बिंदु देवी समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं। जरूरतमंदों की सहायता के लिए वह हमेशा तत्पर रहती थीं। उनके निधन से क्षेत्र ने एक कर्मठ, समाजसेवी एवं लोकप्रिय महिला को खो दिया है। उनके निधन पर सांसद दिनेश चंद्र यादव, प्रमुख माला देवी, पूर्व प्रमुख रमेश चंद्र यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन यादव, हरिवलाश यादव, सरपंच प्रतिनिधि सनोज यादव, अनुकल्प यादव, अमिताभ यादव, छोटे कुमार एवं लुटन कुमार यादव समेत कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। ग्रामीणों ने कहा कि बिंदु देवी की सेवाओं और समाज के प्रति उनके समर्पण को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उनका निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

### शोक सभा आयोजित कर शहर की सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मोती वर्मा को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा ही नहीं पुरे कोशी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई जब पता चला की प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ मोती वर्मा नहीं रही, आज बनगांव रोड स्थित एक निजी स्थान पर रौशन माधव के नेतृत्व में बढ़ल हाथ के सौजन्य से शोक सभा आयोजित किया गया। रौशन माधव ने कहा की आज सहरसा ही नहीं पुरे कोशी क्षेत्र ने एक सेविका को खो दिया है, हजारों बच्चे और माँओं की जान बचाने वाली धरती की भगवान डॉ मोती वर्मा की योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। समाज के लिए समर्पित दास अतुल, टिंकू मैथिल और अंशु मिश्रा ने कहा की मैडम का जाना समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है, वहीं राजू मिश्रा ने कहा की समाज हमेशा उनके योगदान को याद करता रहेगा। शोक सभा में दर्जनों युवकों ने भाग लिया। इस मौके पर मानस मिश्रा, शुभम, मनीष झा, मन्नू रिस्की, अंशु झा बलहा,रोहन, राजीव, प्रकाश उज्ज्वल, मुकेश झा, पिक्कु मिश्रा, अरुण झा सहित कई गणमान्य मौजूद रहें।

### भूमि विवाद में पति-पत्नी पर जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती।

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के रजबडा टोल में गुरुवार को भूमि विवाद ने हिंसक रुप ले लिया अपने ही सगे भाई ने अपने ही भाई एवं उसके पत्नी को जबरन मारपीट कर गंभीर रूप जख्मी कर दिया गया है। घटना के बाद परिजनों द्वारा जख्मी दंपत्ति को ईलाज हेतू सोनवर्षा सीएचसी लाया गया, लेकिन चिकित्सक द्वारा समुचित ईलाज हेतू दोनों को सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया गया है। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार संतोष यादव चन्नाकोठी बहियार स्थित अपने हिस्से की जमीन को जोत आबाद कर रहा था।



इसी दौरान सगे भाई सुनील यादव, प्रशांत, सुशांत, बेचन यादव समैत अन्य आठ दस लोगों द्वारा उसे लाठी डंडे व दबिया से मारपीट किया जाने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही उसकी पत्नी सोनी देवी उसे बचाने का प्रयास करने लगी। इसपर सभी आरोपियों ने उसे भी बुरी तरह मारपीट कर जमीन पर गिरा दिया। हो हल्ला सुन ग्रामीणों के पहुंचने पर दोनों की जान बची। जख्मी संतोष यादव ने बताया की बटवारा में उसके हिस्से में मिले जमीन को वो जोत आबाद कर रहे थे। इसी बात पर आरोपियों द्वारा उनपर एवं उनकी पत्नी पर जानलेवा हमला किया गया। घटना के बाबत सोनवर्षा थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया की प्राप्त आवेदन पर घटना की जांच पडताल की जा रही है।

# दिनदहाड़े गल्ला व्यवसायी से 5 लाख की लूट


## दो अज्ञात बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, कपसिया के पास की है घटना, सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी पुलिस

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में एक गल्ला व्यवसायी से दिनदहाड़े पांच लाख रुपये लूट लिए गए। यह घटना कपसिया गांव के पास हुई, जहां बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पतरघट थाना क्षेत्र निवासी हरेन्द्र यादव पिता सीताराम यादव मधेपुरा स्थित एक बैंक से पांच लाख रुपये निकालकर अपनी चारपहिया वाहन से कपसिया गांव में अपनी बेटी के घर जा रहे थे। बताया गया कि जैसे ही वे अपनी बेटी के घर के सामने पहुंचे, पहले से घात लगाए बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया। बदमाशों ने उनसे रुपये से भरा बैग छीन लिया और तेज रफ्तार से मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पतरघट थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की है और अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पस्तपार थानाध्यक्ष विजय पासवान के साथ एक तकनीकी टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। टीम विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है, जिसमें यह पता लगाना शामिल है कि अपराधियों को रुपये निकासी की पूर्व जानकारी थी या उन्होंने व्यवसायी का पीछा किया था। पतरघट थाना पुलिस ने बताया कि घटना की हर बिंदु पर जांच की जा रही है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना में शामिल बदमाशों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सहरसा सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस पूरी गंभीरता के साथ जांच कर रही है।

## सड़क सुरक्षा विशेष जांच अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों पर व्यापक वाहन जांच

### 2.26 लाख का जुर्माना हुआ वसूल

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिला परिवहन कार्यालय, सहरसा द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी श्री सुजीत बरनवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 327ए एवं 107 पर पंचगछिया, बिहरा थाना एवं बैजनाथपुर क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध रूप से पार्किंग किए गए वाहनों के विरुद्ध समन एवं चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। इसके अतिरिक्त ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, ट्रैक्टर तथा अन्य व्यावसायिक एवं मालवाहक वाहनों की भी सघन जांच की गई। जांच के दौरान कई ऐसे वाहन चालक पाए गए जो हेलमेट वाहन में टांगकर चल रहे थे। ऐसे चालकों को रोककर हेलमेट पहनाया गया तथा भविष्य में अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अंतिम चेतावनी दी गई। सभी वाहन चालकों से सीट बेल्ट एवं हेलमेट का नियमित उपयोग करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की गई। अभियान के दौरान बिल्डिंग मटेरियल के दुकानदारों को भी निर्देशित किया



वाहन जांच करते डीटीओ व पुलिस अधिकार।

गया कि वे अपनी दुकानों के सामने ट्रक, ट्रैक्टर एवं अन्य भारी वाहनों को सड़क पर खड़ा न करें, जिससे यातायात बाधित न हो तथा दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। इस विशेष अभियान में मोटर वाहन निरीक्षक बृजमोहन पटवारी, प्रवर्तन अवर निरीक्षक रुपेश, सुश्री पल्लवी मेहराब, आनंद, परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल, चालक, सिपाही एवं गृहरक्षक बल के जवान सक्रिय रूप से शामिल रहे। अभियान के दौरान कुल 40 मोटरसाइकिल, 05 ऑटो रिक्शा, 08 ई-रिक्शा, 05 ट्रैक्टर सहित विभिन्न श्रेणी के वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 2,26,000 का जुमार्ना अधिरोपित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत बरनवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस प्रकार का विशेष जांच अभियान पूर्व में भी चलाया गया है तथा भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक बनाना है।

## छात्रों की गूंज कार्यक्रम में छात्रों ने पेपर लीक पर जताई चिंता, परीक्षा धांधली और शिक्षा व्यवस्था से परेशान



भाषण का लाइव वीडियो दिखते कांग्रेसजन।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमिटी, के तत्वावधान में पंचवटी चैक स्थित एक सभागार में छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर नीट, आईआईटी-जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा कोटा में छात्रों को संबोधित किए गए भाषण का लाइव वीडियो दिखाया गया। कार्यक्रम में तकरीबन 300 से ज्यादा छात्र उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा एक पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से देश में शिक्षा बजट की स्थिति, छात्रों के समक्ष बढ़ती चुनौतियाँ, बार-बार हो रहे पेपर लीक, युवाओं पर बढ़ते मानसिक दबाव तथा देश के बच्चों और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ जैसे मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के बीच राजनीति करने नहीं, बल्कि उनके भविष्य की चिंताओं को समझने और उनके अधिकारों की आवाज बुलंद करने आई है। उन्होंने कहा कि छात्रों के सपनों और भविष्य को सुनियोजित तरीके से नष्ट करने की कोशिशों का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी। इस अवसर पर ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी के सदस्य केसर कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने कोटा में छात्रों के बीच शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर प्रश्न उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए की कार्यप्रणाली तथा बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने लाखों छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं के लिए केंद्र सरकार को जवाबदेह होना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में छात्रों के भविष्य और उनके मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है, तो उसे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए।

## सीपीएम कार्यकत्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय का किया घेराव, सीलिंग जमीन व पचाधारियों के अधिकार को लेकर सात सूत्री मांगपत्र सौंपा



घेराव कर धरना-प्रदर्शन करते कार्यकत्ता।

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को सीपीएम के आह्वान पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकत्ताओं एवं पचाधारियों ने सोनवर्षा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डटे रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सीलिंग की जमीन के फर्जी केवाला एवं फर्जी जमाबंदी रद्द करने, पचाधारियों की बेदखली पर रोक लगाने, भूमिहीनों को बास भूमि उपलब्ध कराने तथा भू-माफिया और प्रशासनिक गठजोड़ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना की अध्यक्षता रामचन्द्र महतो ने की। सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम राज्य सचिव मंडल सदस्य सह जिला सचिव रणधीर यादव ने आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत से भू-माफिया सीलिंग की जमीन पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे हैं और पचाधारियों को बेदखल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी पचाधारियों को उनकी जमीन पर दखल दिलाने की है, लेकिन इसके विपरीत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि फर्जी केवाला और जमाबंदी रद्द कर पचाधारियों की जमाबंदी कायम नहीं की गई तथा बेदखली पर रोक नहीं लगी, तो सीपीएम आर-पार की लड़ाई लड़ने को बाध्य होगी। इस दौरान कार्यकताओं ने कहा शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर 10 अगस्त को जिला मुख्यालय का घेराव की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी, सहरसा के नाम सात सूत्री मांगों का ज्ञापन सीओ जितेंद्र कुमार सिन्हा सौंपा गया। सभा को किसान सभा के जिला सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, अंचल सचिव इन्द्रदेव प्रसाद इन्दू, गुरूदेव शर्मा, कुलानन्द कुमार, संजय कुमार सिंह, नसीम उद्दीन, ब्यास प्रसाद यादव, कारी मुखिया, यशोधर मंडल, जवाहर यादव, उपेन्द्र महतो, असफाक अंसारी सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

## सहयोग शिविर को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज, शेष तीन पंचायतों में बदली गई तिथियां

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** बिहार सरकार की ओर से आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविर को लेकर प्रखंड क्षेत्र में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। शिविर के माध्यम से अधिकारी सीधे लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं तथा प्राप्त आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निष्पादन भी किया जा रहा है। प्रखंड की चार पंचायतों में अब तक सहयोग शिविर का सफल आयोजन किया जा चुका है। इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन जमा किए, जिनमें से अधिकांश का निष्पादन भी किया जा चुका है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना, योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करना तथा जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शिविरों में सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड, भूमि विवाद तथा राजस्व संबंधी मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतें सुन रहे हैं और आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। इस बीच शेष तीन पंचायतों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। बीडीओ गुलशन कुमार झा ने बताया कि 30 जून को जमालनगर पंचायत के प्रियनगर पंचायत भवन में सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सहुरिया एवं रसलपुर पंचायत में एक ही दिन शिविर का आयोजन होगा। सहुरिया पंचायत के सुगमा पैक्स परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर तक तथा रसलपुर पंचायत के मुरली खेल मैदान परिसर में दोपहर से शाम तक शिविर लगेगा। शिविर का उद्घाटन डीटीओ सुजीत वर्णमाला करेंगे। इसके लिए प्रखंड के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन की ओर से आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। कार्यपालक सहायकों के माध्यम से लोगों से आवेदन लिए जा रहे हैं। अब तक जमालनगर पंचायत से 86, सहुरिया पंचायत से 51 तथा रसलपुर पंचायत से 88 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्रशासन का दावा है कि प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निष्पादन कर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।



बीडीओ गुलशन कुमार झा।

### हृदय गति रुकने से प्रकाश ठाकुर का निधन, गांव में शोक



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पहलाम गांव निवासी प्रकाश ठाकुर (55) का बुधवार की रात करीब 11 बजे हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार एवं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र अमित कुमार, अंकित कुमार एवं अभिषेक कुमार सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। गुरुवार को उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शुभचिंतक पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी।प्रकाश ठाकुर के निधन पर पूर्व मुखिया दिलीप ठाकुर, गौरे ठाकुर, विनोद ठाकुर, नितिन ठाकुर, मोती ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, राजीव ठाकुर, गोपाल ठाकुर, दिनेश ठाकुर, दीपो ठाकुर तथा सुशील ठाकुर समेत अन्य लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना किया।

## आपातकाल दिवस एवं संविधान हत्या दिवस पर भाजपा का मौन मार्च

### लोकतंत्र की रक्षा और संविधान के सम्मान का लिया संकल्प।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** आपातकाल दिवस एवं संविधान हत्या दिवस के अवसर पर भाजपा जिला द्वारा लोकतंत्र की रक्षा एवं संविधान के सम्मान के संकल्प के साथ काली पट्टी बांधकर मौन मार्च निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने की, जबकि संचालन भाजपा जिला महामंत्री शिवभूषण सिंह ने किया। मौन मार्च में भाजपा के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। मौन मार्च शहर के वीर कुंवर सिंह चैक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए पुनः वीर कुंवर सिंह चैक पहुंचा। इस दौरान कार्यकत्ताओं ने आपातकाल के काले अध्याय को याद करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा एवं नागरिक अधिकारों की रक्षा का संदेश दिया। वीर कुंवर सिंह चैक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कहा कि वर्ष 1975 में लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय था। उस समय लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हुआ और संविधान की मूल भावना को प्रभावित किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रहित के मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।भाजपा जिला महामंत्री शिवभूषण सिंह ने कहा कि आपातकाल के विरोध में लोकतंत्र सेनानियों ने अपने त्याग, संघर्ष और साहस से लोकतंत्र की रक्षा की। यह दिवस हमें लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने और संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक शशि सोनी ने कहा कि यह कार्यक्रम उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता वेदानंद पासवान, अधिवक्ता योगनंदन यादव, मोनू पांडे, विजय लता देवी, विजय बसंत, जिला मंत्री कुमार गौरव सिंह, विपीन कुशवाहा, रंजना गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुमित सिन्हा, कुमार अमर ज्योति, संजय साह, अनोज सिंह, बवन, ललन दास, भवेश सिंह, रीता देवी, रंजना देवी, अमित आनंद, दीपक कुमार छोटू, सीएम झा, पप्पू ठाकुर, रामबरन पोद्दार, राकेश सिंह, राकेश गुप्ता, संजीव कुंवर, लालदेव कुमार आनंद, मनोज मिश्रा, दिलीप शर्मा, हेम नारायण गुप्ता, डॉ. कैलाश कुमार, अभिनव सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुगमणि देवी, मीना देवी, सजनी देवी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकत्ता उपस्थित रहे।





मौन मार्च में षामिल भाजपा कार्यकत्ता।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेताओं ने नये जिलाधिकारी विक्रम विरकर का किया स्वागत



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के नवनियुक्त जिलाधिकारी विक्रम विरकर से शिष्टाचार मुलाकात की तथा उन्हें पुष्प का पौधा एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के जिला महामंत्री डॉ. इंदुभूषण कुशवाहा, जिला महामंत्री नंदू शाह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. सलिल यादव, जिला प्रवक्ता इंजीनियर धर्मेंद्र यादव, जिला मंत्री कुंदन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय झा, जिला मंत्री धर्मवीर जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रताप रवि सिंह तथा ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री अभिजीत कुमार शामिल थे। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि खगड़िया सदैव विकास, सुशासन एवं जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाने वाला जिला रहा है। उन्हें विश्वास है कि जिलाधिकारी विक्रम विरकर के कुशल नेतृत्व, प्रशासनिक अनुभव एवं सकारात्मक कार्यशैली से जिले के विकास को नई गति मिलेगी तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सकेगा। मुलाकात के दौरान उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्वेता भारती भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिले में चल रहे विकास कार्यों, प्रशासन से जुड़े विभिन्न विषयों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए जिले के सर्वांगीण विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। नेताओं ने कहा कि भाजपा सदैव जनहित, विकास और सुशासन के मुद्दों पर प्रशासन के साथ सकारात्मक सहयोग की भूमिका निभाती रही है तथा आगे भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

### अग्निपीड़ितों को सीओ ने सौंपे 12-12 हजार के चेक

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** सौढ दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या-10 तथा नगर पंचायत परबत्ता के वार्ड संख्या-21 स्थित जानकी चक यादव टोला में हाल ही में हुई आगजनी की घटनाओं में छह घर जलकर राख हो गए थे। पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन की ओर से सहायता राशि दी गई। अंचलाधिकारी हरिनाथ राम ने सरकारी प्रावधानों के तहत सभी अग्निपीड़ित परिवारों के बीच 12-12 हजार रुपये का चेक वितरित किया। उन्होंने कहा कि आगजनी से प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मिलने वाली सभी सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और मुआवजे की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाएगी। चेक वितरण के दौरान संबंधित हल्का कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। सहायता राशि मिलने पर पीड़ित परिवारों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### फरार आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बेला नौवाद गांव निवासी दशरथ यादव के पुत्र कैलु यादव उर्फ चंद्र देव यादव को बेलदौर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ फरवरी 2025 में शराब को लेकर मामला दर्ज हुआ था तब से वह फरार था। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मनरेगा के नए नियमों व क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण



**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के सभा कक्ष में विकसित भारत अभियान के तहत मनरेगा के नए नियमों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने की। इस दौरान मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी रमन कुमार ने उपस्थित कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को योजना में किए गए नए प्रावधानों और नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मनरेगा के पुराने और नए स्वरूप के बीच के अंतर को समझाते हुए इसके सफल क्रियान्वयन के लिए जारी सरकारी दिशा निर्देशों पर प्रकाश डाला। बैठक में बताया गया कि नए नियमों के तहत मनरेगा को अब भीबीजी नाम से भी जाना जाएगा। साथ ही योजना के संचालन, निगरानी और कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मनरेगा से जुड़े सभी संबंधित कर्मियों के अलावे पंचायत समिति सदस्य, मुखिया तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अपने विचार रखे।

### पसराहा पुलिस ने लाल वारंटी समेत तीन को गिरफ्तार किया

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस ने विशेष अभियान के तहत अलग-अलग मामलों में वांछित तीन फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में एक लाल वारंटी भी शामिल है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में तीनों अभियुक्तों को उनके घरों से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, लाल वारंटी की पहचान तेहाय निवासी राधे शर्मा, पिता नारायण शर्मा के रूप में हुई है, जो पिछले 25 वर्षों से मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। लंबे समय से कानून की नजरों से बच रहे इस अपराधी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। वहीं, अन्य दो गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान तेलिया बथान निवासी अनुज मंडल और विकास मंडल के रूप में हुई है, जो साइकिल मंडल के पुत्र हैं। इन दोनों को पसराहा थाना कांड संख्या 112/26 के मामले में नामजद किया गया था और पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तेलियाबथान स्थित उनके आवास पर दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों अभियुक्तों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस की कड़ी निगरानी में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि फरार अपराधियों के विरुद्ध पुलिस का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और कानून को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र के आपराधिक तत्वों में हड़कंप मच गया है।

# लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

## आवेदनों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

दैनिक नवसंदेश

**खगड़िया।** जिला पदाधिकारी विक्रम वीरकर ने समाहरणालय सभाकक्ष में जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी सहयोग-सह-जन कल्याण शिविरों की तैयारियों एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने

**जिला पदाधिकारी ने की विभिन्न विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा**



जिले के अधिकारियों के साथ कार्यक्रमों की प्रखंडवार प्रगति की जानकारी लेते जिलाधिकारी।

सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सहयोग-सह-जन कल्याण शिविरों के सफल आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं अद्यतन कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा प्रखंडवार प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी ने पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने हेतु कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित एवं प्रस्तावित डिग्री कॉलेजों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिले के चार प्रखंडों में पूर्व से संचालित डिग्री कॉलेजों के अतिरिक्त मानसी, बेलदौर एवं चौथम प्रखंड में डिग्री कॉलेजों की स्थापना से संबंधित अद्यतन प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले पंचायत विकास दिवस की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को पंचायत विकास दिवस के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा प्राप्त आवेदनों एवं जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती, सभी अपर समाहर्ता, जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पानी भरे गड्ढे में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो शेर वासा गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। मौत की खबर पर परिजनों में चीख पुकार मचा हुआ है। घटना गुरूवार के करीब 11 बजे दिन की बताई जा रही है। मृतक बालक का पहचान भवेश यादव के दस वर्षीय पुत्र लालची कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के मुताबिक घटना के समय बालक अपने घर से खेलने के लिए निकला था। बताया जाता है कि पानी भरे गड्ढे के निकट खेलने के क्रम में कोई चूक हो जाने से वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी दम घुटने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पीड़ित परिजनों को दी। जानकारी पर परिजनों ने उसके शव को ग्रामीणों के सहयोग से बरामद कर इसकी सूचना नगर पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि लालची कुमार दो भाई था, जिसमें वह बड़ा था। मौत की खबर पर लालची का दिव्यांग मां मीना देवी एवं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की पुष्टि करते हुए सीओ अमित कुमार ने बताया कि संबंधित हल्का कर्मचारी विनोद कुमार को मामले की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट सकारात्मक आने पर नियमानुसार आपदा प्रबंधन नियम के तहत आवश्यक अनुग्रह अनुदान देने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।



# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पंचायत विकास दिवस को लेकर दिए निर्देश

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** पंचायत विकास दिवस के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। इसमें प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं पंचायत राज विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पंचायतों के सतत विकास और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को 'पंचायत विकास दिवस' मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 28 जून को पटना से वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान सभी पंचायत सचिवों एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे अपनी पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित विकास योजनाओं और कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना तथा कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर पंचायत राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक, मध्य बौरने पंचायत के मुखिया शशिभूषण कुमार, ठुठी मोहनपुर की मुखिया प्रीति कुमारी, हरदिया के मुखिया विश्वनाथ रजक और पश्चिमी बौरने की मुखिया सोनी देवी सहित सभी पंचायत सचिव एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

# नौ वर्षीय बच्ची की सर्पदंश से मौत

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** लालपुर बोरा कोठी मुसहरी गांव में बीती रात जहरीले सांप के काटने से बच्ची की मौत हो गई। मृतका लालपुर बोरा कोठी मुसहरी निवासी चंदन सदा की 9 वर्षीय पुत्री रनिया देवी थी। परिजनों ने बताया कि बच्ची रात में घर में सो रही थी। इसी दौरान उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजन उसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले गए। साथ ही झाड़-फूंक का भी सहारा लिया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मृत बच्ची गांव के ही प्राथमिक विद्यालय बोरा कोठी में चौथी कक्षा की छात्रा थी। उसकी असामयिक मौत से विद्यालय परिवार में भी शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने गहरी संवेदना



व्यक्त करते हुए मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। घटना की सूचना चौथम पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण सांपों के बिलों से बाहर निकलने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। घर के आसपास साफ-सफाई रखने, रात में सोते समय सतर्क रहने तथा सर्पदंश की स्थिति में बिना देरी किए तत्काल चिकित्सकीय उपचार लेने की सलाह दी जा रही है। बच्ची की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किया जागरूक



**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में गुरुवार को बेलदौर आईटी भवन के सभागार कक्ष एवं नगर पंचायत के सभागार कक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीआरएफ की टीम ने छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को आपदाओं से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीआरएफ के एस आई रविंद्र कुमार यादव, प्रशिक्षक सुबोध कांत, उमेश कुमार, चंदन कुमार ने आईटी भवन के सभागार कक्ष में आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर एवं गांधी इंटर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बाढ़ से बचाव को लेकर विभिन्न तरह का रीहल सिहल कर जानकारी दिए। वही नगर पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष में वर्षा के दौरान वज्रपात की घटनाओं के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान कैसे जान माल की क्षति की संभावना बनी रहती है, जब बाढ़ आ जाती है तो छोटे-छोटे बच्चे खेलने के दौरान या मवेशी चराने के दौरान डूब जाते हैं उसको लेकर भी प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में एसडीआरएफ के एस आई रविंद्र कुमार यादव ने बताया कि जब मानसून प्रवेश कर जाता है तो अधिक बारिश होती है। बारिश होने के कारण निचले इलाके में बाढ़ की आने की समस्याएं हो जाती है या बाढ़ के पानी में कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह यदि डूब जाता है तो उनके बचाव को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर नगर पंचायत कार्यालय के कर्मी देवेंद्र कुमार, नीतीश कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बबलू कुमार, पंकज कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# खगड़िया के स्नातक मतदाताओं के बीच संवाद पांच जुलाई को

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के खगड़िया जिला के पंजीकृत स्नातक मतदाताओं के बीच 5 जुलाई को एमजी मार्ग स्थत केएन क्लब में जिला स्तरीय स्नातक मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कोषी स्नातक क्षेत्र के भावी उम्मीदवार रजनीश रंजन अपने विचार रखेंगे। भावी एमएलसी उम्मीदवार रजनीश रंजन ने बताया कि केएन क्लब में पांच जुलाई को जिले के सभी प्रखंडों एवं दोनों अनुमंडलों में निवास करने वाले मतदाताओं को आमंत्रण देना प्रारंभ कर दिया गया है। कुछ जगहों पर स्वयं तथा विशेष दूत के माध्यम से कार्ड भेजे जाएंगे। पत्रकारों से बात करते हुए



रजनीश रंजन ने कहा कि वे खगड़िया के स्नातक मतदाताओं के साथ मिलकर आगामी विधान परिषद चुनाव हेतु निर्णय लेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि इससे पूर्व सहरसा, अररिया एवं सुपौल जिला में संवाद संपन्न हो चुका है। इस अवसर पर खगड़िया टीम रजनीश के कार्यक्रम संयोजक अमरजीत राठौर, व्यवस्था प्रभारी शांतनु राजा सहित दर्जनों साथी मौजूद थे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर किया गया जागरूक

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने मकान की छत पर सोलर प्लेट लगवाने वाले उपभोक्ताओं को बिजली निःशुल्क मिलेगी। विभागीय स्तर पर इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसे अपने मकान की छत पर लगवाने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक भी किया जा रहा है। यह देते हुए जानकारी योजना के तकनीशियन सुजीत कुमार ने बताया कि कुटीर ज्योति योजना के तहत बीपीएल परिवार को एक किलोवाट से अधिक का सोलर प्लेट निःशुल्क लगाया जाएगा। इसके अलावा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को एक किलोवाट पर तीस हजार, दो किलोवाट पर साठ हजार एवं तीन किलोवाट अथवा इससे ऊपर के वाट पर 78 हजार रुपये अनुदान देने का प्रावधान है। शेष बची राशि उपभोक्ता नकद अथवा किस्तों में जमा कर सकते हैं। नकद राशि नहीं दे पाने वाले उपभोक्ताओं को बिजली विभाग बैंक से कर्ज दिलवाने में आवश्यक सहयोग करेगा, जिस पर छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर उपभोक्ताओं को देना पड़ेगा। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को निःशुल्क बिजली तो मिलेगी ही। साथ ही उत्पादित बिजली जिसे उपभोक्ता खर्च नहीं कर पाएंगे वे इसे बिजली विभाग को बेच कर अतिरिक्त आमद कमा सकते हैं।

# दो वर्षों की उपलब्धियों की सांसद ने दी जानकारी

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सांसद राजेश वर्मा ने अपने संसदीय कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य कार्यक्रम के तहत प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों, जनहित की योजनाओं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से जानकारी दिया। सांसद ने कहा कि खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पुल-पुलिया, रेलवे स्टेशन आधुनिकीकरण, ट्रेनों के ठहराव, रेलवे लाइन विस्तार सहित विभिन्न आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर सांसद के द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण भी किया गया। सांसद निधि मद से लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से 31 विकास योजनाओं का उद्घाटन किया गया। वहीं अन्य मदों से लगभग 2 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़कों एवं अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त सीएसआर मद से लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से 22 स्थानों पर स्थापित ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। साथ ही लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 81 स्थानों एवं 27 अन्य स्थलों पर स्थापित हाई मास्ट लाइटों का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया। सांसद ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आम लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी खगड़िया लोकसभा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# भाजपा ने मनाया संविधान हत्या दिवस, विरोध प्रदर्शन व नगर भ्रमण आयोजित

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा ने 25 जून, 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की स्मृति में संविधान हत्या दिवस एवं लोकतंत्र रक्षा दिवस के रूप में विरोध प्रदर्शन एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता भाजपा जिला महामंत्री नंदू शाह ने की।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने नगर भ्रमण कर आमजन को आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगाए गए प्रतिबंधों तथा संविधान की मूल भावना पर हुए प्रहार के प्रति जागरूक किया। नगर भ्रमण के उपरांत सभा आयोजित की गई, जिसमें आपातकाल के विरोध में भाजपा नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री नंदू शाह ने कहा कि 25 जूनइ 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है। इसी दिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की मूल भावना, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं नागरिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि सत्ता के संरक्षण के लिए संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया गया, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता।

वक्ताओं ने कहा कि आपातकाल के दौरान हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों को जेल




में बंद कर दिया गया था। प्रेस पर सेंसरशिप लागू की गई और जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। यह भारतीय संविधान की आत्मा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार था। भाजपा नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सभी सत्याग्रहियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं निर्भीक नागरिकों का त्याग और बलिदान देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके संघर्ष और बलिदान के कारण ही देश में पुनः लोकतंत्र की स्थापना हुई और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित हो सकी। वक्ताओं ने कहा कि संविधान हत्या दिवस केवल इतिहास के उस काले अध्याय को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का भी अवसर है। भाजपा सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और संविधान की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रही है तथा आगे भी रहेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ. इंदु भूषण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष आलोक विद्यार्थी, जिला मंत्री धर्मवीर जायसवाल, जिला मंत्री विनय चौरसिया, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, मंडल अध्यक्ष अजय कुमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राज किरण महतो, नगर उपाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं भाजपा नेता शिवम कुमार, कार्यालय सह मंत्री देवानंद स्वामी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुरादपुर में हर कदम पर हादसे का खतरा

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** माधवपुर पंचायत के मुरादपुर गांव की मुख्य सड़क बाढ़ में क्षतिग्रस्त होने के बाद पिछले दो वर्षों से मरम्मत की बाट जोह रही है। सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और लोग जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी जता रहे हैं। जीएन बांध से लेकर मुरादपुर सरपंच के घर तक जाने वाली सड़क लगातार दो बार बाढ़ की चपेट में आने से पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और कटाव के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि मोटरसाइकिल सवार और ठेला चालक आए दिन दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मरम्मत की मांग की पर नहीं बनी।

# फुलका एवं जेएसए एकेडमी के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर

## ऋषि कुमार को दिया गया बेस्ट 22 का पुरस्कार





दोनों टीम के साथ खड़े अतिथि।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा जेएसए मैदान में आयोजित अंडर-14 बालक एवं बालिका फुटबल लीग के आठवें दिन फुलका फुटबल एकेडमी और जेएसए फुटबल अकादमी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त किया।मैच के उपरांत सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जेएसए फुटबल अकादमी के जर्सी नंबर 11 के खिलाड़ी ऋषिकेश को प्रदान किया गया। यद्यपि उनकी टीम जीत हासिल नहीं कर सकी, फिर भी पूरे मैच में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया।इससे पूर्व मैच के मुख्य अतिथि कार्य प्रबंधक (डीजल) रवि राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि सहायक क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता में उद्घोषक की भूमिका अजय कुमार अजीत ने निभाई। मैच संचालन एवं निर्णायक की जिम्मेदारी भूतपूर्व राष्ट्रीय फुटबलर प्रवीण कुमार और ष्णानंद 'रामा' ने संभाली। वहीं, रेफरी के रूप में शंकर सिंह, मनीष कुमार एवं प्रकाश कुमार ने अपनी सेवाएं दीं।इस अवसर पर विनोद, संजय कुमार 'ट्विंकल', संजय सिंह 'सज्जन', शिवलाल रजक, रंजीत प्रसाद, मिथुन सहित अनेक खेलप्रेमी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि बच्चों में खेल प्रतिभा के विकास तथा खेल संस्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद बर्णवाल के मार्गदर्शन एवं उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन) प्रीतम कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जमालपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## कारखाना में प्रशिक्षण पूरा कर 93 प्रशिक्षुओं को दी गई विदाई

### सभी प्रशिक्षुओं को उज्जवल भविष्य की रेल प्रशासन ने किया कामना

### कारखाना के बीटीसी में आयोजित हुआ था विदाई समारोह

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल कारखाना जमालपुर स्थित बेसिक ट्रेनिंग सेंटर (बीटीसी) में सत्र 2024-25 के वेल्डर ट्रेड के 93 एक्ट अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं के सम्मान में फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह भावनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ, जहां प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। मुख्य अतिथि उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन) ड़ अभ्युदय तथा विशिष्ट अतिथि पीटीएस के उप प्राचार्य अवधेश प्रसाद रय थे। बीटीसी के मुख्य अनुदेशक मो़ आफताब आलम ने बुके भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया।



अतिथि का सम्मान करते पदाधिकारी।



ग्रुप में शामिल एक्ट अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं।

कार्यक्रम का संचालन वेल्डिंग अनुदेशक सतीश कुमार भारती ने किया।अपने संबोधन में ड़ अभ्युदय ने कहा कि जमालपुर की पहचान देश-विदेश में उसकी उत्ष्ट कारीगरी और कुशल कार्यबल के लिए रही है। यहां से प्रशिक्षित युवाओं ने रेलवे समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि एशिया के प्रथम रेल इंजन कारखाना में एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करना अपने आप में गर्व की बात है। यह प्रशिक्षण केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, कार्य संस्ति और जिम्मेदारी का भी पाठ पढ़ाता है।उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि वे अपने कौशल, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर सफलता की नई उंचाइयों को छुएं तथा रेलवे और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। वहीं विशिष्ट अतिथि अवधेश प्रसाद रय ने भी प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपने अनुभव साझा किए।समारोह के दौरान प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण काल के अनुभवों को साझा किया और संस्थान के शिक्षकों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और भावुकता का माहौल बना रहा।इस अवसर पर प्रवीण कुमार, शशिधर दुखमोचन, आकाश कुमार, अरमान अली, नवीन कुमार, अनुराग कुमार, मधुममता सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एवं संस्थान के कर्मचारी उपस्थित थे।

## फर्जी एनकाउंटर के विरुद्ध कमतौल में कैंडल मार्च

**जाले(एनएसबी)।** बुधवार की शाम कमतौल भगत सिंह चौक पर कमतौल अहियारी युवा संघ द्वारा बिहार के भोजपुर जिला में भरत भूषण तिवारी के फर्जी इनकाउंटर के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला गयाऔर प्रशासन से न्याय की मांग की गई । कैंडल मार्च से पूर्व युवाओं को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता ड रौशन मिश्रा ने बताया कि 99 वर्ष पहले भगत सिंह की शहादत हुई थी ,भरत तिवारी नाम से पुनरू भगत सिंह देश बचाने आए, जातिए भेदभाव , उंच नीच ,दलित पिछड़ा अतिपिछड़ा एवं शोषित वंचित की लड़ाई लड़ने आए ,आपसी द्वेश को मिटाकर स्वस्थ भारत निर्माण करने बाले स्वतंत्रता सेनानी को द्वेश फैलाने वाले जबरन पकड़ कर गोलियों से भून दिया, उन्हें न्याय मिलना चाहिये। रघुनंदन ठाकुर सुमन भारद्वाज, सुनील सिंह, शिव कुमार भोलू, मोनू ठाकुर,सुमित समेत सैकड़ों लोग मौजूद मार्च में शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर डीएम-एसपी पहुंचे टेटियाबंबर

**मुंगेर।** आगामी 27 एवं 28 जून को मुख्यमंत्री, बिहार के संभावित मुंगेर आगमन के मद्देनजर जिले के टेटिया बम्बर प्रखंड अंतर्गत भुना एवं लगमा पंचायत में प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद द्वारा विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, हवेली खड़गपुर राजीव रोशन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय अधिकारी, तकनीकी पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थलों पर चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों, मंच निर्माण, आगंतुकों एवं जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक तैयारियों के संबंध में आवश्यक निदेश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने किया बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की कमी न रहे, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कार्यक्रम स्थलों की साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की निगरानी करने को कहा।पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने तथा भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए समुचित कार्ययोजना तैयार रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भुना एवं लगमा पंचायत में प्रस्तावित विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर वहां चल रहे कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।



तैयारी का जायजा लेते डीएम एसपी।

## तेजस राजधानी समेत कई महत्वपूर्ण ट्रेनें विलंब से, यात्रियों को हुई परेशानी

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे परिचालन में विलंब के कारण गुरुवार को कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चलीं। ट्रेनों के विलंब से यात्रियों को स्टेशन पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। खासकर लंबी दूरी की ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। जानकारी के अनुसार फरक्का एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे, गरीब रथ एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, तेजस राजधानी एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, ब्रह्मपुत्र मेल 2 घंटे तथा गया-हावड़ा एक्सप्रेस करीब 3 घंटे विलंब से चली।इसके अलावा भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी 20 मिनट, विक्रमशिला एक्सप्रेस 40 मिनट, भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस 10 मिनट, अमरनाथ एक्सप्रेस 15 मिनट, पटना-दुमका एक्सप्रेस 20 मिनट, दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी 15 मिनट, मालदा-किउल पैसेंजर 20 मिनट, बांका-राजेंद्रनगर इंटरसिटी 15 मिनट, मालदा-पटना एक्सप्रेस 10 मिनट, जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस 30 मिनट, हमसफर एक्सप्रेस एक घंटा तथा अप विक्रमशिला एक्सप्रेस 10 मिनट विलंब से परिचालित हुई। ट्रेनों के विलंब से विशेषकर दूर-दराज के यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों एवं छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार परिचालन संबंधी कारणों से कुछ ट्रेनों के समय में देरी हुई, हालांकि स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है।



तेजस राजधानी में चढ़ते यात्री।

## सड़कों के अतिक्रमण होने से आए दिन शहर में लग रहे जाम से लोग परेशान

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** गर्मी छुट्टी से समाप्त होने के बाद स्कूल कलेज कोचिंग संस्थान पूर्ण रूप से खुल गई है। बाजारों में भी अब अच्छी खासी भीड़ देखा जा रहा है। वहीं सड़कों पर होने वाले अतिक्रमण से आए दिन लगने वाले जाम से लोग अब परेशान होने लगे हैं।स्टेशन रोड,जुबली बेल,जय बांग्ला मोर, अल्बर्ट रोड, सदर बाजार, अवंतिका मोड में सुबह दोपहर शाम लगने वाले जाम ने तो स्कूली बच्चों सहित कामकाजी लोग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्तसड़क एवं चौक पर टोटो चालक की मनमानी एवं सड़कों पर लगे चाय नाश्ता सब्जी गोलगप्पा एवं मोमोज के ठेले ने तो राहगीरों की मुश्किल बढ़ा दी है। अतिक्रमण के कारण आए दिन राहगीरों को ठेला रिक्शा एवं वाहन चालको से नोक झोक जैसी स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। जुबली बेल चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती होने के बावजूद बिना रोक-टोक के बड़े वाहन शहर में किसी भी समय प्रवेश कर जा रहे हैं जिसके कारण जाम का भयावा नजर से अब लोग पूरी तरह परेशान दिखने लगे हैं। जाम में फंसे कामकाजी लोगों सुमित कुमार, अक्षय कुमार,विक्की कुमार,अरुण पासवान, पंकज कुमार, राजेश कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक कुमार पासवान सहित कई लोगों ने बताया कि जाम का प्रमुख कारण सड़कों का अतिक्रमण एवं टोटो चालकों की मनमानी है जो जब चाहे वही गाड़ी खड़ी देते हैं। कुछ बोलने पर मारपीट नोक झोक जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसके कारण राहगीर चुपचाप नजारा देखना ही मुनासिब समझते हैं। राहगीरों ने स्थानीय एवं जिला प्रशासन से जमालपुर में लगने वाले महा जाम से निजात दिलाने की मांग किया है।



सड़क जाम में फंसा वाहन की लंबी कतार।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा में पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

**फतुहा।** मुहर्रम के मद्देनजर गुरुवार की शाम थानाध्यक्ष श्रीमंत सुमन के नेतृत्व में पूरे शहर में फ्लैगमार्च निकाला गया। फ्लैगमार्च का उद्देश्य शरारती तत्वों पर नजर रखना और शांति व्यवस्था बहाल रखनी थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस अवसर पर उन्माद फैलाने वाले शरारती तत्व ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं। वैसे असामाजिक तत्वों से सख्ती से निबटा जाएगा। किसी भी सूरत में उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन्होंने लोगों से शांति से पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर फतुहा थाने के पुलिस अधिकारी, तमाम पुलिस बल मौजूद थे।

### मोहर्रम को लेकर कई गांवों में बिजली रहेगी बाधित

**तारडीह (एनएसबी)।** प्रखण्ड मे मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया एवं जुलूस को देखते हुए सुरक्षा कर्मियो से सकतपुर थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार, विद्युत अभियंता अनवर कैसर ने एक नोटिस जारी कर निर्धारित समय के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है। नोटिस जारी कर कहा है कि 25 एवं 26 जून को दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक सकतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उजान, कैथवार, ककोढा, मठैता, कुर्सो, बैका, आवाम, कटहारा एवं अन्य संबंधित रूट मे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### दूध व्यवसायी का शव मिला

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरुआने ठाकुरबाड़ी के समीप 55 वर्षीय दूध व्यवसायी भूषण सिंह का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि वे बुधवार की शाम दूध पहुंचाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा खोजबीन के दौरान उनका शव बरामद किया गया। परिजनों ने गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। सूचना मिलते ही भदौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है तथा पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

### महादलित बस्ती के लोगों ने जताया आक्रोश

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र के जिगरिया टोला, ढिबर स्थित महादलित बस्ती में चल रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी शिकायतों पर न तो संबंधित संवेदक ध्यान दे रहे हैं और न ही एनटीपीसी के अधिकारी। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण स्थल पर न तो कोई डिस्प्ले बोर्ड लगाया गया है और न ही योजना एवं लागत से संबंधित जानकारी सार्वजनिक की गई है। लोगों ने बताया कि नाले के समीप विद्यालय स्थित होने के कारण बच्चों के गिरने की आशंका बनी रहती है तथा कई बच्चे फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं।

### बाढ़ स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने बाढ़ रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर पहल तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर राज्यरानी एक्सप्रेस, बांका इंटरसिटी, वंदे भारत तथा गरीब रथ सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव बाढ़ स्टेशन पर सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

### चौकीदार के घर हुई चोरी की अब तक नहीं हुआ खुलासा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ क्षेत्र में चौकीदार के घर हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना का कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। इससे पीड़ित परिवार में निराशा एवं हताशा का माहौल है। पीड़ित का कहना है कि घटना की सूचना समय पर पुलिस को दी गई थी, लेकिन अब तक चोरी गए सामान की बरामी अथवा आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### ई-रिक्शा चालक के अचानक ब्रेक लगाने से शिक्षक घायल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जानकारी के अनुसार वे ई-रिक्शा से बाढ़ स्टेशन सब्जी बाजार की ओर आ रहे थे। इसी दौरान चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से वे सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस स्थान पर दुर्घटना हुई, वहां आगे और पीछे कोई भारी वाहन नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र के जाने माने शिक्षाविद डा. सत्येंद्र नारायण सिंह का निधन, ग्रामीणों ने कहा हमने अपना कुशल समाजसेवी, शिक्षाविद खो दिया

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के बख्तियारपुर अनुमंडल स्थित सरडीहा गांव निवासी अपने जीवन के 86 बसंत गुजार चुके जानेमाने समाजसेवी, शिक्षाविद वयोवृद्ध ड प्रो सत्येंद्र नारायण सिंह का निधन सोमवार देर रात्रि उनके आवास पर हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही शिक्षाविदों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं जिले के समाजसेवियों के बीच शोक की लहर फैल गई। वे अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। प्रो सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने को लेकर शिक्षाविदों, प्राध्यापकों, समाजसेवियों, व्यवसायियों, एवं ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार को सहरसा में ही श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। छोटे भाई अतुल कुमार सिंह, परिजनों एवं सगे संबंधियों की उपस्थिति में ज्येष्ठ पुत्र अक्षय कुमार सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। ग्रामीणों शिक्षाविदों, प्रबुद्ध जनों ने बताया कि भगवान बुद्ध की तरह शांत स्वभाव, सादा जीवन उच्च विचार रखने वाले सत्येंद्र बाबू अपने गांव व क्षेत्र के सामाजिक कार्यो में काफी रुचि रखते थे। इतना ही नहीं आध्यात्म से भी उनका लगाव उतना ही था। हमेशा अपने देश की सभ्यता और संस्ति, संत महात्माओं के बारे में चर्चा किया करते थे। उनके जाने से सरडीहा गांव काफी सूना पन महसूस कर रहा। प्रो0 साहब का अपनी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि दोनों से काफी अच्छा लगाव था। वे सदैव अपनी जन्मभूमि से जुड़े रहे। लोगों ने कहा कि उनकी कर्मभूमि गया जी रही है। जहां वे मगध विश्वविद्यालय के अंगीभूत कलेज ष्सत्येंद्र नारायण सिन्हा महाविद्यालय, टिकारी में मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष रहे। शिक्षाविद प्रो सत्येंद्र नारायण सिंह के निधन पर प्रबुद्ध जनों,समाजसेवियों क्षेत्र के व्यवसायियों, एवं कई प्राध्यापकों ने आत्मीय संवेदना व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में प्रधानाचार्य प्रो ड सुधीर कुमार सिंह, विरेंद्र नारायण सिंह, मुखिया सुमन कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, मोहन सिंह, शिव दर्शन सिंह, ड प्रभाकर सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, पप्पू यादव, जितेन्द्र कुमार सिंह, नीरज यादव, लखन सिंह, रामनाथ साह, रामचंद्र मिस्त्री, शिबू दास, सोनू सिंह सहित अन्य शामिल हैं।

### 58 लाख की लागत से बनेंगे ग्रामीण हाट किसानों को गांव में ही मिलेगा बाजार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पंडारक प्रखंड में बिहार सरकार की योजना के तहत किसानों की सुविधा के लिए दो पंचायतों में ग्रामीण हाट (सब्जी मंडी) का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक हाट के निर्माण पर लगभग 58 लाख रुपये की लागत आएगी। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय शाह ने बताया कि प्रखंड के परसावां एवं कोन्दी पंचायत का चयन किया गया है। परसावां पंचायत के सूर्य मंदिर के समीप तथा कोन्दी पंचायत में कोन्दी पेट्रोल पंप से एक किलोमीटर पश्चिम स्थित भूमि को ग्रामीण हाट के लिए चिन्हित किया गया है। इन ग्रामीण हाटों में सब्जी के साथ-साथ अनाज, फल, फूल एवं अन्य षि उत्पादों की खरीद-बिक्री की व्यवस्था होगी। अब किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज की मंडियों में नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही बाजार उपलब्ध होने से किसानों के समय और परिवहन खर्च दोनों की बचत होगी। ग्रामीण हाट बनने से स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र में षि आधारित व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### किसानों के खेतों तक पहुंच रहे व्यापारी बाढ़ सब्जी मंडी की रौनक हुई फीकी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** एक समय पूरे बाढ़ अनुमंडल के किसानों की प्रमुख मंडी रही बाढ़ समिति सब्जी बाजार की रौनक अब धीरे-धीरे फीकी पड़ती जा रही है। कभी यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंचते थे, लेकिन अब मंडी में सब्जियों की आवक में लगातार कमी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, पंडारक प्रखंड के विभिन्न गांवों से सबसे अधिक मात्रा में सब्जियों की आपूर्ति बाढ़ मंडी में होती थी। इसके कारण मंडी में खरीदारों और किसानों की अच्छी आवाजाही बनी रहती थी। वर्तमान समय में सब्जी विक्रेता और व्यापारी सीधे किसानों से संपर्क कर उनके खेतों और खलिहानों तक पहुंच रहे हैं तथा वहीं से सब्जियों की खरीद कर रहे हैं। इसके कारण किसानों को मंडी तक आने की आवश्यकता कम हो गई है। मंडी में सब्जियों की घटती आवक का प्रतिकूल प्रभाव बाजार की गतिविधियों के साथ-साथ राजस्व पर भी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि मंडी की सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए और किसानों को प्रोत्साहित किया जाए तो एक बार फिर बाढ़ सब्जी मंडी की पुरानी रौनक लौट सकती है।

### पूर्व कानून मंत्री की बेटी की शादी समारोह में तेजस्वी यादव और मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह शरीक हुए

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बुधवार को पूर्व कानून मंत्री कार्तिकेय कुमार की पुत्री के विवाह समारोह में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एवं मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह शिवनार गांव पहुंचे और समारोह में शामिल हुए। दोनों नेताओं की मौजूदगी राजनीतिक एवं सामाजिक हलकों में चर्चा का विषय रही। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुत्री के फलदान समारोह में अनंत कुमार सिंह की अनुपस्थिति को लेकर विभिन्न स्तरों पर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि विवाह समारोह में उनकी उपस्थिति के बाद इन चर्चाओं पर विराम लग गया है। राजनीतिक रूप से अलग-अलग दलों से जुड़े होने के बावजूद कार्तिकेय कुमार और अनंत कुमार सिंह के बीच लंबे समय से व्यक्तिगत एवं पारिवारिक संबंध बताए जाते हैं। जहां कार्तिकेय कुमार राष्ट्रीय जनता दल से जुड़े हैं, वहीं अनंत कुमार सिंह जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक हैं। विवाह समारोह में कई राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों की उपस्थिति रही। स्थानीय स्तर पर इस आयोजन को महत्वपूर्ण सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है।

### संविधान हत्या दिवस पर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का लिया गया संकल्प

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** संविधान हत्या दिवस के अवसर पर मध्य विद्यालय राणा विगहा में गुरुवार को एक विचार गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 1975 के आपातकाल की घटनाओं को स्मरण करते हुए लोकतंत्र एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक आमोद कुमार ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की जागरूकता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान पर आधारित होती है। उन्होंने संविधान को देश की आत्मा बताते हुए उसकी गरिमा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा को प्रत्येक नागरिक का सर्वोपरि दायित्व बताया।वक्ताओं ने उपस्थित लोगों से लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति सजग रहने तथा संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नागरिक अधिकारों, स्वतंत्र अभिव्यक्ति तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाध्यापक आमोद कुमार ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक महत्वपूर्ण और चर्चित अध्याय है। उन्होंने कहा कि उस दौर की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक अधिकारों तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों से संविधान की गरिमा बनाए रखने तथा लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति सदैव जागरूक रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने संविधान, लोकतंत्र एवं राष्ट्रीय मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक प्रवेंद्र कुमार, अमृता कुमारी, ममता कुमारी, सौरव जाना, शंकर आनंद सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भरत भूषण तिवारी के एनकाउंटर की न्यायिक जांच शुरू

**दैनिक नवसंदेश**

**शाहपुर।** बिलौटी गांव में 17 जून की सुबह को हुए कथित पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत भूषण तिवारी मामले की न्यायिक जांच शुरू हो गई है। सरकार ने न्यायिक जांच के लिए अवकाश प्राप्त न्यायधीश विनोद कुमार सिन्हा को कमेटी का अध्यक्ष बनाया है।



भरत भूषण तिवारी का फाइल फोटो।

पूर्व जस्टिस विनोद कुमार सिन्हा बृहस्पतिवार को अधिकारियों की टीम के साथ बिलौटी गांव पहुंचे। उनके साथ शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी सत्य प्रकाश, डीएम तनय सुल्तानिया तथा एसपी मि. राज भी मौजूद रहे। सिन्हा ने मृतक के परिजनों से बंद कमरे में विस्तार से बातचीत की और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी ली।

## बिलौटी गांव पहुंचे जस्टिस विनोद कुमार सिन्हा



भरत भूषण तिवारी के परिजनों से बात करते जस्टिस विनोद कुमार सिन्हा।

बातचीत के दौरान परिजनों ने बताया कि वे काफी भयभीत हैं। उनका आरोप था कि थाना पुलिस के जवान किसी भी समय उनके घर पहुंच जाते हैं, जिससे पूरे परिवार में डर का माहौल बना रहता है। परिजनों ने यह भी कहा कि हाल ही में महिला पुलिसकर्मी के आने से परिवार के लोग और अधिक परेशान हो गए। इस पर जस्टिस विनोद कुमार सिंह ने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिना आवश्यकता किसी भी थाने की पुलिस उनके घर नहीं आएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी इस संबंध में आवश्यक निर्देश देने की बात कही ताकि जांच के दौरान परिवार को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। जस्टिस ने परिजनों से अपील की कि इस मामले से जुड़े जो भी साक्ष्य, फोटो, वीडियो अथवा अन्य दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हों, वे जांच टीम को उपलब्ध कराएं। ताकि निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच सही तरीके से हो पाए।

**जस्टिस सिन्हा ने परिजनों को दिया निष्पक्ष जांच का भरोसा**

**न्यायिक जांच टीम ने बिलौटी में जुटाए एनकाउंटर से जुड़े साक्ष्य**

इस दौरान परिजनों ने एक मोबाइल फोन के संबंध में भी जानकारी दी जिसे उन्होंने भरत भूषण तिवारी का मोबाइल बताया। परिजनों ने आरोप लगाया कि भरत भूषण तिवारी के हथियार फेंक देने के बाद भी पुलिस ने उन्हें गोली मार दी। उनका कहना है कि यह एनकाउंटर नहीं, बल्कि हत्या का मामला है।

## परिजनों ने एसपी से कहा - फिर ना हो धोखा

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर प्रकरण को लेकर बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे के बाद भोजपुर एसपी राज बिलौटी गांव पहुंचे और मृतक के स्वजनों से मुलाकात की। एसपी के साथ नवपस्थापित जगदीशपुर एसडीपीओ पंकज मिश्र भी थे। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों की बातें सुनीं तथा मामले की जानकारी ली। मुलाकात के दौरान स्वजनों ने एसपी से कहा कि अब उनके साथ किसी प्रकार का धोखा नहीं होना चाहिए और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। स्वजनों ने कहा कि भरत तिवारी को गोली मारने के बाद पुलिस अस्पताल ले जाने के बदले पहले थाने ले गयी। उन्होंने एसपी से थाने ले जाने वाली पूरी प्रक्रिया की भी जांच की मांग की। इस पर एसपी राज ने आश्वस्त करते हुए कहा कि मुठभेड़ के बाद भरत भूषण तिवारी को



थाने ले जाने से संबंधित सभी तथ्यों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने स्वजन से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जा रही है। साथ ही परिजनों ने सुरक्षा के लिए गार्ड उपलब्ध कराने की बात कही। एसपी के गांव पहुंचने की सूचना पर आसपास के लोग भी वहां जुट गए। इस दौरान लोगों ने पारदर्शी जांच और न्याय की मांग दोहराई। एसपी ने अधिकारियों को इससे संबंधित दिशा निर्देश दिए। भरत तिवारी एनकाउंटर प्रकरण को लेकर गांव में अब भी चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय की जर्जर छत का प्लास्टर गिरने से दो शिक्षक जख्मी



**पीरा (दैनिक नवसंदेश)।** मध्य विद्यालय नोनार के जर्जर भवन की छत के प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा गुरुवार को टूटकर अचानक गिर पड़ा जिसकी चपेट में आए दो शिक्षक जख्मी हो गए। खैरियत रही की घटना के समय विद्यालय में बच्चे मौजूद नहीं थे। जर्जर भवन के छत का प्लास्टर पहले से ही टूटकर गिर रहा था जिसकी कुछ दिन पहले मरम्मति कराई गई थी । गुरुवार को विद्यालय के शिक्षक कमरे में बैठे थे तभी प्लास्टर का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर पडा। इसकी चपेट में आकर शिक्षक श्रीराम राय व मो कलीमुद्दीन जख्मी हो गए। श्रीराम राय के सिर में ज्यादा चोट आने के कारण उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा।

### शराब पीने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब सेवन के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि खेसरहियां गांव निवासी श्रवण यादव तथा अनिल पासवान को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इधर, बबुरा थाने की पुलिस ने 80.5 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में बबुरा थाना क्षेत्र के दुर्जनचक गांव निवासी सगे भाई कमलेश कुमार राय एवं धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

### हादसों में दो महिलाओं समेत तीन की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज गांव में बुधवार की शाम विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत हो गई। मृतका उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बीबीगंज गांव निवासी 55 वर्षीया मालती देवी हैं। इधर, मुफस्सिल थाने के जगवलिया गांव स्थित शिव मंदिर गांव के समीप बाइक सवार ने सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगलिया गांव निवासी दीनानाथ यादव की 74 वर्षीया पत्नी आहनो देवी हैं। इस बीच, ब्रह्मपुर थाने के रघुनाथपुर-सिकरिया मार्ग पर स्थित सीमेंट फैक्ट्री के समीप बुधवार की रात ट्रक की चपेट में आने से सारण (छपरा) निवासी चालक की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक छपरा जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र के पहलेजा गांव के मोहन राय का 28 वर्षीय पुत्र राजू कुमार है।

### लूट कांड मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

आरा **(दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाना पुलिस ने लूट कांड के फरार आरोपित को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी नवादा थाना क्षेत्र के न्यू करमन टोला स्थित उसके घर से की गयी। गिरफ्तार आरोपित नवादा थाना क्षेत्र के न्यू करमन टोला का निवासी भोला यादव उर्फ बटर है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी।

### रेड रन 2026 : स्वस्थ जीवनशैली के प्रति किया प्रेरित

**गड़हनी (भोजपुर) (दैनिक नवसंदेश)।** जन सहकारी डिग्री महाविद्यालय, बराप गड़हनी, भोजपुर में एनएसएस के तत्वावधान में बुधवार को रेड रन 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/एड्स एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के स्थायी प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार पंकज ने की। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई समाज में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य कर रही है। एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता ही बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम पदाधिकारी बिमलेश कुमार मिश्र ने एचआईवी/एड्स के कारणों, लक्षणों एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि इस बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति घृणा या भेदभाव नहीं बल्कि उन्हें अपनापन और सहयोग देना चाहिए। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन कार्यक्रम के अंत में रेड रन 2026 के तहत छात्र-छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय रेड रन 2026 कार्यक्रम के लिए किया गया, जहां वे विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर प्राध्यापक रमाकांत पाठक, राधेश्याम मिश्र, उपेन्द्र कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, अरविन्द कुमार, प्रकाश शर्मा, राजेश कुमार, राकेश कुमार, मनीष कुमार, नासीर, जवाहर लाल, सुनील कुमार, कंचन कुमार, अभिषेक कुमार, लालू कुमार, चंदन कुमार, विवेक कुमार, सचिन कुमार, धनजीत कुमार, आदित्य कुमार, अख्तर हुसैन, अजीत कुमार, पल्लवी कुमारी, रंजू शर्मा, रौशनी कुमारी एवं काजल कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सहजौली के चंचल बने राजस्व अधिकारी

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** सहजौली गांव के चंचल कुमार ने बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए राजस्व अधिकारी के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें परीक्षा में 1100वीं रैंक प्राप्त हुई है। उनकी सफलता की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। चंचल कुमार की प्रारंभिक शिक्षा झारखंड में हुई जबकि उच्च शिक्षा उन्होंने बीएचयू और दिल्ली से प्राप्त की। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने स्वर्गीय दादा रामजग यादव को दिया। पिता श्रीराम यादव और माता पुष्पा देवी के मार्गदर्शन व सहयोग ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बधाई देने वालों में उनके चाचा पप्पू यादव, मुखिया अनिता देवी, शिक्षाविद श्यामनंदन ओझा, रामकुमार यादव, हरिशंकर ओझा, नन्हकू ओझा, उपेंद्र यादव, लाला ओझा, सुरेमन चौधरी, रवीन्द्र चौधरी, धनंजय ओझा सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।



### तीन अज्ञात शवों का कराया अंतिम संस्कार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा केंद्र द्वारा बुधवार को तीन अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम पर कराया गया। तीनो शवों में एक महिला तथा दो पुरुष के थे। एक शव उदवंतनगर थाना तथा दो शव जगदीशपुर थाना से प्राप्त हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद तीनो शवों को पहचान के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया था। शिनाख्त नहीं होने के बाद पुलिस ने शवों को अंतिम संस्कार हेतु लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया। तत्पश्चात लावारिस सेवा केंद्र ने तीनो शवों का अंतिम संस्कार कराया। अंतिम संस्कार में भाग लेने वाले में सेवा केंद्र के सदस्य, पदाधिकारी के साथ-साथ शव को ले जाने वाले लोग शामिल थे।

## परिजनों से बोले पूर्व जदयू सांसद-न्याय मिलकर रहेगा

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस द्वारा कथित एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत तिवारी के परिजनों से मिलने पूर्व सांसद सह जनता दल (यू) के राष्ट्रीय महासचिव प्रो़ अरुण कुमार बुधवार को बिलौटी पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें सांत्वना दी। प्रो़ अरुण कुमार ने कहा कि भरत तिवारी मामले में परिजनों को हर हाल में न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस



मामले में पूरी गंभीरता के साथ प्रयास कर रही है। ताकि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक न्याय नहीं मिल जाता, वह और उनकी पार्टी परिवार के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि भरत तिवारी जैसे युवा समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करते थे और उनकी असमय मृत्यु दुखद है। इस दौरान बंटी पांडे, सौरव पांडे, श्यामजी पांडे समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल की छत से गिरकर छत्तीसगढ़ निवासी 20 वर्षीया रसोइया की मौत

आरा **(दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थाना के पीरो बाजार स्थित पुष्पा प्लस-टू उच्च विद्यालय आवासीय परिसर में बुधवार की रात गिरकर छत्तीसगढ़ निवासी युवती की मौत हो गई। मृत युवती छत्तीसगढ़ के सरबुजा जिले के बतौली थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी बलिराम की 20 वर्षीया पुत्री ममता कुमारी उर्फ ममता नागेश है। वह रसोईया थी। करीब माह से पुष्पा प्लस-टू उच्च विद्यालय आवासीय में रसोईया का काम करती थी।

**सरबुजा जिले के बतौली थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव की थी निवासी**

## चौपाल में किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के सहजौली पंचायत अंतर्गत डुमरिया गांव में गुरुवार को कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में किसानों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई तथा खेती की लागत कम कर उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक सिद्धार्थ, एटीएम नितीश कुमार, किसान सलाहकार रविभूषण व विश्वकर्मा प्रसाद सहित अन्य ृषि कर्मियों ने किसानों को मिट्टी जांच के महत्व, जैविक खेती, मोटे अनाज (श्री अन्न) की खेती, फसल चक्र अपनाने तथा ड्रिप सिंचाई प्रणाली के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी की जांच के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने से उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ लागत भी कम होती है। चौपाल में किसानों की समस्याएं भी सुनी गईं और उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए।




कार्यक्रम में किसान सुनील यादव, प्रभांशु यादव, उमाशंकर साह, कपिल ओझा, मुनेश्वर राम, संतोष कुमार सहित कई किसान उपस्थित रहे।

## जिले के 18 केंद्रो पर होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा मे प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गई। बिहार पुलिस दूरसंचार (वितंतु) एवं तकनीकी अपराजपत्रित संवर्ग में सिपाही (प्रचालक) के पद पर नियुक्ति हेतु भोजपुर जिला अंतर्गत कुल 18 परीक्षा केंद्रो पर 28 जून (रविवार) को एकल पाली में 12 मध्यान्ह से 2 बजे अपरा तक सभी परीक्षा केंद्रो पर निर्धारित है। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल आयोजन हेतु 51 दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रातः 10 बजे से 11 बजे पूर्वा तक प्रवेश की अनुमति दिए जाने तथा समय अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रवेश की अनुमति नहीं दिए जाने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं दिए जाने कहां गया। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है जिसका दूरभाष संख्या-06182-248702 तथा फैक्स 233474 है। अवसर पर सहायक समाहर्ता भोजपुर, प्रभारी पदाधिकारी विधि प्रशाखा सहित प्रतिनियुक्ति सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**51 दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**

**दोपहर 12 बजे से दो बजे तक आयोजित होगी परीक्षा**

**दोपहर 11 बजे के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश और परीक्षा खत्म होने के बाद ही मिलेगी परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति**



## त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री कॉलेज में निकली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** श्री त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गौतम नगर, शाहपुर में गुरुवार को "नशा मुक्त भारत अभियान्‌विकसित भारत की पहचान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं कलेज कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. गुलाब फलाहारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। ताकि सशक्त एवं जागरूक समाज का निर्माण हो सके। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत 17 जून से 26 जून तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मौके पर डॉ. आस्था कुमारी, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. शेर सिंह, डॉ. नवल किशोर प्रसाद, डॉ. रणधीर कुमार सिंह, डॉ. संतोष कुमार तिवारी, डॉ. बुद्धदेव राम, अजीत कुमार राम, डॉ. रूपेश कुमार, डॉ. भगवान मिश्रा, डॉ. अबुल कलाम, डॉ. राजेश कुमार सहित कॉलेज कर्मियों में राजन तिवारी, चंदन तिवारी, दीपक, प्रदीप मिश्रा तथा एनएसएस स्वयंसेवकों में रंजय यादव, राकेश यादव, प्रिंस मिश्रा, पिंकी कुमारी, खुशबू कुमारी, काजल, सीलू आदि थे।




## कार सवार पर कथित फायरिंग का मामला दर्ज

**आरा/चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाने के ठकुरी मोड़ के पास कार सवार लोगों पर कथित फायरिंग का मामला सामने आया है। थाने में लिखित आवेदन देकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनई निवासी सूरज प्रकाश सिंह ने कहा है कि 22 जून की रात्रि में गांव से सेमरांव दुलउर टोला से बारात से वापस अपने गांव लौट रहा था। रात्रि पौने 12 से 12 बजे के बीच ठकुरी मोड पर पहुंचा, तो देखा कि आदित्य राज उर्फ मिथुन सिंह राइफल लेकर खड़े हैं। साथ में हरेराम सिंह, धीरज सिंह, संतोष कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह एवं अभय पाठक सभी ग्राम ठकुरी अपने-अपने हाथों में देसी कट्टा एवं पिस्टल लिए हुए थे। जैसे ही मेरी गाड़ी ठकुरी मोड पर पहुंची, मेरी गाड़ी को उक्त सभी लोगों ने रोकने का प्रयास किया। जब मैंने गाड़ी नहीं रोकी, तो फायरिंग कर दी गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पूर्व से भी दोनों पक्षों के बीच कई मामलों को खींचतान चल रहा था।

## भूमि, रोजगार और मजदूरी के सवाल को लेकर प्रदर्शन




**पीरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा माले, खेग्रामस एवं अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आमलोगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी भाकपा माले कार्यालय से जुलूस के साथ पीरो थाना, लोहिया चौक होते हुए पीरो प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर आयोजित पूर्व विधायक चंद्रदीप सिंह ने भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए जमीन की गारंटी करने, मनरेगा के तहत काम की गारंटी करने, मजदूरों का दैनिक मजदूरी 700 रुपया करने, गरीबों का घर ढाहने के लिए बुलडोजर की कार्रवाई बंद करने, बंद सामाजिक सुरक्षा पेंशन को चालू करने की मांग प्रमुखता से उठाई । प्रदर्शन में शामिल अन्य नेताओं में राम बाबू चंद्रवशी, रामानुज, दिनेश्वर राम, दुदुन सिंह, मनीर आलम, हरेराम सिंह, कुणाल सिंह, जयराम सिंह, महावीर चौधरी,देवराज सिंह,गोपीचंद राम, विजय राम आदि ने जन सभा को संबोधित किया।

## सता के लोभ और अहंकार में इंदिरा ने की संविधान की हत्या : टाईगर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा द्वारा आपातकाल के विरोध मे संविधान हत्या दिवस मनाया। उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन रेड क्रास सभागार मे किया गया। संचालन आलोक अंजन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार कुशवाहा ने किया। बतौर मुख्य वक्ता उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाईगर ने आपातकाल को याद करते हुए कहा कि गुजरात मे दिसम्बर 1973 एवं जनवरी 1974 मे छात्रो द्वारा उठाया गया आंदोलन बिहार में जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व मे संपूर्ण क्रांति का रूप ले लिया और यह आंदोदलन भ्रष्टाचार, महंगाई गरीबी के खिलाफ व्यवस्था को बदलने को ले कर पूरे देश मे फैल गया। इंदिरा गाँधी सता में चूर एवं घमंड़ के कारण 25 जून 1975 को देश मे आपातकाल घोषित कर संविधान की निर्मम हत्या की। नागरिकों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया। पूरे देश मे नेताओं, बुद्धिजीवियों, पत्रकारो को प्रताड़ित किया गया। जिसके परिणामस्वरूप 1977 के आम चुनाव मे काँग्रेस की करारी हार हुई। काँग्रेस द्वारा हमेशा से ही संविधान का उल्लंघन किया गया है। अन्य वक्ता कौशल विद्यार्थी, सीडी शर्मा, अशोक शर्मा, हरेन्द्र पांडेय, सत्यनारायण ब्याहुत, नरेन्द्र तिवारी आदि ने आपातकाल को काला एवं संविधान हत्या दिवस बताते हुए कहा कि उस अपराध के लिए देश कभी भी काँग्रेस को माफ नही करेगी। जिसका अवलोकन मंत्री, जिलाध्यक्ष सहित भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओ ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, संजय कुमार सिंह, बिभु जैन, हरेराम चंद्रवंशी, परशुराम चौधरी, सूर्यकांत पांडेय, संतोष चंद्रवंशी, निशांत सिंह सेंगर, चुन्नी देवी, संजीव गुप्ता, मनीष प्रभात, बलराम सिंह, राहुल सिंह, दीपक सिंह, माधव केसरी, आदित्य सिंह आदि सहित भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंत्री संजय टाईगर एवं जिलाध्यक्ष दुर्गा राज द्वारा आंदोलन के सिपाही जगन्नाथ केसरी की पत्नी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

**भाजपा ने आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप मनाया**




रेडक्रॉस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मंत्री संजय टाईगर व अन्य।

## बार-बार उड़ रहा फ्यूज, नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** दिलमनपुर गांव स्थित 63 केवीए के बिजली ट्रांसफार्मर से दिलमनपुर तथा वंशीपुर के कुछ घरों में विद्युत आपूर्ति की जाती है। एक ही ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण उपभोक्ताओं को लंबे समय से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण उपभोक्ताओं के अनुसार ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड होने से चौबीसों घंटे लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। स्थिति यह है कि पंखे और बल्ब भी ठीक से नहीं चल पाते। वहीं दिन में कई बार ट्रांसफार्मर का यूज उड़ जाने से बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को घंटों अंधेरे में रहना पड़ता है। ग्रामीण उपभोक्ता भुवर पांडेय, संतोष पासवान, बतासु पासवान, बलराम पासवान, नीरज पांडेय, अंकित पांडे और राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बिजली विभाग को कई बार इसकी सूचना दी गई। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अलीनगर पाली में प्रभारी मंत्री जमा खान ने की शमा रौशन, अमन-चैन व खुशहाली की मांगी दुआ

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मोहर्रम की नौवीं के अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री एवं जहानाबाद के प्रभारी मंत्री जमा खान ने अलीनगर पाली इमामबाड़ा पहुंचकर शमा रौशन की और प्रदेश में अमन, शांति तथा खुशहाली की दुआ मांगी। उनके आगमन पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद और स्थानीय लोग मौजूद रहे। मोहर्रम के अवसर पर अलीनगर पाली धार्मिक आस्था और गंगा-जमुनी तहजीब का केंद्र बना हुआ है।



इससे पूर्व मोहर्रम की सातवीं को बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी भी यहां पहुंचकर शमा रौशन कर चुके हैं। नौवीं के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सैयद सलमान हुसैन, अलमदार हुसैन, मुशर्रफ इमाम पालवी, हैदर काजमी, अकील काजमी, मोहसिन अली मासूमी, मजहर इमाम, जदयू के जिलाध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार सिंह, मेराज अहमद सुड्डू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री जमा खान ने कहा कि अलीनगर पाली में मोहर्रम का वास्तविक मर्तबा और उसकी रूह साफ दिखाई देती है। यहां लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में जिस श्रद्धा, अनुशासन और भावनात्मक समर्पण के साथ शामिल होते हैं, वह अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का संदेश सत्य, त्याग, इंसाफ और मानवता की रक्षा का संदेश देता है, जिसे समाज में सदैव जीवित रखना चाहिए।

### मां, जल्दी घर आऊंगा... मगर लौटी तिरंगे में लिपटी खामोशी

**जहानाबाद (रतनी)।** कभी-कभी नियति ऐसी कहानी लिख देती है, जिसे पढ़ते हुए शब्द भी रो पड़ते हैं। मां से किया गया एक वादा—"जल्द घर आऊंगा"—कुछ ही घंटों बाद हमेशा के लिए अधूरा रह गया। रतनी प्रखंड के लाखापुर गांव निवासी एवं मुंबई एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ जवान रौशन कुमार (32 वर्ष) का हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) से निधन हो गया। यह खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। माता-पिता के इकलौते बेटे और परिवार के सहारे के यूं अचानक चले जाने से हर आंख नम है।



**ड्यूटी से लौटे, फिर अचानक बिगड़ी तबीयत :** बुधवार शाम ड्यूटी पूरी कर रौशन कुमार अपने आवास लौटे। भोजन करने के कुछ देर बाद उन्हें सीने में तेज दर्द और बेचैनी महसूस हुई। परिवार ने तत्काल उन्हें पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उस समय उनकी पत्नी प्रियंका कुमारी और पांच वर्षीय पुत्र रुद्र कुमार उनके साथ थे।

**मुंबई एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ जवान रौशन कुमार का हार्ट अटैक से निधन, जहानाबाद के लाखापुर गांव में पसरा मातम**

**2016 में सीआईएसएफ में हुए थे भर्ती :** रौशन कुमार वर्ष 2016 में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में भर्ती हुए थे। पिछले चार वर्षों से उनकी तैनाती मुंबई एयरपोर्ट पर थी। अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र रौशन परिवार की आर्थिक और भावनात्मक ताकत थे। उनकी दो बहनें हैं। उनकी असामयिक मृत्यु ने पूरे परिवार की दुनिया जैसे उजाड़ दी।

**आखिरी फोन... और अधूरा रह गया इंतजार :** मृतक के चचेरे भाई ने भावुक होकर बताया कि निधन से महज ढाई घंटे पहले रौशन ने अपनी मां संयुक्ता देवी, पिता दिनेश शर्मा, सास-ससुर और परिवार के अन्य सदस्यों से फोन पर बात की थी। वे बेहद खुश थे और कह रहे थे—"जल्द छुट्टी लेकर घर आऊंगा।" किसे मालूम था कि यह उनकी जिंदगी की आखिरी बातचीत होगी।

**पीछे छोड़ गए भरा-पूरा परिवार :** रौशन कुमार का विवाह वर्ष 2018 में घोसी थाना क्षेत्र के अलीगंज निवासी प्रियंका कुमारी से हुआ था। उनके पांच वर्षीय पुत्र रुद्र कुमार को शायद अभी यह भी समझ नहीं कि उसके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ चुका है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं माता-पिता गहरे सदमे में हैं।

**गांव में पसरा मातम, पार्थिव शरीर का इंतजार :** घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के घर पहुंचने लगे। परिजन पार्थिव शरीर को लाने के लिए मुंबई रवाना हो चुके हैं। लाखापुर गांव में हर कोई नम आंखों से उस बेटे का इंतजार कर रहा है, जिसने देश की सुरक्षा करते-करते जीवन की अंतिम यात्रा शुरू कर दी। रौशन कुमार अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका कर्तव्यनिष्ठ जीवन, सादगी, मिलनसार स्वभाव और देशसेवा का जज्बा हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगा। उनका जाना केवल एक परिवार की क्षति नहीं, बल्कि पूरे गांव और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति दे।

### ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जताया संतोष

**जहानाबाद (एनएसबी)।** लोकतंत्र की निष्पक्षता और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिडडु वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने जिले के ई.वी.एम./वी.वी.पैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, रख-रखाव तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयरहाउस की समुचित व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था एवं अभिलेखों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री अविनाश कुमार, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, ई.वी.एम./वी.वी.पैट वेयरहाउस, अन्य संबंधित पदाधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने वेयरहाउस के नियमित निरीक्षण और बेहतर रख-रखाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

# धर्मकांटा पर 'बालू कटौती' का खेल रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से बिक रहा अतिरिक्त बालू

**मेहंदिया (एनएसबी)।** अरवल जिले में एनएच-139 के किनारे कलेर से अरवल तक संचालित करीब एक दर्जन धर्मकांटे इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन धर्मकांटों पर केवल विभिन्न प्रकार के मालवाहक वाहनों की तौल ही नहीं होती, बल्कि बालू लदे ट्रकों की भी नियमित जांच और तौल की जाती है। आरोप है कि निर्धारित मात्रा से अधिक बालू मिलने पर उसे वहीं उतरवा लिया जाता है और बाद में उसी बालू को रात के अंधेरे में

**सरकार को लाखों के राजस्व नुकसान**

ट्रैक्टरों के माध्यम से चोरी-छिपे बेचा जाता है।स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रत्येक धर्मकांटे पर प्रतिदिन औसतन दो से तीन दर्जन बालू लदे ट्रकों की तौल होती है। तौल के दौरान ट्रकों से निकाले गए अतिरिक्त बालू का कोई सरकारी रिकॉर्ड नहीं रखा जाता। आरोप है कि रात होने के बाद यही बालू ट्रैक्टरों पर लादकर आसपास के क्षेत्रों में बेच दिया जाता है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो प्रतिदिन बड़ी मात्रा में बालू की अवैध बिक्री हो रही है, जिससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।लोगों का कहना है कि यह खेल कोई एक-दो दिन से नहीं, बल्कि लंबे समय से चलता आ रहा है। कलेर से लेकर अरवल तक एनएच-139 के किनारे संचालित कई धर्मकांटों पर इस तरह की गतिविधियां होने की चर्चा आम है। इसके बावजूद अब तक किसी बड़े स्तर पर जांच या कार्रवाई नहीं होने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो अवैध कारोबार का बड़ा खुलासा हो सकता है।

**क्या कहते हैं जिला खनन पदाधिकारी :** इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी अनिल कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि धर्मकांटों के लाइसेंस से संबंधित जानकारी पहले माप-तौल विभाग से ली जानी चाहिए, क्योंकि लाइसेंस उसी विभाग द्वारा जारी किया जाता है। वहीं अतिरिक्त बालू की बिक्री के आरोपों पर उन्होंने कहा कि पहले यह जांच करनी होगी कि संबंधित बालू वैध है या अवैध। जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि जब प्रतिदिन बड़ी संख्या में बालू लदे वाहनों की तौल होती है और अतिरिक्त बालू वहीं उतरवाया जाता है, तो उस बालू का हिसाब-किताब किसके पास है और वह आखिर कहां जाता है?

## समय पर ही निकले ताजिया जुलूस डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध : थानाध्यक्ष

**मेहंदिया (एसएनबी)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर परासी पुलिस पूरी तरह सक्रिय हो गई है। इसी क्रम में गुरुवार को परासी थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र के विभिन्न ताजिया एवं मोहर्रम स्थलों का दौरा कर आयोजन समितियों के सदस्यों एवं लाइसेंसधारकों के साथ बैठक की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में कुल छह लाइसेंसी ताजिया जुलूस निकाले जाते हैं। सभी लाइसेंसधारकों से संपर्क कर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि ताजिया जुलूस निर्धारित मार्ग एवं तय समय पर ही निकाला जाए। यदि किसी कारणवश समय या मार्ग में परिवर्तन की आवश्यकता हो तो इसकी पूर्व सूचना पुलिस प्रशासन को देना अनिवार्य होगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक ताजिया समिति पर्याप्त संख्या में वालंटियर की व्यवस्था रखे, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहयोग मिल सके और जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि मोहर्रम जुलूस में डीजे का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को होने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर परासी पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है तथा लोगों से आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी, ताकि पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## अरवल में 12 वां वार्षिक सुन्नत कैंप सम्पन्न

**अरवल (एनएसबी)।** श्रीकृष्ण आश्रम में माइनोरिटीज वेल्फेयर सोसाइटी के सौजन्य से आयोजित वार्षिक खतना (सुन्नत) कैंप में 105 बच्चों का सफलतापूर्वक खतना किया गया। यह कैंप लगातार 12वें वर्ष आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

कैंप में पटना के प्रसिद्ध सर्जन एवं पूर्व सांसद डॉ. एम. एजाज अली के सहयोगी डॉ. प्रमोद कुमार एवं उनकी चिकित्सकीय टीम ने आधुनिक चिकित्सा पद्धति के तहत बच्चों का सुरक्षित और सफल खतना किया। कैंप के दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के सभी आवश्यक मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। माइनोरिटीज वेल्फेयर सोसाइटी, अरवल के अध्यक्ष एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी ने बताया कि संस्था समाज सेवा के उद्देश्य से पिछले 12 वर्षों से सुन्नत कैंप का आयोजन कर रही है। इस कैंप के माध्यम से हर वर्ष बड़ी संख्या में जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज के



खतना करते चिकित्सक।

सहयोग और लोगों के विश्वास के कारण यह अभियान लगातार सफल होता आ रहा है। कैंप के सफल संचालन में आमिर निसार, राजा कुरैशी और सगीर आलम सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रहे हैं। कैंप के सफल आयोजन पर आयोजकों एवं चिकित्सा टीम को लोगों ने धन्यवाद दिया।

## खरीफ सीजन की तैयारियों पर जोर, किसानों को समय पर बीज-उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिडडु वाई भूटिया की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में खरीफ मौसम की तैयारियों, फसल आच्छादन, सिंचाई व्यवस्था, गरमा बीज वितरण, उर्वरक उपलब्धता, किसान निबंधन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि यांत्रिकीकरण, पशुपालन, उद्यान, जल संरक्षण एवं हर खेत को पानी योजना की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर किसानों को समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि खरीफ 2026-27 के लिए 243.04 क्विंटल अनुदानित बीज वितरण का लक्ष्य मिला है। अब तक 13 क्विंटल धान बीज प्राप्त हुआ, जिसमें 3 क्विंटल का वितरण बायोमेट्रिक आधारित "पहले आओ, पहले पाओ" प्रणाली से किया जा चुका है। जिले में 3988.67 मीट्रिक टन यूरिया, 915.40 मीट्रिक टन डीएपी,

**जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिडडु वाई भूटिया की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक संपन्न**

550.67 मीट्रिक टन एमओपी, 1955.47 मीट्रिक टन एनपीके मिश्रण तथा 770.80 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। बैठक में बताया गया कि 117 उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच में 26 जगह अनियमितता मिली, जिसके बाद तीन प्रतिष्ठान निलंबित और एक की अनुज्ञप्ति रद्द की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 44,467 किसानों का ई-केवाईसी तथा 42,704 किसानों का ठढउक अद्यतन हो चुका है। बैठक में अपर समाहर्त्ता (राजस्व), उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी सहित कृषि एवं संबद्ध विभागों के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने लगाया जनता दरबार सुनी लोगों की समस्याएं

**अरवल (एनएसबी)** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उपस्थित हुए।



पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सभी फरियादियों की बातों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार का उद्देश्य आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

## आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रहार था : भाजपा

**अरवल (एनएसबी)।** संविधान हत्या दिवस पर भाजपा की संगोष्ठी, आपातकाल को बताया लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रहार

भारतीय जनता पार्टी, जिला अरवल के तत्वावधान में "संविधान हत्या दिवस" के अवसर पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर अशोका होटल, अरवल के सभागार में विचार गोष्ठी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताते हुए उसके दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने की, जबकि मंच संचालन जिला मंत्री राहुल वत्स ने किया। वक्ताओं ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा संवैधानिक मूल्यों को गहरी क्षति पहुंचाई थी। उस दौर में विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और लोकतंत्र सेनानियों को जेल में डाल दिया गया तथा नागरिक अधिकारों का व्यापक हनन हुआ। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि "आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस सरकार ने सत्ता के अहंकार में संविधान की मूल भावना को कुचलने का कार्य किया था। आज की युवा पीढ़ी को उस दौर की सच्चाई जानना आवश्यक है, ताकि लोकतंत्र और संविधानसंविधान हत्या दिवस पर भाजपा की संगोष्ठी, आपातकाल को बताया लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रहार अरवल, 25 जून। भारतीय जनता पार्टी, जिला अरवल के तत्वावधान में "संविधान हत्या दिवस" के अवसर पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर अशोका होटल, अरवल के सभागार में विचार गोष्ठी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताते हुए उसके दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने की, जबकि मंच संचालन जिला मंत्री राहुल वत्स ने



संगोष्ठी में भाग लेते भाजपा कार्यकर्ता।

किया। वक्ताओं ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा संवैधानिक मूल्यों को गहरी क्षति पहुंचाई थी। उस दौर में विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और लोकतंत्र सेनानियों को जेल में डाल दिया गया तथा नागरिक अधिकारों का व्यापक हनन हुआ। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि "आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस सरकार ने सत्ता के अहंकार में संविधान की मूल भावना को कुचलने का कार्य किया था। आज की युवा पीढ़ी को उस दौर की सच्चाई जानना आवश्यक है, ताकि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के प्रति उनकी आस्था और मजबूत हो सके।" जिला महामंत्री संजीव कुमार ने कहा कि "आपातकाल केवल राजनीतिक दलों पर हमला नहीं था, बल्कि देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता और आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भी सीधा प्रहार था। भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को सदैव याद रखेगी और नई पीढ़ी तक उनके त्याग और बलिदान की गाथा पहुंचाने का कार्य करती रहेगी।"

जिला मंत्री राहुल वत्स ने कहा कि "25 जून का दिन लोकतंत्र प्रेमियों के लिए चेतावनी का दिन है। आपातकाल ने यह सिखाया कि जब सत्ता निरंकुश हो जाती है तो संविधान और नागरिक अधिकार खतरे में पड़ जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है तथा आगे भी राष्ट्रहित में कार्य करती रहेगी।" इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र विश्वकर्मा, जिला मंत्री राहुल वत्स,जिला कार्यालय मंत्री धनंजय रविदास, मंडल अध्यक्ष बजेंद्र सिंह, जितेंद्र कुशवाहा, चंदन खत्री, मंडल उपाध्यक्ष सोनू शर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबुआ प्रिंस सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा एवं संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। की रक्षा के प्रति उनकी आस्था और मजबूत हो सके।"

जिला महामंत्री संजीव कुमार ने कहा कि "आपातकाल केवल राजनीतिक दलों पर हमला नहीं था, बल्कि देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता और आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भी सीधा प्रहार था। भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को सदैव याद रखेगी और नई पीढ़ी तक उनके त्याग और बलिदान की गाथा पहुंचाने का कार्य करती रहेगी।" जिला मंत्री राहुल वत्स ने कहा कि "25 जून का दिन लोकतंत्र प्रेमियों के लिए चेतावनी का दिन है। आपातकाल ने यह सिखाया कि जब सत्ता निरंकुश हो जाती है तो संविधान और नागरिक अधिकार खतरे में पड़ जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है तथा आगे भी राष्ट्रहित में कार्य करती रहेगी।"इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र विश्वकर्मा, जिला मंत्री राहुल वत्स,जिला कार्यालय मंत्री धनंजय रविदास, मंडल अध्यक्ष बजेंद्र सिंह, जितेंद्र कुशवाहा, चंदन खत्री, मंडल उपाध्यक्ष सोनू शर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबुआ प्रिंस सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क, शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिडडु वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार के संयुक्त नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को शांति, भाईचारे एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने जिलेवासियों को मुहर्रम पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। जिला पदाधिकारी ने बताया कि पर्व को लेकर सभी आवश्यक सुरक्षा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा जुलूसों के लिए निर्धारित समय एवं मार्ग का पालन अनिवार्य किया गया है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्धारित डेसिबल से अधिक नहीं बजाने तथा डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अतिरिक्त चिकित्सा दल एवं अग्निशमन वाहन भी तैयार रहेंगे।

## मुहर्रम को लेकर फ्लैग मार्च शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का किया अपील

**कुर्था(एनएसबी)।** स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र स्थित मानिकपुर थाना के पुलिस ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मानिकपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कुर्था अंचल के राजस्व पदाधिकारी शमसुल कमल व अंचलाधिकारी निवलेश वर्मा तथा मानिकपुर थानाध्यक्ष अस्मिता उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं प्रमुख चौक- चौराहों का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करना तथा पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द का संदेश देना है।

